Follow us on: @TheDailyPioneer facebook.com/dailypioneer instagram.com/dailypioneer/

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 15 अंक 115
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 13 फरवरी 2025
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ, नगर संस्करण

Established 1865
# पायनियर
लखनऊ, नई दिल्ली और रायपुर से प्रकाशित
www.dailypioneer.com

आभ्यन्तर

राष्ट्रीय-10
भारत की मिसाइल प्रणाली दुनिया के लिए आकर्षण का केंद्र बनीः राजनाथ सिंह

# मुफ्त सुविधाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने उठाया सवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**चुनावों से** पहले राजनीतिक दलों द्वारा मुफ्त उपहार देने के वादे पर सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय विकास के लिए लोगों को मुख्यधारा में लाने के बजाय, 'क्या हम परजीवियों का एक वर्ग नहीं बना रहे हैं?' जस्टिस बीआर गवई और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि लोगों को समाज की मुख्यधारा का हिस्सा बनाना और राष्ट्रीय विकास में योगदान देना बेहतर होगा। उन्होंने पूछा, राष्ट्र के विकास में योगदान देकर उन्हें समाज की मुख्यधारा का हिस्सा बनाने के बजाय, क्या हम परजीवियों का एक वर्ग नहीं बना रहे हैं? न्यायमूर्ति गवई ने आगे कहा, दुर्भाग्यवश, चुनाव से ठीक पहले घोषित की जाने वाली इन मुफ्त योजनाओं, जैसे 'लड़की बहन' और अन्य योजनाओं के कारण लोग काम करने के लिए तैयार नहीं हैं।

शीर्ष अदालत शहरी क्षेत्रों में बेघर व्यक्तियों के आश्रय के अधिकार से संबंधित मामले की सुनवाई कर रही थी और कहा कि लोगों को बिना काम किए मुफ्त राशन और पैसा मिल रहा है। पीठ ने पूछा, हम उनके प्रति आपकी चिंता की सराहना करते हैं, लेकिन क्या यह बेहतर नहीं होगा कि उन्हें समाज की मुख्यधारा का हिस्सा बनाया जाए और राष्ट्र के विकास में योगदान करने की अनुमति दी जाए? पीठ ने सवाल किया, राष्ट्र के विकास में योगदान देकर उन्हें

## ●क्या हम परजीवियों की जमात नहीं बना रहे हैं?

समाज की मुख्यधारा का हिस्सा बनाने के बजाय, क्या हम परजीवियों का एक वर्ग नहीं बना रहे हैं? न्यायमूर्ति गवई ने कहा, दुर्भाग्यवश, चुनाव से ठीक पहले घोषित की जाने वाली इन मुफ्त की योजनाओं, जैसे लडकी बहिन और अन्य योजनाओं के कारण लोग काम करने के लिए तैयार नहीं हैं।

न्यायालय शहरी क्षेत्रों में बेघर व्यक्तियों के आश्रय के अधिकार से संबंधित मामले की सुनवाई कर रहा था। अदालत ने कहा कि लोगों को बिना काम किए मुफ्त राशन और पैसा मिल रहा है। पीठ ने पूछा, हम उनके प्रति आपकी चिंता की सराहना करते हैं, लेकिन क्या यह बेहतर नहीं होगा कि उन्हें समाज की मुख्यधारा का हिस्सा बनाया जाए और राष्ट्र के विकास में योगदान करने का मौका दिया जाए? याचिकाकर्ताओं में से एक की ओर से अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने कहा कि देश में शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति होगा जो काम न करना चाहे, यदि उसके पास काम हो। न्यायाधीश ने कहा, आपको केवल एकतरफा जानकारी है। मैं एक कृषक परिवार से आता हूं। महाराष्ट्र में चुनाव से पहले घोषित मुफ्त सुविधाओं के कारण, किसानों को मजदूर नहीं मिल रहे। हालांकि, अदालत ने कहा कि वह बहस नहीं करना चाहती।

न्यायालय ने कहा कि अटार्नी जनरल आर. वेंकटरमणी समेत सभी लोग इस बात पर एकमत हैं कि बेघर लोगों को आश्रय प्रदान करने पर उचित ध्यान दिया जाना चाहिए। पीठ ने पूछा, लेकिन साथ ही, क्या इसे संतुलित नहीं किया जाना चाहिए? वेंकटरमणि ने पीठ को बताया कि केंद्र सरकार शहरी गरीबी उन्मूलन मिशन को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में है, जिसके तहत शहरी क्षेत्रों में बेघरों के लिए आश्रय की व्यवस्था समेत विभिन्न मुद्दों का समाधान किया जाएगा। पीठ ने अटॉर्नी जनरल को केंद्र सरकार से यह पूछने का निर्देश दिया कि शहरी गरीबी उन्मूलन मिशन कितने समय में लागू किया जाएगा। पीठ ने कहा, इस बीच, अटॉर्नी जनरल से यह अनुरोध किया जाता है कि वह इस बारे में निर्देश लें कि क्या उक्त योजना के क्रियान्वयन तक भारत सरकार राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन को जारी रखेगी। पीठ ने केंद्र से अखिल भारतीय स्तर पर इस मुद्दे पर विचार करने के लिए सभी राज्यों से जानकारी एकत्र करने को कहा। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं में से एक ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि बेघरों के मुद्दे पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है, क्योंकि यह प्राथमिकता में सबसे नीचे है। याचिकाकर्ता ने जब यह दावा किया कि अधिकारियों ने केवल अमीरों के लिए दया दिखाई है, गरीबों के लिए नहीं, तो अदालत नाराज हो गई। न्यायमूर्ति गवई ने कहा, इस अदालत में (**शेष पृष्ठ 9**)

# मिलकर कदम बढ़ाएंगे मोदी और मैक्रों

**पीटीआई।** मारसेई

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने बुधवार को दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश संबंधों को बढ़ाने का आह्वान करते हुए हिंद-प्रशांत क्षेत्र और विभिन्न वैश्विक मंचों एवं पहलों में अपनी सहभागिता को और प्रगाढ़ करने की प्रतिबद्धता जताई। दोनों नेताओं ने अपनी व्यापक बातचीत के बाद यह सुनिश्चित करने के लिए ठोस कार्रवाई करने की अपनी प्रतिबद्धता को भी रेखांकित किया कि वैश्विक एआई क्षेत्र सार्वजनिक हित में लाभकारी सामाजिक, आर्थिक, पर्यावरण संबंधी परिणाम प्रदान करे। दोनों नेताओं की यहां हुई बैठक के बाद जारी एक संयुक्त बयान में कहा गया कि वार्ता में द्विपक्षीय संबंधों के संपूर्ण आयामों के साथ-साथ प्रमुख वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों को शामिल किया गया। दोनों नेताओं ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में सुधार की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया और सुरक्षा परिषद के मामलों सहित विभिन्न वैश्विक मुद्दों पर निकटता से समन्वय करने पर सहमति व्यक्त की। फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने यूएनएससी में भारत की स्थाई सदस्यता के लिए फ्रांस के दृढ़ समर्थन को दोहराया।

दोनों नेताओं ने भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी के लिए अपनी सुदृढ़ प्रतिबद्धता दोहराई और इस बात पर गौर किया कि यह पिछले 25 वर्षों में क्रमिक तरीके से एक बहुआयामी संबंध में विकसित हुई है। प्रधानमंत्री मोदी ने कल शाम फ्रांस के राष्ट्रपति के विमान में पेरिस से मारसेई के लिए उड़ान भरी थी। उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों के संपूर्ण आयाम पर और प्रमुख वैश्विक एवं क्षेत्रीय मुद्दों पर यहां चर्चा की। मारसेई में आगमन के बाद प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई। दोनों नेताओं ने रक्षा, असैन्य परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष के रणनीतिक क्षेत्रों में सहयोग की समीक्षा की। उन्होंने प्रौद्योगिकी तथा नवाचार के क्षेत्रों में सहयोग मजबूत करने के तरीकों पर भी विचार-विमर्श किया। एक बयान में कहा गया कि हाल में संपन्न एआई एक्शन समिट और 2026 में आगामी भारत-फ्रांस नवाचार वर्ष की पृष्ठभूमि में साझेदारी का यह क्षेत्र और अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। दोनों नेताओं ने व्यापार एवं निवेश संबंधों के विस्तार की भी वकालत की। (**शेष पृष्ठ 9**)



फ्रांस के मार्सिले में भारतीय वाणिज्य दूतावास के उद्घाटन के मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों।

# दो करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने लगाई महाकुंभ में डुबकी

**पायनियर समाचार सेवा।** महाकुंभ नगर

**महाकुंभ के** पांचवें स्नान पर्व माघी पूर्णिमा पर बुधवार को शाम छह बजे तक दो करोड़ से अधिक लोगों ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई। सरकार ने इस दौरान स्नान करने वाले श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा कराई। बुधवार तड़के सुबह से ही चारों दिशाओं से महिला, पुरुष, बुजुर्ग और बच्चों समेत श्रद्धालुओं का गंगा और संगम घाट की ओर आगमन जारी है। मेला प्रशासन द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, बुधवार को शाम छह बजे तक दो करोड़ से अधिक लोगों ने संगम और गंगा में स्नान किया। महाकुंभ की शुरुआत से 13 जनवरी से अभी तक 48.25 करोड़ से अधिक लोग यहां स्नान कर चुके हैं। सभी कल्पवासियों से यातायात नियमों का पालन करने और केवल अधिकृत पार्किंग का उपयोग करने का अनुरोध किया गया है।



प्रयागराज में महाकुंभ के पांचवें स्नान पर्व माघी पूर्णिमा पर बुधवार को दो करोड़ से अधिक लोगों ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई। सरकार ने इस दौरान स्नान करने वाले श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा कराई।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार सुबह चार बजे से ही लखनऊ में अपने आधिकारिक आवास में बने वार रूम से मेला क्षेत्र की निगरानी की। उनके साथ डीजीपी प्रशांत कुमार, प्रमुख सचिव (गृह) संजय प्रसाद और अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने माघी पूर्णिमा की बधाई देते हुए एक्स पर कहा, महाकुंभ में आज पवित्र त्रिवेणी में पुण्य स्नान हेतु पधारे सभी पूज्य साधु संतों, धर्माचार्यों, कल्पवासियों और श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन। भगवान श्री हरि की कृपा से सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और सौभाग्य का वास हो। मां गंगा, यमुना और सरस्वती सभी के मनोरथ पूर्ण करें, यही कामना है। इस बीच, पूर्व क्रिकेटर अनिल कुंबले ने आम श्रद्धालुओं की तरह अपनी पत्नी चेतना रामतीर्थ के साथ संगम में स्नान किया। बिना वीआईपी प्रोटोकॉल के वह पत्नी के साथ नाव पर संगम गए और स्नान के साथ ही सूर्यदेव को (**शेष पृष्ठ 9**)

## यूपीएससी ने ऑनलाइन परीक्षा पंजीकरण प्रणाली को अपडेट किया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**एक आधिकारिक** नोटिस के अनुसार, संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए अपनी ऑनलाइन आवेदन प्रणाली में कुछ बदलाव किए हैं, क्योंकि उम्मीदवारों ने इसके माध्यम से आवेदन करते समय तकनीकी गड़बड़ियों की शिकायत की थी। आयोग ने हाल ही में सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 18 फरवरी तक बढ़ा दी थी। यूपीएससी ने नोटिस में कहा कि ऑनलाइन आवेदन भरने के लिए एक बार के पंजीकरण में कुछ प्रविष्टियों को 'संपादन योग्य' बनाया गया है।आयोग ने कहा, 'सिविल सेवा परीक्षा, 2025 के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने में उम्मीदवारों द्वारा उठाए गए प्रश्नों/कठिनाइयों को देखते हुए, ऑनलाइन आवेदन भरने के लिए एकमुश्त पंजीकरण (ओटीआर) में निम्नलिखित परिवर्तन करने का निर्णय लिया है।' आयोग ने नोटिस में कहा है कि अभ्यर्थियों को ओटीआर प्रोफाइल में नाम (दसवीं कक्षा के अनुसार), जन्म तिथि, पिता का नाम, माता का नाम, मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी से संबंधित कॉलम में कोई भी बदलाव करने की अनुमति नहीं है। यदि किसी अभ्यर्थी ने अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर तक पहुंच खो दी है, लेकिन उसके पास अपने पंजीकृत ईमेल आईडी तक पहुंच है, तो वह मोबाइल नंबर में बदलाव के लिए आवेदन कर सकता है और इस मामले में, पंजीकृत ईमेल आईडी पर एक ओटीपी भेजा जाएगा। नोटिस में कहा गया है कि यदि किसी उम्मीदवार ने अपनी पंजीकृत ईमेल आईडी तक पहुंच खो दी है, लेकिन उसके पास अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर तक पहुंच है, तो वह ईमेल आईडी में बदलाव के लिए आवेदन कर सकता है और इस मामले में, पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एक ओटीपी भेजा जाएगा। हालांकि, यदि कोई उम्मीदवार रिपोर्ट करता है कि उसने अपने पंजीकृत मोबाइल के साथ-साथ पंजीकृत ईमेल आईडी तक पहुंच खो दी है, तो उम्मीदवार को मैट्रिकुलेशन प्रमाण पत्र, आधार कार्ड या पैन कार्ड या पासपोर्ट या ड्राइविंग लाइसेंस, हाल ही में पासपोर्ट आकार की तस्वीर और(**शेष पृष्ठ 9**)

# सिख विरोधी दंगे : सज्जन कुमार हत्या मामले में दोषी ठहराए गए

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली की** एक अदालत ने कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार को सिख विरोधी दंगों के दौरान सरस्वती विहार इलाके में दो लोगों की हत्या के मामले में बुधवार को दोषी करार दिया। हत्या का दोषी करार दिए जाने के बाद कुमार को अब अधिकतम मृत्युदंड या कम से कम आजीवन कारावास की सजा हो सकती है। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने दोषसिद्धि का आदेश पारित किया और सजा पर बहस की तारीख 18 फरवरी तय की। न्यायाधीश ने कहा, आरोपी को दोषी ठहराया जाता है... अगली सुनवाई के दौरान सजा पर फैसला दिया जाएगा। अदालत के विस्तृत आदेश का इंतजार है। सजा सुनाए जाने के लिए कुमार को तिहाड़ जेल से अदालत में पेश किया गया। मामला। नवंबर 1984 को जसवंत सिंह और उनके बेटे तरुणदीप सिंह की हत्या से संबंधित है। पंजाबी बाग थाने ने शुरू में मामला दर्ज किया था, लेकिन बाद में एक विशेष जांच दल (एसआईटी) ने जांच का जिम्मा संभाला था।

इस मामले में 16 दिसंबर, 2021 को अदालत ने कुमार के खिलाफ आरोप तय किए थे और उनके खिलाफ प्रथम दृष्टया मामला सही पाया था। अभियोजन पक्ष के अनुसार, पूर्व



पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार बुधवार को नई दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश होने के लिए जाते हुए। पीटीआई

प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद, घातक हथियारों से लैस भीड़ ने बड़े पैमाने पर लूटपाट एवं आगजनी की थी और सिख समुदाय के लोगों की संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया था। इस मामले में जसवंत सिंह की पत्नी ने शिकायत दर्ज कराई थी। अभियोजन पक्ष के अनुसार भीड़ ने घर में घुसकर सिंह एवं उनके बेटे की हत्या कर दी थी और सामान लूटकर घर को आग के हवाले कर दिया था। कुमार पर मुकदमा चलाते हुए अदालत ने कहा था कि प्रथम दृष्टया यह मानने के लिए पर्याप्त सबूत हैं कि वह न केवल एक भागीदार थे, बल्कि उन्होंने भीड़ का नेतृत्व भी किया था। हिंसा और उसके बाद की घटनाओं की जांच के लिए गठित नानावटी आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, दंगों के संबंध में दिल्ली में 587 प्राथमिकी दर्ज की गई थीं। दंगों में 2733 लोगों की हत्या हुई थी।

रिपोर्ट के अनुसार, सुराग नहीं लगने पर लगभग 240 प्राथमिकी को पुलिस ने बंद कर दिया और 250 मामलों में लोगों को बरी कर दिया गया। 587 प्राथमिकी में से केवल 28 मामलों में ही दोषसिद्धि हुई, जिसमें लगभग 400 लोगों को दोषी ठहराया गया। कुमार सहित लगभग 50 लोगों को हत्या के लिए दोषी ठहराया गया। दंगों के समय कांग्रेस के प्रभावशाली नेता और सांसद रहे कुमार पर एक और दो नवंबर 1984 को दिल्ली की पालम कॉलोनी में पांच लोगों की हत्या के (**शेष पृष्ठ 9**)

## केरल में रैगिंग के आरोप में पांच छात्र गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** कोट्टायम

**केरल के कोट्टायम** स्थित सरकारी नर्सिंग कॉलेज में प्रथम वर्ष के छात्रों की रैगिंग करने के आरोप में तृतीय वर्ष के पांच छात्रों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि संस्थान में करीब तीन महीने से जारी रैगिंग से तंग आकर प्रथम वर्ष के तीन छात्रों ने शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया। शिकायत के अनुसार, रैगिंग पिछले साल नवंबर में शुरू हुई थी। कॉलेज प्रशासन ने बताया कि आरोपी छात्रों को निलंबित कर दिया गया है। उसने बताया कि रैगिंग-रोधी कानून के तहत की गई जांच के बाद यह कार्रवाई की गई।गिरफ्तार छात्रों की पहचान सैमुअल जॉनसन (20), राहुल राज (22), जीव (18), रिजिल जीत (20) और विवेक (21) के रूप में हुई है। शिकायत में छात्रों ने आरोप लगाया कि उन्हें नग्न अवस्था में खड़े रहने के लिए मजबूर किया गया और भारोत्तोलन के लिए बने डंबल का इस्तेमाल कर उनके साथ क्रूर व्यवहार किया गया। अन्य आरोपों में नुकीली वस्तुओं का इस्तेमाल कर उन्हें घायल करना और घावों पर लोशन लगाना शामिल है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि वरिष्ठ छात्र शराब खरीदने के लिए नियमित रूप से कनिष्ठ छात्रों से पैसे ऐंठते थे और अक्सर उनके साथ मारपीट करते थे। शिकायत के अनुसार आरोपियों ने 16 नवंबर को प्रथम वर्ष के एक छात्र को यूपीआई के माध्यम से 300 रुपए ट्रांसफर करने और धमकी देकर 500 रुपए नकद देने के लिए मजबूर किया। पुलिस ने खुलासा किया कि पैसे का इस्तेमाल शराब खरीदने के लिए किया गया था। तेरह दिसंबर को, प्रथम वर्ष के एक छात्र को अत्यधिक शारीरिक यातना सहनी पड़ी। उस रात, आरोपी उसके कमरे में घुस गए, कथित तौर पर उसके हाथ-पैर बांध दिए और यातनाएं दीं। उन्होंने कमरे में मौजूद प्रथम वर्ष के एक अन्य छात्र को मोबाइल फोन पर घटना को रिकॉर्ड करने को मजबूर किया। शिकायत के अनुसार, प्रताड़ना को और अधिक सहन न कर पाने के कारण तीन छात्रों ने आखिरकार कोट्टायम गांधीनगर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।


## नहीं रहे राम मंदिर के मुख्य पुजारी

**बिस्वजीत बनर्जी।** लखनऊ

**अयोध्या ने** आज एक प्रतिष्ठित व्यक्ति को खो दिया, जब श्री राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने लखनऊ के एसजीपीजीआई में अंतिम सांस ली। इस महीने की शुरुआत में स्ट्रोक आने के बाद से वह स्वास्थ्य संबंधी जटिलताओं से जूझ रहे थे। गहन देखभाल के बावजूद, डॉक्टर उसे बचाने में असमर्थ रहे। उनके निधन से अयोध्या में शोक की लहर छा गई है, जहां वे 1993 से मुख्य पुजारी के रूप में कार्यरत थे। दशकों से वे भक्ति के प्रतीक बन गए थे तथा बाबरी मस्जिद के विध्वंस से लेकर भव्य नए मंदिर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा तक की लंबी और उतार-चढ़ाव भरी यात्रा के साक्षी रहे।

लगभग तीन दशकों तक, आचार्य सत्येन्द्र दास ने देवता के लिए दैनिक अनुष्ठान सम्पन्न किये, पहले एक अस्थायी तम्बू के नीचे और बाद में अस्थायी मंदिर में। राजनीतिक तूफानों, अदालती लड़ाइयों और अंततः मंदिर के निर्माण के दौरान भी उनका समर्पण अडिग रहा। जब अंततः रामलला की मूर्ति को उसके भव्य गर्भगृह में प्रतिष्ठित किया गया, तो यह उस यात्रा की परिणति थी जिसका वह शुरू से ही हिस्सा रहे थे। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय सहित अन्य मंदिर पदाधिकारियों ने गहरा दुख व्यक्त किया। राय ने कहा, 'मंदिर की आध्यात्मिक नींव में उनका योगदान अतुलनीय है। उन्होंने अपना जीवन रामलला को समर्पित कर दिया और उनकी अनुपस्थिति को बहुत महसूस किया जाएगा।'

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, जो उनके निधन से कुछ दिन पहले अस्पताल में उनसे मिलने गए थे, ने उनके निधन को आध्यात्मिक



आचार्य सत्येंद्र दास की फाइल फोटो

जगत के लिए अपूरणीय क्षति कहा। धार्मिक नेताओं, भक्तों और मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों ने मंदिर की परंपराओं और अनुष्ठानों को संरक्षित करने में अपनी भूमिका को स्वीकार करते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। आचार्य सत्येंद्र दास की यात्रा – एक तम्बू के नीचे स्थित देवता के सामने प्रार्थना करने से लेकर भारत के सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों में से एक के पूरा होने का गवाह बनने तक – हमेशा राम जन्मभूमि के इतिहास का हिस्सा बनी रहेगी। हालाँकि, उनकी विरासत उस मंदिर में जीवित रहेगी जिसकी उन्होंने निष्ठापूर्वक सेवा की थी। आचार्य सत्येन्द्र दास का जीवन मंदिर के ऐतिहासिक परिवर्तन से गहराई से जुड़ा हुआ था, जो एक अस्थायी संरचना से एक भव्य मंदिर में तब्दील हो गया। तीन दशकों से अधिक समय तक, वह रामलला के अनुष्ठानों के संरक्षक के रूप में खड़े रहे तथा अयोध्या के सबसे महत्वपूर्ण वर्षों में पूजा-अर्चना की। उनकी यात्रा सिर्फ भक्ति की यात्रा नहीं थी बल्कि उनकी आंखों के सामने इतिहास घटित होने की यात्रा भी थी। उनके निधन से एक युग का अंत हो गया, लेकिन श्री राम के प्रति उनकी अटूट आस्था और सेवा आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी।

# जम्मू विस्फोटः शहीदों के घर चल रही थी शादी की तैयारी

**मोहित कंधारी।** जम्मू

मंगलवार को जम्मू संभाग के अखनूर सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) विस्फोट में शहीद हुए 9 पंजाब के कैप्टन करमजीत सिंह बख्शी और नायक मुकेश सिंह मन्हास दोनों सगाई कर चुके थे और अप्रैल 2025 में शादी के बंधन में बंधने का इंतजार कर रहे थे।बुधवार को जब इन दोनों बहादुरों के पार्थिव शरीर अंतिम संस्कार के लिए उनके गृहनगर हजारीबाग, झारखंड और सांबा भेजे गए तो सैनिकों के परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। दोनों ही स्थानों पर चल रहे नवीकरण कार्य के स्पष्ट संकेत दिखाई दे रहे थे, क्योंकि उनके परिवार विवाह समारोहों के लिए उत्सुकता से इंतजार कर रहे थे।

जम्मू स्थित वायुसेना स्टेशन पर एक भव्य पुष्पांजलि समारोह का आयोजन किया गया, जहां नगरोटा स्थित व्हाइट नाइट कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल नवीन सचदेवा ने कई अन्य वरिष्ठ पुलिस और सिविल अधिकारियों के साथ श्रद्धांजलि अर्पित की। झारखंड के हजारीबाग के रहने वाले कैप्टन बख्शी हाल ही में 5 अप्रैल को होने वाली शादी की तैयारियों का जायजा लेने के लिए अपने घर आए थे। हाल ही में आर्मी वॉर कॉलेज, महू में उन्नत प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में भाग लेने वाले उनके एक सहपाठी ने कैप्टन बख्शी को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि वह अपने कर्तव्य के प्रति बहुत भावुक थे। वह एक साहसी अधिकारी थे और हमेशा आगे रहकर नेतृत्व करते थे। हम सभी उनके विवाह समारोह में शामिल होने के लिए उत्सुक थे और अब हमें उनकी मधुर स्मृति



कैप्टन करमजीत सिंह बख्शी की फाइल फोटो

में प्रार्थना सभा में शामिल होना है। कैप्टन बख्शी के एक करीबी रिश्तेदार ने बताया कि उनका परिवार हजारीबाग में एक रेस्तरां चलाता है। अपने पारिवारिक हलकों में प्यार



नायक मुकेश सिंह मन्हास की फाइल फोटो

से पुनीत के नाम से मशहूर कैप्टन बख्शी ने हाल ही में फरवरी 2025 के पहले सप्ताह में अपनी ड्यूटी फिर से संभाली थी। कैप्टन बख्शी के पिता अजिंदर सिंह बख्शी और मां नीलू बख्शी अपने सबसे बड़े बेटे को खोकर सदमे में आ गए। पूरा हजारीबाग समुदाय अपने वीर सपूत की शहादत पर शोक मना रहा है। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को जम्मू में आईईडी विस्फोट में कैप्टन करमजीत सिंह बख्शी और एक सेना जवान की मौत पर शोक व्यक्त किया। राज्य भाजपा प्रमुख बाबूलाल मरांडी ने भी सैन्यकर्मियों की मौत पर दुख व्यक्त किया। सोरेन ने एक्स पर लिखा, जम्मू के अखनूर में तलाशी अभियान के दौरान झारखंड के कैप्टन करमजीत सिंह बख्शी और एक अन्य सेना जवान की शहादत की दुखद खबर मिली। मारंग बुरु शहीद जवानों की आत्मा को शांति प्रदान करें और शोक संतप्त परिवारों को दुख की इस कठिन घड़ी को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। इस बीच, सांबा में नायक मुकेश सिंह मन्हास के आवास पर एक धार्मिक समारोह चल रहा था, तभी सेना के अधिकारी उनके पास पहुंचे और अखनूर सेक्टर में हुए आईईडी विस्फोट तथा इसमें उनके बेटे के घायल होने की जानकारी दी। नायक मुकेश सिंह मन्हास अपनी अंगूठी समारोह के लिए दो सप्ताह की छुट्टी के बाद 28 जनवरी को अखनूर सेक्टर में अपनी सेना इकाई में लौट आए। वह भी विवाह बंधन में बंधने से पहले अपना घर बना रहे थे। नायक मुकेश सिंह देशभक्त परिवार से आते हैं। उनके पिता चगतार सिंह जम्मू-कश्मीर पुलिस में सेवारत थे, जबकि उनके छोटे भाई वर्तमान में भारतीय सेना में सेवारत हैं। नायक मुकेश सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पूर्व सरपंच मुख्तियार सिंह ने उन्हें एक उत्साही क्रिकेटर, प्रेरक और जरूरतमंदों की मदद के लिए (**शेष पृष्ठ 9**)

# कर्म को महत्व देकर ही हम विकसित भारत की कल्पना को कर सकते हैं साकारः योगी

● सतगुरु रविदास की 648वीं जयंती पर कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहाकि सतगुरु रविदास जी महाराज ने कर्म की साधना से सिद्धि की पराकाष्ठा को छूआ था। उन्होंने कर्म को महत्व दिया। कर्म की साधना के बारे में हमारे शास्त्र भी लगातार प्रेरणा देते हैं। श्रीमद्भगवत गीता भी कहती है कि कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन, कर्म प्रधान विश्व करि राखा, जो जस करहि सो तस फल चाखा यानी जो जैसा करेगा, वैसे ही फल प्राप्त करेगा। इसलिए कर्म को महत्व दें। कर्म को महत्व देकर ही हम विकसित भारत की कल्पना को साकार कर सकते हैं। पीएम मोदी ने पिछले 11 वर्ष से कर्म साधना को महत्व देकर भारत को दुनिया के अग्रणी देशों की पंक्ति में लाकर खड़ा कर दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संत शिरोमणि सतगुरु रविदास जी महाराज की 648वीं जयंती पर रविदास मंदिर, जाफरखेड़ा, कानपुर रोड पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। सीएम ने यहां उनकी प्रतिमा पर पुष्पार्चन भी किया। सीएम ने बताया कि संत रविदास से उनके संत मित्र ने काशी में कहा कि चलो, गंगा स्नान करके आते हैं, जिस पर उन्होंने कहा कि मेरे पास जूता सिलने का काम अधिक है, इसे निपटाने के बाद ही जा पाऊंगा। मेरी तरफ से एक आना मां गंगा को भेंट कर देना। सहयोगी संत ने जाकर स्नान किया, फिर पूजा कर अपनी तरफ से भेंट चढ़ाया। उन्हें याद आया कि रविदास ने भी भेंट दिया है। उन्होंने रविदास का आना जैसे ही मां गंगा को भेंट किया, मां ने हाथ उठाकर पकड़ लिया। यह देख संत भौचक रह गए। उन्होंने कहा कि मेरी भेंट को मां गंगा ने नहीं स्वीकारा, लेकिन रविदास का स्वीकार कर लिया। उन्होंने वापस आकर संत रविदास से पूछा कि यह कैसे हुआ, तब संत रविदास ने कहा कि मन चंगा तो कठौती में गंगा। यानी मन की शुद्धि आत्मिक शुद्धि का आधार है। आत्मिक शुद्धि है तो दुनिया की सभी सिद्धियां पास स्वत: आती दिखाई देती हैं। संत रविदास ने आत्मिक शुद्धि पर ध्यान दिया और इसके लिए कर्म की साधना को महत्व दिया। योगी ने कहा कि पीएम मोदी के विजन के अनुरूप डबल इंजन की भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने सद्गुरु रविदास महाराज की जन्मभूमि काशी के सीर गोवर्धन को भव्य स्वरूप दे दिया। यात्री विश्रामालय बना दिया, सतगुरु भगवान रविदास की भव्य प्रतिमा रखी गई, पार्क का निर्माण कराया गया, फोरलेन कनेक्टिविटी दी गई। 2017 के पहले यहां सिंगल लेन की सड़क थी।

# वॉर रूम से सीएम योगी ने की माघ पूर्णिमा के स्नान पर्व पर सघन निगरानी, देते रहे दिशा-निर्देश

● मुख्यमंत्री के साथ डीजीपी, प्रमुख सचिव गृह और सीएम सचिवालय के अधिकारी भी वॉर रूम में रहे उपस्थित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने माघ पूर्णिमा के पावन स्नान पर्व के अवसर पर प्रयागराज में व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए प्रात: 4 बजे से ही अपने सरकारी आवास 5 कालिदास मार्ग स्थित वॉर रूम में बैठक की। वॉर रूम में वह डीजीपी, प्रमुख सचिव गृह और मुख्यमंत्री सचिवालय के अधिकारियों के साथ लगातार टीवी पर अपडेट लेते रहे और आवश्यक दिशा निर्देश भी देते रहे। इससे पूर्व सीएम योगी ने बसंत पंचमी अमृत स्नान के अवसर पर भी प्रात: साढ़े 3 बजे से वॉर रूम में अधिकारियों के साथ बैठक की थी और मॉनिटरिंग करते रहे थे।

मुख्यमंत्री ने माघ पूर्णिमा स्नान पर्व के इस महत्वपूर्ण आयोजन की सुरक्षा और व्यवस्था के संदर्भ में पूरी स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि स्नान के दौरान किसी भी प्रकार की कोई भी असुविधा न हो और सभी श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा प्रदान की जाए। वह टीवी पर महाकुम्भ नगर समेत समस्त प्रयागराज में श्रद्धालुओं की भीड़, प्रशासनिक व्यवस्थाओं और सुविधाओं की लाइव फीड देखते रहे।

योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे स्नान स्थल पर पूरी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करें और श्रद्धालुओं के लिए सभी आवश्यक इंतजाम करें। साथ ही, उन्होंने आस्था के इस महान पर्व पर प्रशासन की तत्परता को बढ़ाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से सुरक्षा व्यवस्था और यातायात प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित किया, ताकि करोड़ों श्रद्धालुओं को बिना किसी समस्या के त्रिवेणी संगम में स्नान का लाभ मिल सके।

# निवेश की संभावना तलाशने जापान से यूपी आएंगे करीब ढाई सौ सीईओ

● सीएम योगी से मिले जापान के यामानासी प्रांत के उप राज्यपाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**जापान** के यामानासी प्रांत के उप राज्यपाल को ओसादा ने बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट की। सीएम योगी व यामानासी प्रांत के उप राज्यपाल को ओसादा के मध्य उत्तर प्रदेश में निवेश की संभावनाओं समेत चार बिंदुओं को लेकर चर्चा हुई। को-ओसादा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में निवेश की संभावना तलाशने जापान से करीब 250 सीईओ उत्तर प्रदेश आएंगे। सुदृढ़ कानून व्यवस्था, सुशासन के बलबूते आर्थिक प्रगति पर तेजी से बढ़ रहे उत्तर प्रदेश में जापान का प्रतिनिधिमंडल निवेश की संभावनाओं को देखेगा। इससे उत्तर प्रदेश के युवाओं को रोजगार में भी काफी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के साथ मैत्रीपूर्ण संबंधों को मजबूत करने के लिए वे हरसंभव प्रयास करेंगे। सीएम व उप राज्यपाल के मध्य हुई वार्ता में ग्रीन हाइड्रोजन पर विशेष रूप से चर्चा हुई। इसमें बताया गया कि ग्रीन हाइड्रोजन को लेकर उत्तर प्रदेश व यामानासी प्रीफेक्चर के मध्य समझौता होगा और यहां सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किया जाएगा। इसमें जापानी तकनीक का उपयोग होगा। अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन कराने पर भी चर्चा हुई, जिसमें दुनिया भर के हाइड्रोजन प्रौद्योगिकी व इसके उपयोग में रूचि रखने वाले प्रतिनिधि भी उपस्थिति रहेंगे। हरित हाइड्रोजन प्रौद्योगिकी में यामानासी विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश के छात्रों को औद्योगिक प्रौद्योगिकी का अध्ययन करने का अवसर प्रदान करेगा। को-ओसादा ने बताया कि उत्तर प्रदेश पर्यटन के दृष्टि से असीमित संभावनाओं वाला राज्य है। यहां बौद्ध धर्म से जुड़े पर्यटन स्थलों पर जापानी पर्यटन गतिविधियों को बढ़ाने के लिए बुद्धिस्ट सर्किट की भूमिका काफी अहम है। जापान से अधिकांश श्रद्धालु व आमजन यहां बुद्धिस्ट सर्किट के अंतर्गत गौतम बुद्ध से जुड़ी जगहों (सारनाथ, कुशीनगर, श्रावस्ती आदि) पर आना चाहते हैं। यामानासी प्रांत के लोगों को बुद्धिस्ट सर्किट आने के लिए प्रोत्साहित भी किया जाएगा। सीएम योगी आदित्यनाथ व को ओसादा के मध्य यूपी के युवाओं के लिए जापान व यामानासी प्रांत में रोजगार की संभावनाओं पर भी चर्चा हुई। साथ ही जापानी भाषा का ज्ञान व अन्य ट्रेड के विषय में भी बात हुई और यह तय हुआ कि युवाओं को विभिन्न ट्रेंड्स में कौशल प्रशिक्षण कराकर वहां भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि अध्ययन करने के लिए आने वाले छात्रों को यामानासी प्रीफेक्चर छात्रवृत्ति भी प्रदान करेगा।

# प्रदेश सरकार बागपत में बनाएगी औद्योगिक कॉरिडोरः मुख्यमंत्री

● 351 करोड़ रुपए की 281 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया

## योगी ने बागपत में किसान मसीहा चौधरी अजित सिंह की प्रतिमा का किया अनावरण

पायनियर समाचार सेवा। बागपत/ लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने बुदधवार को बागपत के श्री विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, छपरौली में किसान मसीहा चौधरी अजित सिंह की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान सीएम योगी ने बागपत जिले में 351 करोड़ रुपये की 281 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास किया। सीएम योगी ने कहा कि सरकार बागपत के औद्योगिक विकास के लिए दिल्ली-बागपत-देहरादून एक्सप्रेसवे में बागपत के पास एक इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के निर्माण का निर्णय लिया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसान नेता चौधरी अजित सिंह को श्रदांजलि दी। उन्होंने कहा कि आज माघ पूर्णिमा है संत शिरोमणि सद्गुरु रविदास जी महाराज की पावन जयंती और अपने पूज्य पिता की विरासत के लिए दुनिया के प्रतिष्ठित पैकेज को छोड़कर मातृभूमि की सेवा के लिए अपने आप को समर्पित करने वाले पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजित सिंह जी की भी पावन जयंती का कार्यक्रम है, उनकी पावन जयंती के अवसर पर आज हमें यहां पर चौधरी साहब की इस पावन भव्य प्रतिमा के लोकार्पण का अवसर प्राप्त हुआ मैं इस अवसर पर उनकी स्मृतियों को नमन करते हुए प्रदेश सरकार और उत्तर प्रदेश वासियों की ओर से उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। सीएम योगी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजित सिंह को भी याद किया। उन्होंने कहा कि चौधरी अजित सिंह किसानों के लिए संघर्षशील नेता थे और उनकी नीतियां किसानों के हित में थीं। प्रदेश सरकार किसानों की बेहतरी के लिए चौधरी अजित सिंह के विचारों को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार किसानों के हित में कई ऐतिहासिक निर्णय ले रही है। उन्होंने बताया कि पिछले आठ वर्षों में गन्ना किसानों को 2.72 लाख करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया गया है, जो कि अपने आप में एक रिकॉर्ड है। इसके अलावा, गन्ना किसानों की सहूलियत के लिए रमाला चीनी मिल को पुनर्जीवित किया जा रहा है और इसे एक आधुनिक ऊर्जा उत्पादन केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस परियोजना से स्थानीय किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य मिलेगा और उनकी आय में वृद्धि होगी। सीएम योगी ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में किसानों के उत्थान के लिए ईमानदारी से कार्य किया जा रहा है। सरकार की प्राथमिकता किसानों की आमदनी को दोगुना करना है।

पायनियर वर्गीकृत

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र अयांश सिंह का नाम उसके जन्म प्रमाण पत्र में त्रुटि वश अयांश दर्ज हो गया है जबकि उसका सही नाम अयांश सिंह है भविष्य में मेरे पुत्र को अयांश सिंह के नाम से जाना व पहचाना जाए। सुनील कुमार रावत पुत्र स्व० छेदा लाल निवासी-ग्राम अकबरपुर पोस्ट-भिलवल, जिला-बाराबंकी, उ०प्र०

## सूचना

मैने अपना नाम नितेश अग्रवाल से बदलकर नितेश कुमार अग्रवाल कर लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए, नितेश कुमार अग्रवाल पुत्र श्री घनश्याम दास अग्रवाल नि0 128/170 के ब्लॉक, किदवई नगर कानपुर 208011

## सूचना

सूचित किया जाता है कि प्राथी अवधेश कुमार शुक्ला पुत्र स्वर्गी श्याम सुन्दर शुक्ला निवासी 16631/331 तुलसी नगर सुरेन्द्रर नगर लखनऊ, की रजिस्ट्री की मूल प्रति पता 566/458-A जय प्रकाश नगर आलमबाग लखनऊ (खसरा नंबर – 690). खो गई है। जो रजिस्ट्री स्वर्गीय श्याम सुंदर शुक्ला के नाम थी।

## सूचना

### सार्वजनिक सूचना

सूमिटोमो मितसूई फॉईनेन्सियल ग्रुप, इण्डिया क्रेडिट कम्पनी लि०, लखनऊ (एस०एम०एफ०जी०) के निर्देश के तहत, सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रज्जन सिंह यादव, जो कि भूखण्ड खसरा सं० 813, रकबा 134.758 वर्गमीटर, स्थित-औरंगाबाद जागीर, वार्ड- राजा बिजली पासी, तहसील- सरोजनी नगर, जिला- लखनऊ के पूर्णतया स्वामी है जिसे अशोक मिश्रा बहैसियत मुख्तारेआम सोनू गुप्ता, कौशल किशोर गुप्ता, राम किशोर गुप्ता, जुगल किशोर, सुरेश चन्द्रा, राजेन्द्र कुमार उर्फ ज्ञानेन्द्र कुमार गुप्ता व जितेन्द्र कुमार से विक्रय विलेख के माध्यम से दिनांकित 20.11.2018 को क्रय किया था जो कार्यालय उप निबन्धक सरोजनी नगर, लखनऊ में कमांक सं0 11799, बही सं० 1, जिल्द सं० 816, पृष्ठ 45 से 78 पर पंजीकृत है एवं जो कि भूखण्ड खसरा सं० 813, रकबा 190.520 वर्गमीटर, स्थित- औरंगाबाद जागीर, वार्ड- राजा बिजली पासी, तहसील सरोजनी नगर, जिला-लखनऊ के पूर्णतया स्वामी है जिसे सोनू गुप्ता, लक्ष्मी कांत, संतोष कुमार, कौशल किशोर गुप्ता, राम किशोर गुप्ता, जुगल किशोर, सुरेश चन्द्रा, राजेन्द्र कुमार उर्फ ज्ञानेन्द्र कुमार गुप्ता व जितेन्द्र कुमार द्वारा मुख्तारेआम श्री राज बहादुर से विक्रय विलेख के माध्यम से दिनांकित 11.08.2015 को क्रय किया था जो कार्यालय उप-निबन्धक प्रथम, लखनऊ में क्रमांक सं0 15575, बही सं० 1, जिल्द सं० 19398, पृष्ठ 379 से 398 पर पंजीकृत है। जैसा कि श्री रज्जन सिंह यादव उपरोक्त सम्पत्ति के एवज् में सूमिटोमो मितसूई फॉईनेन्सियल ग्रुप, इण्डिया क्रेडिट कम्पनी लि०, लखनऊ (एस०एम०एफ०जी०) से ऋण लेना चाहती है। अत: किसी भी व्यक्ति को इस सम्पत्ति में किसी भी पूर्व अधिकार या ब्याज का दावा करने या किसी भी तरह से दावा करने या किसी व्यक्ति / बैंक /निगम / वित्तीय को उपरोक्त विलेख जमा करके ऋण उठाया है तो सार्वजनिक सूचना की तारीख से 5 दिनों के भीतर लिखित आपत्ति दे सकता है। इस नोटिस की अवधि समाप्त होने के बाद, किसी भी दावे पर विचार नही किया जाएगा और इस तरह के दावे का कानून की नजर में कोई मूल्य नहीं होगा, यह भी माना जाएगा कि सूमिटोमो मितसूई फॉईनेन्सियल ग्रुप, इण्डिया केडिट कम्पनी लि०, लखनऊ (एस०एम०एफ०जी०) के साथ उपरोक्त सम्पत्ति को गिरवी रखने के लिए किसी को कोई आपत्ति नहीं है। विवेक श्रीवास्तव (एडवोकेट) कार्यालय/निवासी- 3/40, वास्तु खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010, फोन: 9839485155

# मनरेगा से ग्रामीण परिवार की आर्थिक स्थिति भी बेहतर हो रहीः उपमुख्यमंत्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उप** मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्राम्य विकास विभाग द्वारा कि ग्रामीण परिवेश में रह रहे परिवारों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए एवं उनकी आजीविका संसाधनों में वृद्धि के लिए हर वो प्रयास किये जा रहे हैं, जिससे उनके जीवन को आसान बनाया जा सके। मनरेगा एक महत्वाकांक्षी योजना है, इसके अंतर्गत व्यक्तिगत लाभार्थीपरक कार्यों का लाभ लेकर ग्रामीण परिवार अपनी आर्थिक स्थिति भी बेहतर कर रहे हैं।

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना 'मनरेगा' ग्रामीण क्षेत्रों में निवास कर रहे लोगों को उनके गांव में ही रोजगार देने का कार्य तो कर ही रही है, साथ ही योजना के तहत अपना जीवन स्तर सुधारने के इच्छुक लोगों को विभिन्न व्यक्तिगत लाभार्थीपरक कार्यों का लाभ देकर उनके जीवन स्तर में सुधार लाने की कोशिश की जा रही है। ग्रामीण परिवारों के आजीविका संसाधनों में वृद्धि हेतु सरकार हर मुमकिन प्रयास कर रही है। मनरेगा योजना के अंतर्गत व्यक्तिगत लाभार्थीपरक कार्य खेत तालाब का निर्माण कराकर किसानों की आजीविका में संवर्धन का कार्य किया जा रहा है। बीते 02 वर्षों में 13 हजार से ज्यादा खेत तालाब का निर्माण कार्य पूर्ण कर किसानों की आजीविका में संवर्धन करने का कार्य किया गया है। मनरेगा योजना के अंतर्गत बीते वर्ष 2023.24 में 5509 खेत तालाब के निर्माण कार्य पूरे किये गये थे, जबकि वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024.25 में अब तक 7736 खेत तालाब के निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुके हैं। खेत तालाब के माध्यम से मत्य पालन व अन्य संबंधित व्यवसाय कर किसानों की आजीविका का उपार्जन किया जा सकता है। खेत तालाब में संरक्षित जल द्वारा कम से कम संसाधन से खेतों में बेहतर सिंचाई की व्यवस्था भी की जा सकती है। इससे किसानों का खेत में कम व्यय के साथ ही समय की भी बचत होती है। खेत तालाब में सिंघाड़ा की फसल को कम से लागत से उत्पादन कर व्यवसाय का साधन बनाया जा सकता है जिससे किसानों की आय में भी वृद्धि होगी। खेत तालाब के माध्यम से वर्षा जल का संरक्षण होता है, जिससे उस क्षेत्र का भूमिगत जलस्तर का संतुलन बना रहता है। सूखे व गर्मी के मौसम में सिंचाई हेतु व पीने योग्य पानी की समस्या से भी निजात मिल सकती है। सरकार द्वारा खेत तालाब निर्माण प्रोत्साहना हेतु सब्सिडी एवं इसके साथ बोरिंग, मत्स्य पालन, सिंचाई, फसल इत्यादि हेतु सब्सिडी व अन्य बैकिंग सुविधाओं का लाभ दिया जाने का प्राविधान है।

## सरकार की हर योजना में सन्त रविदास की भावनाएं शामिल

**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने संत रविदास की जयंती पर देश और प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने कैम्प कार्यालय पर सन्त रविदास के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए भावपूर्ण व आत्मिक श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा हर योजना में सन्त रविदास की भावनाओं को समाहित करते हुये मूर्तरूप दिया जा रहा है। संत रविदास का पूरा जीवन ही एक संदेश है। संत रविदास के का जीवन दर्शन आज भी पूरी तरह से प्रासंगिक है। हम सबको उनके जीवन से आदर्शों से प्रेरणा लेनी चाहिए। वह सामाजिक समरसता व समानता के पोषक थे। इस अवसर पर उन्होंने रविदास की समाजोत्थान के प्रति समर्पित पंक्तियां दोहरायी। रविदास जाति प्रथा के उन्मूलन में प्रयास करने के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने केंद्र एवं प्रदेश की प्रत्येक योजनाओं का लाभ, गरीब, मजदूर, महिला, किसान एवं नौजवानों को देने का काम किया है। गांव-गरीब के विकास के लिए पिछले कई सालों में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं, जिसमें हर गरीब को पक्का मकानए शौचालय, सड़क, बिजली, पानी, तथा मुफ्त राशन इत्यादि अनेक गरीब कल्याण की योजनाएं संचालित हैं। इस तरह सरकार ने हर कदम और हर योजना में गुरु रविदास जी की भावना को समाहित किया है।

# माघ पूर्णिमा स्नान सकुशल संपन्न होने पर डीजीपी ने यूपी पुलिस व मेला प्रशासन को दी बधाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रयागराज** महाकुंभ में बुधवार को माघ पूर्णिमा स्नान सकुशल संपन्न होने पर डीजीपी प्रशांत कुमार ने यूपी पुलिस को बधाई दी है। उन्होंने इस अवसर पर की गयी तैयारियों एवं व्यवस्थाओं के सन्दर्भ में कहा कि, आज महाकुम्भ 2025 का पांचवां स्नान था, इसके उपरान्त महाशिवरात्रि का स्नान शेष है। मौनी अमावस्या की दुखद घटना से सीख लेकर पहले से और बेहतर करने का प्रयास किया गया। इसके लिए 'कम्युनिटी फीडबैक' शामिल किए जाने हेतु वहां कार्यरत अधिकारी एवं श्रद्धालुओं की कठिनाई सभी को शामिल करके बेहतर प्रबन्धन तकनीक अपनाई गई थी, जिसका परिणाम है कि इस महाकुम्भ में आज तक लगभग 46 से 47 करोड़ जनता द्वारा स्नान किया गया है। प्रयागराज के अतिरिक्त हमारा चित्रकूट, मीरजापुर विंध्याचल मन्दिर, वाराणसी काशी विश्वनाथ, अयोध्या के राम मंदिर पर भी विशेष ध्यान है, क्योंकि महाकुंभ आने वाले श्रद्धालु इन स्थानों पर भी जाते है। कुम्भ की विश्वव्यापी पहुंच के कारण सम्पूर्ण विश्व तथा अन्य राज्यों के कोने कोने से लाखों की संख्या में लोग आ रहे है। पहले लोग ट्रेन और बसों से आ रहे थे किन्तु अब 03 फरवरी के बाद लोग छोटी गाड़ियों से ज्यादा आ रहे है। मुख्य स्नानों के दिन 05 लाख लोगों द्वारा ट्रेन से यात्रा की गयी है जिसके लिए 400 से ज्यादा ट्रेनें लगाई गयी है। सामान्य दिनों में लगभग 3.5 लाख की संख्या रहती है जिसके लिए लगभग 350 ट्रेनें लगाई गयी है। इसके अतिरिक्त लाखों की संख्या में चार पहिया वाहन का प्रतिदिन शहर में आना और उनको वापस भेजना अपने आप में बहुत बड़ी चुनौती है। इतने बड़े क्राउड मैनेजमेंट के लिए हम लोगों के द्वारा कंटीन्जेंसी प्लानिंग भी की गई थी।

## महाकुंभ के बारे में भ्रामक पोस्ट करने वाले सात सोशल मीडिया अकाउंट पर कार्रवाई, एफआईआर दर्ज

**लखनऊ।** डीजीपी प्रशांत कुमार के निर्देश पर महाकुम्भ से सम्बन्धित भ्रामक पोस्ट एवं अफवाह फैलाने वालों को लगातार चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्यवाही कराई जा रही है। इसी क्रम में सोशल मीडिया मॉनिटरिंग के दौरान यह संज्ञान में आया कि कतिपय सोशल मीडिया अकाउंट से जनपद गाजीपुर में नदी के किनारे मिले शव से सम्बन्धित वीडियो को भ्रामक रूप से महाकुम्भ प्रयागराज के भगदड़ में मरने वालों का शव बताकर अफवाह फैलाई जा रही है कि 'एक तरफ महाकुंभ प्रयागराज का डंका बजाया जा रहा है दूसरी तरफ उसी गंगा मे लाशे तैर रही है, झूठों मक्कारो बेशर्मो की सरकार चल रही है देश में।' इस वीडियो की जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि पोस्ट में उल्लिखित वीडियो वर्ष 2021 के कोरोना के समय जनपद गाजीपुर में नदी के किनारे मिले शव से सम्बन्धित है, जिसका खण्डन भी कुम्भ मेला पुलिस के एकाउंट से किया गया है।

# कुप्रबन्धन के चलते अस्त-व्यस्त हो गए हैं प्रयागराज, वाराणसी और अयोध्या शहरः सीपी राय

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ. सीपी राय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदैव से धर्म और आस्था के नाम पर राजनीति करती रही है। महाकुम्भ में व्याप्त भारी अव्यवस्था के चलते जिस प्रकार तमाम श्रद्धालुओं की दुखद मृत्यु हुई, एम्बुलेंस की व्यवस्था तक यह सरकार कराने में नाकाम रही, अपने खोये हुए परिजनों को लोग अभी भी बदहवाश हालत में इधर-उधर ढूंढने के लिए मजबूर हैं। मृतकों की संख्या आज तक योगी सरकार उपलब्ध नहीं करा पाई है, योगी सरकार अब तक की सबसे अक्षम और निकम्मी सरकार साबित हुई है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज महाकुम्भ को लेकर जिस प्रकार हाईटेक व्यवस्थाओं का झूठा प्रचार-प्रसार किया गया, हाईटेक महाकुम्भ, हाईटेक खोया-पाया सेन्टर की स्थापना, हाईटेक एआई पावर कैमरा जैसे तरह-तरह के हाईटेक सुरक्षा का जनता को विश्वास दिलाया गया, जिसके चलते भारी भीड़ धर्म और आस्था के नाम पर वहां पर एकत्र हुई, किन्तु दुखद यह है कि करोड़ों रूपये पानी की तरह बहाने के बाद भारी संख्या में श्रद्धालुओं की जिन्दगी सरकार की अव्यवस्थाओं की भेंट चढ़ गयी। राय ने कहा कि वाराणसी में भी सरकार की इन्हीं अव्यवस्थाओं के चलते कई लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। प्रयागराज, वाराणसी और अयोध्या जैसे तीन शहर भारी जाम और कुप्रबन्धन के चलते अस्त-व्यस्त हो गए हैं। एक तरफ जनता अव्यवस्था और कुप्रबंधन के चलते अपनी जान गंवा रही है वहीं योगी सरकार सिर्फ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को बदलकर अपने कर्तव्यों की इतिश्री करके अपनी पीठ थपथपा रही है।

## संत रविदास ने हमेशा जातिवाद और सामाजिक भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाईः कांग्रेस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**महान** समाज सुधारक सन्त रविदास की जयन्ती (माघ पूर्णिमा) प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मनाई गयी। इस अवसर पर सन्त रविदास के चित्र पर माल्यार्पण किया गया और पुष्प चढ़ाकर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर मौजूद कांग्रेसजनों ने कहा कि संत रविदास एक महान भक्ति संत, समाज सुधारक और कवि थे, जिन्होंने जातिवाद और सामाजिक भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाई। उनके द्वारा दिया गया प्रेम, एकता और भक्ति का संदेश आज भी लोगों को प्रेरित करता है। संत रविदास का जीवन और उनकी शिक्षाएं हमें समाज में समानता, प्रेम, भक्ति और सादगी का महत्व सिखाती हैं। उनके दोहे आज भी प्रासंगिक हैं और मानवता को सही दिशा दिखाते हैं। संत रविदास जयंती पर हम सभी को उनके संदेशों को आत्मसात कर समाज में सद्भाव और भाईचारे को बढ़ावा देने का संकल्प लेने की आवश्यकता है।

इस अवसर पर मुख्य रूप से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं प्रभारी बिहार प्रदेश शहनवाज आलम, प्रदेश कांग्रेस के निवर्तमान उपाध्यक्ष-प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह, सिद्धिश्री, दयानन्द सिंह दुसाध, सलमान कादिर, अख्तर मलिक आदि वरिष्ठ कांग्रेसजन मौजूद रहे।

## ऑटोमेटिक वेदर गेज स्टेशन स्थापना में हो रही देरी पर कृषि मंत्री ने जताई नाराज़गी

**लखनऊ।** प्रदेश में विंड्स कार्यक्रम के अन्तर्गत स्थापित किए जाने वाले ऑटोमैटिक वेदर स्टेशन (एडब्ल्यूएस) ऑटोमैटिक रेनगेज (एआरजी) की प्रगति समीक्षा बैठक बुधवार को कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही की अध्यक्षता में उनके शासकीय आवास में सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान कृषि मंत्री द्वारा विंड्स कार्यक्रम के अंतर्गत विकास खंड स्तर पर 308 एडब्ल्यूएस एवं ग्राम पंचायत स्तर पर 55570 एआरजी स्थापित किए जाने की प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया। प्रदेश में कार्यरत दोनों कंपनियों को निर्देशित किया गया कि समस्त कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करें, अन्यथा की स्थिति में अनुबंध समाप्त कर दिया जाएगा। जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित कंपनी का होगा।

NOTICE

NJ MUTUAL FUND
BUILT ON RULES

MUTUAL FUND INVESTOR EDUCATION AND AWARENESS PROGRAM

Investors are requested to take note of the Investor Education Programme scheduled at 5:00 pm on February 15, 2025 at Indira Gandhi Pratisthan, Gate No. -2, MARS Hall, Opp. Cyber Heights, Kathautha Chauraha Road, Vibhuti Khand, Gomti Nagar, Landmark - Marriott Hotel, Lucknow - 226010. Contact Person: Rakesh Dutta, Contact Number: 9312693120. This program is a part of the Investor Education and Awareness initiative of NJ Mutual Fund.

For NJ Asset Management Private Limited
(Investment Manager of NJ Mutual Fund)
Sd/
Vineet Nayyar
Director and Chief Executive Officer
(DIN: 10690316)

Date: February 13, 2025
Place: Mumbai

For further details, please contact: NJ Asset Management Private Limited (CIN U67100GJ2005PTC046959) Registered office: Block no. 601, 3rd floor, C Tower, Udhna Udyognagar Sangh Commercial Complex, Central Road No.10, Udhna. Surat- 394210. Gujarat. Telephone Number– 0261 6715601. Corporate office: Unit no. 101A, 1st floor, Hallmark Business Plaza, Bandra (East). Mumbai– 400051. Telephone number: 022 68940000 /1860 500 2888 / 040-49763510.
Email id: customercare@njmutualfund.com
Website:www.njmutualfund.com

MUTUAL FUND INVESTMENTS ARE SUBJECT TO MARKET RISKS, READ ALL SCHEME RELATED DOCUMENTS CAREFULLY

# सनातन धर्म से ही सुरक्षित रहेगी विश्व मानवता: योगी

**गोरखनाथ मंदिर में श्रृंगेरी शारदा पीठ) के जगद्गुरु शंकराचार्य जगद्गुरु शंकराचार्य विधुशेखर भारती सन्निधानम के अभिनंदन समारोह में बोले मुख्यमंत्री**

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर/ लखनऊ

**गोरक्षपीठाधीश्वर** एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि सनातन धर्म वास्तव में मानव धर्म है। सनातन धर्म ही विश्व मानवता का धर्म है। सनातन धर्म सुरक्षित रहेगा तो न केवल भारत सुरक्षित रहेगा बल्कि विश्व मानवता सुरक्षित रहेगी। सीएम योगी बुधवार शाम, श्रृंगेरी शारदा पीठ के जगद्गुरु शंकराचार्य श्री श्री भारती तीर्थ महासन्निधानम के मंगलमय आशीर्वाद और दिव्य आदेश से विजय यात्रा लेकर गोरखपुर पधारे जगद्गुरु शंकराचार्य विधुशेखर भारती सन्निधानम के शंकर वचन (आशीर्वचन) के पूर्व उनके अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जगद्गुरु शंकराचार्य को



अंगवस्त्र ओढ़ाकर तथा उपहार भेंटकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सनातन धर्म अर्वाचीन है। समय समय पर इस पर अनेक प्रहार हुए लेकिन भगवान की अवतार परंपरा, संतों,ऋषियों और महामानवों ने धराधाम पर सनातन धर्म का संरक्षण किया और सनातन धर्मावलंबियों के सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया में अनेक पंथ, सम्प्रदाय, मत, मजहब ने अपने विचार लोगों पर थोपने के प्रयास किए लेकिन सनातन अपने विचार किसी पर थोपता नहीं है। यह जीवन जीने के तरीके को स्वतंत्रता, उन्मुक्तता और सहजता से आगे बढ़ाने का मार्ग दिखाता है। सनातन धर्म जितनी स्वतंत्रता, उन्मुक्तता और सहजता अन्यत्र कहीं नहीं है। सीएम योगी ने कहा कि सनातन धर्म को किसी एक परिभाषा में सीमित नहीं किया जा सकता। वास्तव में यह कृत और कर्ता के प्रति कृतज्ञता का भाव है।

### सनातन परंपरा को पुनर्जीवित किया भगवान आदि शंकर ने

**गोरक्षपीठाधीश्वर** एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक समय यह लगने लगा था कि सनातन धर्म समाप्त हो जाएगा पर तब सनातन परंपरा को भगवान आदि शंकर ने पुनर्जीवित किया था। सनातन धर्म की परंपरा को सतत आगे बढ़ाने के लिए उन्होंने विजय यात्रा निकाली, शास्त्रार्थ किया और देश के चार कोनों में चार धर्म पीठों, उत्तर में ज्योर्तिष, पूरब के जगन्नाथ, पश्चिम में द्वारिका और दक्षिण में श्रृंगेरी पीठ की स्थापना की। उन्होंने कहा कि उन्होंने व्यक्तिगत कई बार श्रृंगेरी पीठ जाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। गोरक्षपीठाधीश्वर ने कहा कि हर कालखंड में श्रृंगेरी पीठ की परंपरा का गोरक्षपीठ मैं आगमन होता रहा है। वर्ष 1977 में प्रयागराज महाकुंभ के समय श्रृंगेरी पीठ के पूज्य शंकराचार्य का आगमन गोरक्षपीठ में हुआ था। उसके बाद पूज्य जगद्गुरु शंकराचार्य भारतीय तीर्थ जी महाराज तथा अब जगद्गुरु शंकराचार्य विधुशेखर भारती जी का आगमन हुआ है। जगद्गुरु शंकराचार्य विधुशेखर भारती जी का उत्तर प्रदेश में आगमन सर्वप्रथम प्रयागराज महाकुंभ में हुआ तत्पश्चात वह काशी और अयोध्या की यात्रा करते हुए, सनातन धर्मावलंबियों को आशीष देते हुए गोरखपुर पधारे हैं। शंकराचार्य जी जहां भी गए जनता ने हर्षोल्लास के साथ उनके अभिनंदन का गौरव प्राप्त किया।

**महाकुंभ का संदेश, एकता से अखंड रहेगा देश:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रयागराज का महाकुंभ पूरे विश्व को एकता का संदेश दे रहा है। 45 दिन के महाकुंभ के आयोजन में अब 14 दिन का समय शेष है। अब तक 31 दिन में करीब 48 करोड़ श्रद्धालु गंगा जमुना, सरस्वती की त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। यह एक भारत, श्रेष्ठ भारत का उदाहरण प्रस्तुत करने वाला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी कहते हैं कि महाकुंभ का यही है संदेश, एकता से अखंड रहेगा देश। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में काशी में बाबा विश्वनाथ के बने भव्य धाम और अयोध्या में 500 वर्षों के इंतजार के बाद बने श्रीराम मंदिर की दिव्यता और भव्यता को गौरवान्वित करने वाला बताया। उन्होंने कहा की नई काशी और नई अयोध्या का कायाकल्प तथा नया कलेवर हर सनातन धर्मावलंबी को आनंद की अनुभूत करने वाला है।

# एसजीपीजीआई निदेशक पीजी मेडिकल योग्यता की मान्यता के लिए गठित समिति में सदस्य नामित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**तीन** वर्ष के कार्यकाल विस्तार के बाद एसजीपीजीआई के निदेशक प्रो आर के धीमन को राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (चिकित्सा योग्यता का विनियमन) विनियम 2023 के अनुसार नवीन पीजी मेडिकल योग्यता की मान्यता के लिए गठित समिति के सदस्य के रूप में नामित किया गया है।

वहीं समिति में शामिल अन्य सदस्यों की सूची में डॉ. शिव कुमार सरीन, चांसलर, आईएलबीएस, दिल्ली, डॉ. विजयेंद्र कुमार, एचओडी, पीडियाट्रिक सर्जरी, आईजीआईएमएस, पटना, डॉ. के. सेंथिल, प्रोफेसर, जनरल मेडिसिन, सरकारी मेडिकल कॉलेज, मदुरई, डॉ. मोहम्मद कुन्नुमल, वीसी, केरल यूनिवर्सिटी और डॉ. कैलाश एस शर्मा, निदेशक (शैक्षणिक),



टाटा मेमोरियल सेंटर, मुंबई शामिल हैं।

बता दें कि पोस्ट ग्रेजुएट मेडिकल शिक्षा बोर्ड ने उन मेडिकल संस्थानों से नई पीजी मेडिकल योग्यताएं शामिल करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए थे, जो स्नातक और स्नातकोत्तर या सुपर स्पेशलिटी मेडिकल योग्यता प्रदान कर रहे हैं, जो पहले से ही सूची में शामिल नहीं है।

# कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी: धर्मपाल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**● पशुधन मंत्री ने वीर्य उत्पादन केन्द्र रहमानखेड़ा का औचक किया निरीक्षण**

**पशुधन** एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह द्वारा बुधवार को अतिहिमीकृत वीर्य उत्पादन केन्द्र रहमानखेड़ा का औचक निरीक्षण किया। मंत्री ने केन्द्र पर पाले जा रहे उच्च आनुवंशिक गुणों के सांड़ों के रखरखाव की स्थिति देखी। केन्द्र पर वर्तमान में एचएफ, जर्सी, जर्सी संकर, साहीवाल, हरियाना, गिर एवं मुर्रा नस्ल के कुल 167 सांड पाले जा रहे हैं। यहाँ पर मुर्रा, साहीवाल, गीरए जर्सी और 80 लीटर प्रतिदिन तक दूध देने वाली एचएफब्रीड का वीर्य किसानों के लिए उपलब्ध है। सांडों के रखरखाव की मंत्री ने सराहना कीए साथ ही निर्देश दिया कि सांडों के खानपान एवं स्वास्थ्य पर निरन्तर ध्यान दिया जाये।

सिंह ने केंद्र पर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की। बैठक में मंत्री ने कृत्रिम गर्भाधान (एआई) के लक्ष्य प्राप्ति में अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए सीईओ एलडीबी को निर्देशित किया कि कृत्रिम गर्भाधान का लक्ष्य शतप्रतिशत पूरा किया जाय।

मंत्री ने मुख्य कार्यकारी अधिकारी को सख्त रूप से निर्देशित किया कि केन्द्र पर भण्डारित 1997658 अतिहिमीकृत वीर्य की स्ट्राज को पशुपालकों को अतिशीघ्र वितरित करने का निर्देश दिया, जिससे पशुपालकों को उनके पशुओं हेतु उच्च गुणवत्ता के वीर्य के माध्यम से उन्त नस्ल की मादा संतति प्राप्त हो सके। कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और अपेक्षित परिणाम न मिलने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। पशुधन मंत्री ने केंद्र के कर्मियों से भी वार्ता की उनकी समस्याओं का निराकरण करने का भी आश्वासन दिया।

पशुधन मंत्री ने केन्द्र पर वीर्य विधायन प्रयोगशाला व गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला के कार्यों का निरीक्षण कर प्रसन्नता व्यक्त की। साथ ही नवनिर्मित होने वाली वर्गीकृत वीर्य उत्पादन प्रयोगशाला के प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया तथा निर्देश दिया कि वर्गीकृत वीर्य उत्पादन प्रयोगशाला को शीघ्र शुरू किया जाये, जिससे पशुपालकों एवं किसानों को उच्च गुणवत्ता की मादा संतति प्राप्त हो सके। इससे छुट्टा जानवरों की समस्या से किसानों को छुटकारा मिल सकेगा। सिंह ने कहा कि पशुपालकों और किसानों को पशु बीमा का क्लेम मिलने में कठिनाई ना हो। यदि समस्या आई तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी, बीमा कंपनियों को भी ब्लैकलिस्ट करेंगे। इसके साथ ही बीते वर्ष बीमा का कार्य बीच में छोड़ देने वाली बीमा कंपनियों के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिये।

## राजनाथ सिंह व नितिन गडकरी कल करेंगे खुर्रम नगर फ्लाइओवर का लोकार्पण

**लखनऊ।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एवं सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी शुक्रवार को मुंशी पुलिया और खुर्रम नगर फ्लाइओवर का लोकार्पण करेंगे। जानकारी के मुताबिक लखनऊ से सांसद एवं केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तथा सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी 14 फरवरी शुक्रवार को लखनऊ आ रहे हैं। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एवं सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी शुकवार प्रात: 11:10 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचेंगे। अपराह्न 12 बजे रक्षा मंत्री विकास नगर स्थित मिनी स्टेडियम पहुंचेंगे और वहां आयोजित कार्यक्रम में मुंशी पुलिया व खुर्रम नगर फ्लाइओवर का लोकार्पण करेंगे। लोकार्पण कार्यक्रम के उपरांत सुल्तानपुर रोड साइड से कानपुर रोड की तरफआउटर रिंग रोड की विजिट करेंगे। रिंग रोड अवलोकन के बाद एयरपोर्ट जाएंगे और अपराह्न 3 बजे भोपाल के लिए रवाना होंगे।

**उच्च शिक्षा मंत्री ने की प्रदेश में जापानी विश्वविद्यालयों के स्थापना की संभावनाओं पर चर्चा**

# यूपी व जापान के बीच उच्च शिक्षा और तकनीकी सहयोग को मिलेगा नया आयाम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** सरकार उच्च शिक्षा को वैश्विक स्तर पर सुदृढ़ करने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। इस प्रयास के तहत प्रदेश में विश्वस्तरीय संस्थानों की स्थापना तथा युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं विदेशी तकनीकी विशेषज्ञता सुलभ कराने के प्रयास तेज किए जा रहे हैं।

प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय और राज्य मंत्री रंजनी तिवारी ने जापान के यामानाशी प्रांत के प्रतिनिधिमंडल के साथ विचार-विमर्श किया। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व यामानाशी प्रांत के उप-गवर्नर कौ ओसादा कर रहे थे, जिनके साथ अंतरराष्ट्रीय रणनीति प्रभाग के निदेशक कोइची फुरुया और यामानाशी सरकार के सलाहकार नीरेंद्र उपाध्याय भी उपस्थित रहे। बैठक में शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग को गहरा करने, अकादमिक उत्कृष्टता को



बढ़ावा देने और उत्तर प्रदेश में विश्वस्तरीय संस्थानों की स्थापना की संभावनाओं पर चर्चा हुई। मुख्य रूप से छात्र विनिमय कार्यक्रम, छात्रवृत्तियां और अकादमिक साझेदारियों पर विचार किया गया।

योगेंद्र उपाध्याय ने 'उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा प्रोत्साहन नीति 2024' पर प्रकाश डालते हुए प्रदेश में शिक्षा के अनुकूल वातावरण और अधोसंरचनात्मक सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि हम यामानाशी प्रांत के साथ छात्र विनिमय कार्यक्रमों और अकादमिक साझेदारी को सक्रिय रूप से बढ़ावा देंगे, जिससे जापानी छात्रों को उत्तर प्रदेश में सीखने और नवाचार करने का समृद्ध अनुभव मिलेगा। उन्होंने पश्चिमी सिडनी विश्वविद्यालय के साथ नोएडा में परिसर स्थापित करने के हालिया समझौते का उदाहरण देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश वैश्विक शिक्षा केंद्र के रूप में उभर रहा है।

यामानाशी प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर प्रदेश और जापान की सांस्कृतिक समानताओं पर बल देते हुए आश्वासन दिया कि यूपी के छात्र जापान में खुद को अपने दूसरे घर जैसा महसूस करेंगे, जो भारतीय छात्र जापान पढ़ने आयेंगे उनके माता-पिता के लिए बीमा सुरक्षा प्रदान करने की योजनाओं पर भी चर्चा की गई, जिसे दोनों क्षेत्रों के बीच गहरे सौहार्द का प्रतीक बताया गया।

राज्य मंत्री रंजनी तिवारी ने इस अवसर पर कहा कि उत्तर प्रदेश जापान की उन्नत तकनीकों का लाभ उठाकर अपनी शिक्षा प्रणाली को और सशक्त बनाएगा। जापानी प्रतिनिधिमंडल ने भविष्य में सहयोग को और विस्तार देने की प्रतिबद्धता जताई। उप-गवर्नर कौ ओसादा ने कहा कि इस वर्ष के अंत तक जापान के शीर्ष कंपनियों के सीईओ सहित एक बड़ा प्रतिनिधिमंडल उत्तर प्रदेश आएगा, जो प्रौद्योगिकी, पर्यटन, शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाएं तलाशेगा।

# बसपा ने भदोही जिले का नाम संत रविदास किया, सपा ने नाम बदल दिया: मायावती

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**बहुजन** समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने बुधवार को संत गुरु रविदास की जयंती पर उनको नमन कर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के साथ ही देश व दुनिया में रहने वाले उनके करोड़ों अनुयाइयों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं भी दीं।

मायावती ने कहा कि बसपा ने संत रविदास के नाम पर भदोही का जिला मुख्यालय का दर्जा सुरक्षित रखते हुए नया संत रविदास जिला बनाया था, जिसे समाजवादी पार्टी (सपा) की सरकार द्वारा जातिवादी और राजनीतिक द्वेष के कारण बदल दिया गया। बसपा द्वारा जारी एक बयान में मायावती ने कहा, मन चंगा तो कठौती में गंगा अर्थात मन को पाक-साफ रखकर ही इंसान सच्चे सुख की प्राप्ति कर सकता है तथा समाज व देश का भी भला कर सकता है। ऐसा आदर्श एवं मानवतावादी संदेश देने वाले महान संत गुरु रविदास जी को आज उनकी जयंती पर शत-शत नमन व श्रद्धा सुमन अर्पित करने के साथ ही देश व दुनिया में रहने वाले उनके करोड़ों अनुयाइयों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। किन्तु भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की मौजूदा सरकार ने भी इसका नाम अब तक बहाल नहीं किया है, जो बेहद दुख की बात है और यह साबित होता है कि इन पार्टियों की सोच एक जैसी द्वेषपूर्ण व जातिवादी है।

### बसपा के वरिष्ठ नेता डॉ. अशोक सिद्धार्थ पार्टी से बाहर

**बसपा** अध्यक्ष मायावती ने पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. अशोक सिद्धार्थ को गुटबाजी और पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में पार्टी से निष्कासित कर दिया है। पूर्व राज्यसभा सदस्य डॉ. सिद्धार्थ को बसपा के मेरठ जिले के प्रभारी नितिन सिंह के साथ निष्कासित कर दिया गया, जो दक्षिणी राज्यों में पार्टी के संचालन की देखरेख के लिए जिम्मेदार थे। डॉ. सिद्धार्थ, बसपा प्रमुख मायावती के भतीजे और पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद के ससुर बताए जाते हैं। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, बसपा की ओर से विशेषकर दक्षिणी राज्यों आदि के प्रभारी रहे डॉ अशोक सिद्धार्थ, पूर्व सांसद व श्री नितिन सिंह, जिला मेरठ को, चेतावनी के बावजूद भी गुटबाजी आदि की पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने के कारण पार्टी के हित में तत्काल प्रभाव से पार्टी से निष्कासित किया जाता है।

# किसानों के सशक्तीकरण के लिए समर्पित रहा चौधरी अजीत सिंह का जीवन: अनुपम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राष्ट्रीय** लोकदल के प्रदेश कार्यालय में बुधवार को रालोद के संस्थापक एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री चौधरी अजित सिंह की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा व अन्य पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने दिवंगत नेता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा ने पूर्व प्रधानमंत्री एवं किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह की किसान हितैषी विचारधारा को आगे बढ़ाने में चौधरी अजीत सिंह के योगदान को याद करते हुए किसानों के हित के लिए उनके द्वारा किए गए आजीवन संघर्ष के बारे में प्रकाश डालते हुए कहा कि किसानों के हितों की बुलंद आवाज, राष्ट्रीय लोकदल के संस्थापक,चौधरी साहब के दिखाए मार्ग पर हम सभी सदैव चलते रहेंगे। उनका सम्पूर्ण



जीवन सर्वसमाज की भलाई और किसान-कमेरा वर्ग के सशक्तिकरण का प्रतीक रहा। हम सभी आज एकत्र होकर उन्हें नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। वहीं वरिठ नेता अनिल दुबे की अध्यक्षता में एक विचार गोष्ठी का संचालन व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने किया। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुये रालोद के वरिष्ठ नेता अनिल दुबे ने कहा कि स्व. चौधरी साहब आजीवन किसानों के हितों एवं सामाजिक एकता के लिए संघर्ष करते रहे। उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन किसान और कमेरा वर्ग के अधिकारों की रक्षा एवं उनके उत्थान के समर्पित कर दिया। इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता आमिर साबरी, प्रदेश महासचिव रामवती तिवारी, इज़हार अहमद शाह, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय महासचिव राव इक़बाल अहमद, प्रोफेशनल मंच के प्रदेश अध्यक्ष अंबुज पटेल, पीयूष, सुमित जायसवाल शालिनी, श्रीष श्रीवास्तव, शैलेश सिंह, एस के श्रीवास्तव, मनीष आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# खतौनियों की गड़बड़ी दुरुस्त कराने हेल्प डेस्क पर उमड़ रही किसानों की भीड़

**संवाददाता।** मोहनलालगंज

**किसानों** की रियल टाइम खतौनी और आधार कार्ड में डेटा मिसमैच को लेकर तहसील की हेल्प डेस्क में शिकायतकर्ताओं की भीड़ उमड़ रही है। महज तीन दिन में ही तीन सौ से अधिक किसान हेल्प डेस्क में अपनी शिकायत दर्ज करा चुके हैं। तहसील प्रशासन ने शिकायतों को लेकर लेखपाल और कानूनगो से रिपोर्ट मांगी है।

मोहनलालगंज तहसील में रियल टाइम खतौनी और आधार कार्ड में किसानों के नाम में अंतर होने से किसानों को फार्मर रजिस्ट्री कराने में पसीने छूट रहे हैं। जबकि खतौनी पर कई किसानों के हिस्से में गड़बड़ी की शिकायतें भी सामने आ रही हैं । जिसे लेकर तहसील में खोली गई हेल्प डेस्क में तीन दिन में ही 300 से अधिक किसान अपनी परेशानी की शिकायत दर्ज करा चुके हैं।

तहसीलदार शशांक नाथ उपाध्याय ने बताया हेल्प डेस्क पर दर्ज हो चुकी आधी से अधिक शिकायतों में लेखपाल और कानूनगो अपनी रिपोर्ट दे चुके हैं। जिसके आधार पर शिकायतों के निस्तारण की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। नायब तहसीलदार निर्मल को हेल्प डेस्क में दर्ज की जा रही शिकायतों की प्रतिदिन समीक्षा कर राजस्वकर्मियों की रिपोर्ट लेकर आरके दफ्तर और एसडीएम कोर्ट के जरिए निराकरण कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। एसडीएम बृजेश कुमार वर्मा ने बताया जिन खतौनियों में मामूली गड़बड़ी है उन्हें शिकायतकर्ता से विवरण लेकर और राजस्वकर्मियों से सत्यापन कराकर दुरुस्त कराया जाएगा। जबकि पेचीदा मामलों को कोर्ट में दर्ज कर सुनवाई के बाद समाधान किया जाएगा।

## हाईवे पर खड़े ट्रक में घुसे बाइक सवार की मौत

**मोहनलालगंज।** हरिकंश गढ़ी में बेकाबू बाइक सवार हाईवे पर खड़े ट्रक में पीछे से घुस गया। जख्मी हालत में बाइक सवार को सीएचसी ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्नाव जिले मवई निवासी मुकेश कुमार बाइक से मंगलवार को मोहनलालगंज के हरिकंश गढ़ी में हाईवे पर खड़े ट्रक में पीछे से जाकर घुस गया। नाजुक हालत में मुकेश को सीएचसी ले जाया गया। लेकिन डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सपा मुख्यालय में मनाई गई रविदास की जयंती



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय लखनऊ में बुधवार को संत शिरोमणि रविदास की 648वीं जयंती मनायी गयी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की तरफ से संत रविदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। अखिलेश यादव ने संत रविदास के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। श्री यादव ने कहा कि संत रविदास महान समाज सुधारक थे। उन्होंने परस्पर भेदभाव और अंधविश्वासों का विरोध किया। समाज में समानता और प्रेम का संदेश दिया। संत रविदास जी का मानना था कि जिस व्यक्ति की आत्मा और हृदय शुद्ध होता है उसका सभी कार्य गंगा की तरह पवित्र होता है। अखिलेश यादव ने कहा कि संत रविदास ने मानवता को प्रेम और आत्मज्ञान का मार्ग दिखाया

# अफसरों की चुप्पी पर उठे सवाल, मध्यांचल प्रशासन ने दिए कार्रवाई के निर्देश

**● एसडीओ को अभयदान देने के मामले में अमौसी जोन को कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश**

**मोहनलालगंज।** सर्किल से कार्रवाई के लिए संस्तुति पत्र जारी होने के बावजूद एसडीओ को अभयदान देने के मामले में मध्यांचल प्रशासन ने अमौसी चीफ को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। हालांकि मामले में अफसरों की चुप्पी सवालों के घेरे में है। उधर बिना अनुमति लाइन शिफ्टिंग को लेकर एक्सइएन ने एसडीओ अमेठी से गुरुवार को स्पष्टीकरण समेत पूरी रिपोर्ट देने के लिए कहा है। सर्किल चतुर्थ से 29 अक्टूबर को अमौसी चीफ ऑफिस में चार्जशीट और जिले से बाहर करने की संस्तुति समेत पत्र भेजने के बावजूद मोहनलालगंज के एसडीओ को नही हटाने के मामले में चीफ ऑफिस की भूमिका पर तमाम सवाल खड़े हो रहे हैं। हालांकि अमौसी चीफ की मानें तो उन्होंने सर्किल से आए पत्र को मध्यांचल मुख्यालय भेज दिया था। पायनियर में बुधवार को प्रमुखता से मामले की खबर प्रकाशित होने के बाद मध्यांचल प्रशासन ने प्रकरण का संज्ञान लेकर अमौसी जोन को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। जिसके बाद मामले पर पर्दा डालने की कोशिश कर रहे कुछ अधिकारियों की नींद उड़ गई है। उधर अमेठी सब डिवीजन के विरखुम्भा गांव में विभाग से अनुमति लिए बगैर बिजली लाइन एक पोल से दूसरे पोल पर शिफ्ट करने के मामले में भी एक्सइएन श्रवण कुमार सिंह ने एसडीओ से अविलम्ब स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए हैं। जिसे लेकर अधिकारियों में खलबली मची हुई है।

### जिम्मेदार बेखबर, बांस बल्ली पर चल रहे कनेक्शन

**मोहनलालगंज** के अमेठी सबडिवीजन में अधिकारियों की लापरवाही से गड़बड़ी की भरमार है। अमेठी सबडिवीजन के सिद्धपुरा गांव और अमेठी कस्बे में ही पोल लगाए बिना ही लम्बी दूरी का कनेक्शन चालू करने के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। वीडियो में बांस बल्ली पर कनेक्शन चालू होने की तस्वीरें दिखाई दे रही हैं। हालांकि पायनियर इन वीडियो की पुष्टि नही करता। मामले की भनक लगने के बाद एक्सइएन ने वीडियो की हकीकत का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है।

# चौतरफा किरकिरी के बाद जागे अफसर करोड़ों की सरकारी भूमि पर गरजा बुलडोजर

**● नगर पंचायत के मऊ में ढहाए गए अवैध निर्माण और गौरा में अवैध कब्जे हुए चिन्हित**

**संवाददाता।** मोहनलालगंज




**सोशल** मीडिया पर चौतरफा किरकिरी के बाद बुधवार को तहसील प्रशासन को सरकारी जमीनों से अवैध कब्जे खाली कराने की सुध आई। सारा दिन चले अभियान के दौरान एसडीएम की अगुवाई में राजस्व टीम ने मऊ में करोड़ों की सरकारी जमीन से अवैध निर्माण ढहा दिए। जबकि गौरा में भी अवैध कब्जे चिन्हित किए गए। मोहनलालगंज नगर पंचायत में बेशकीमती सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे की शिकायत कई माह से आ रही थी। फिर भी राजस्व विभाग की कार्रवाई महज रसमदायगी तक ही सीमित रही। जिसे लेकर बुधवार को सोशल मीडिया पर चौतरफा किरकिरी के बाद तहसील प्रशासन की कुंभकर्णी नींद टूट सकी। एसडीएम बृजेश कुमार वर्मा की अगुवाई में राजस्व और नगर पंचायत की संयुक्त टीम ने मऊ गांव में व्यापक अभियान चलाकर तीन बीघे से अधिक सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे चिन्हित कर जेसीबी से सारे अवैध निर्माण ढहा दिए। अधिकारियों के मुताबिक कब्जा मुक्त कराई गई सरकारी भूमि की कीमत लगभग चार करोड़ बताई जा रही है। एसडीएम बृजेश कुमार वर्मा ने बताया मऊ गांव में कुछ अन्य अवैध कब्जे भी टीम ने चिन्हित किए हैं जिन्हें भी अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा। उधर नगर पंचायत के गौरा गांव में भी राजस्व टीम ने दो चकमार्ग पर अवैध कब्जे चिन्हित किए हैं। एसडीएम ने बताया गुरुवार को दोनो चकमार्ग से अवैध निर्माण ढहाए जाएंगे।

## नाराज होकर घर छोड़कर चली गई किशोरी इंस्टाग्राम के जरिए पुलिस ने किया बरामद

**मोहनलालगंज।** परिजनों से नाराज होकर घर छोड़कर चली गई किशोरी को पुलिस टीम ने इंस्टाग्राम के जरिए एक सप्ताह में ही खोज निकाला। किशोरी की काउंसलिंग के बाद पुलिस टीम ने फिलहाल उसे समझा बुझाकर वन स्टॉप सेन्टर में रखा है। उधर बेटी की सकुशल बरामदगी को लेकर परिवार ने पुलिस टीम का आभार जताया है। मोहनलालगंज के हरिकंश गढ़ी की 17 साल की किशोरी 4 फरवरी की शाम घर से बिना बताए कहीं चली गई थी। काफी खोजबीन के बावजूद किशोरी का कुछ पता नही चलने पर बदहवाश पिता ने कोतवाली पहुंचकर बेटी की गुमशुदगी दर्ज कराई। एसीपी रजनीश वर्मा की अगुवाई में एसएचओ अमर सिंह की पुलिस टीम को पूछताछ में पता चला कि किशोरी मां और मौसी के फोन से इंस्टाग्राम चलाती थी। पुलिस टीम ने अलग अलग नंबर से किशोरी की इंस्टाग्राम आईडी पर फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी। जिसे अगले दिन उसने स्वीकार कर ली। बातचीत के दौरान पुलिसकर्मियों ने लोकेशन ट्रेस कर उसे सकुशल बरामद कर लिया। एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया किशोरी घर वालों से नाराज होकर घर से चली गई थी। काफी समझाने के बाद उसे अपने किए पर पछतावा है। फिलहाल उसे काउंसिलिंग के लिए वन स्टॉप सेंटर में रखा गया है। परिजनों को भी जरूरी हिदायत दी गई है।

# कैबिनेट की पहली बैठक में बिजली, पानी और सड़क के लिए जाएंगे फैसले : गुप्ता

## ● बोले, छठे दिल्ली वित्त आयोग का गठन करेगी भाजपा सरकार



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

रोहिणी विधानसभा से नवनिर्वाचित भाजपा विधायक एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा पिछले दस साल में आप सरकार ने दिल्ली की जो दुर्दशा की है, उसको एक एक करके ठीक किया जाएगा।

इसलिए जनता से जुड़े सभी विकास कार्यों को प्राथमिकता सूची में रखा गया है। सड़क, बिजली, पानी, साफ सफाई से जुड़े मामले भाजपा सरकार बनने के बाद होने वाली कैबिनेट की पहली बैठक में ही इन सभी विकास कार्यों पर महत्वपूर्ण फैसले लिए जाने की उम्मीद है। गुप्ता ने साथ बताया कि कैग की पिछले पांच सालों से लंबित 14 रिपोर्ट्स को विधानसभा के प्रथम सत्र में रखवाना भी भाजपा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। इसक अलावा छठे दिल्ली वित्त आयोग का गठन जल्द ही कर दिया जाएगा। विजेंद्र गुप्ता ने मीडिया से बातचीत में कहा कि दिल्ली में नगर निगम द्वारा करवाये जाने वाले विकास कार्यों के लिए वित्तीय प्रबंधन की दृष्टि से छठे वित्त आयोग का गठन करना अत्यंत आवश्यक है और चूंकि भाजपा सरकार दिल्ली के विकास के लिए लगातार कोशिश करती रही है।

इसलिए इस काम में देरी किये बिना जल्द ही इसके गठन की घोषणा कर दी जाएगी। इस मामले में पिछले साल 30 अगस्त को भाजपा विधायक दल ने राष्ट्रपति से मुलाकात की थी और उनसे दिल्ली सरकार द्वारा किये जा रहे संवैधानिक नियमों के उल्लंघन की शिकायत की थी। इसके अलावा विधायकों ने हाई कोर्ट में भी इस मामले को लेकर याचिका दायर की थी। आम आदमी पार्टी की सरकार ने इस वित्त आयोग की गंभीरता को नहीं समझा। जिसके चलते दिल्ली के लिए वित्तीय योजनाओं और संसाधनों का आवंटन बुरी तरह से प्रभावित हुआ, विशेष रूप से एमसीडी पर इसका व्यापक असर पड़ा है। सड़कों से लेकर साफ सफाई, पार्कों के रख रखाव से लेकर सीवरों तक के सभी जनता से जुड़े कार्य गंभीर रूप से प्रभावित हुए हैं।

### नई सरकार के गठन से पहले अधिकारी एक्शन में

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी को मिली जीत के बाद अब नई सरकार के गठन की कवायद जारी है। इस बीच सरकार बनने से पहले दिल्ली सचिवालय में अधिकारी हरकत में आ गए हैं। मुख्य सचिव ने बुधवार को वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अहम बैठक की है और सभी विभागों से 100 दिन का एक्शन प्लान तैयार करने को कहा है।

मुख्य सचिव धर्मेंद्र के निर्देशों के अनुसार, कार्ययोजना में 15 दिनों, मासिक और 100 दिनों की अवधि के भीतर पूरा किए जाने वाले लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। सभी विभागाध्यक्षों को यह भी निर्देश दिया गया है कि वे उन योजनाओं या परियोजनाओं के लिए मसौदा कैबिनेट नोट तैयार करना शुरू करें, जिन्हें नई भाजपा सरकार शपथ ग्रहण के बाद शुरू कर सकती है। दिल्ली सरकार का सामान्य प्रशासन विभाग 100 दिनों की कार्ययोजना तैयार करेगा और इसे नई सरकार के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए तैयार रखेगा। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग को आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना को लागू करने के लिए कैबिनेट नोट तैयार करने के लिए कहा गया है, जिसे पिछली आम आदमी पार्टी सरकार ने लागू नहीं किया था। विधानसभा चुनाव के प्रचार के दौरान, सभी शीर्ष भाजपा नेताओं ने सत्ता में आने पर इस योजना को लागू करने का वादा किया था।

# एलजी के तालमेल से चलेगी भाजपा सरकार : बिधूड़ी

## ● बोले, राष्ट्रीय राजधानी को बनाएंगे सुविधा संपन्न शहर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा है कि भाजपा की सरकार बनने पर राजधानी में यमुना की सफाई, इलाकों में सीवर की समस्या तथा सड़कों की हालत में सुधार प्राथमिकता के आधार पर होगा। अब भाजपा सरकार उपराज्यपाल के सहयोग व तालमेल से चलेगी और एक-एक समस्याओं का हल कर जनता को राहत पहुंचाएगी। उन्होंने यह बात उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना से मुलाकता के दौरान कही।

बिधूड़ी ने विधानसभा चुनाव को सुचारू, निष्पक्ष और सफलतापूर्वक सम्पन्न कराए जाने पर उपराज्यपाल धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा और गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व और मार्गदर्शन में भाजपा की शानदार विजय के बाद अब उपराज्यपाल के सहयोग और तालमेल से दिल्ली की समस्याएं हल होंगी। दिल्ली अब सुविधा सम्पन्न राजधानी बनेगी।

उन्होंने कहा कि उपराज्यपाल ने यमुना की सफाई का काम शुरू कराया था लेकिन आप सरकार के उच्चतम न्यायालय में जाने से वह कार्य रुक गया था। इसके अलावा उपराज्यपाल जहां भी दौरे के लिए गए, वहां उन्हें टूटी सड़कें, सीवर जाम और कूड़े से आती दुर्गंध का सामना करना पड़ता था। आम आदमी पार्टी सरकार ने दिल्ली को नारकीय स्थिति में पहुंचा दिया था। उपराज्यपाल जिन कठिनाइयों को दूर कराना चाहते थे, वे नहीं हो पाई। अब भाजपा सरकार उपराज्यपाल के साथ मिलकर दिल्ली की समस्याओं को हल कराकर जनता को राहत पहुंचाएगी।



दिल्ली भाजपा की प्रचंड जीत के बाद उपराज्यपाल को गुलदस्ता भेंट करते सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी।

# सज्जन को मिले फांसी की सजा: पीड़ित परिवार

## ● सिखों को साजिश के तहत निशाना बना कर हत्या की गईः सुरजीत

## ● बोले, 1984 दंगा नहीं, नरसंहार था



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

सिख विरोधी दंगों के पीड़ित परिवारों और सिख नेताओं ने 1984 में हुए दंगों के दौरान हत्या के एक मामले में बुधवार को कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार को दोषी ठहराए जाने के फैसले का स्वागत किया तथा कठोरतम सजा की मांग की। फैसले के बाद, दंगा पीड़ितों और सिख नेताओं ने राहत व्यक्त की और कुमार के लिए कठोरतम सजा की मांग की। उन्होंने कहा कि 1984 में जो हुआ वह दंगा नहीं बल्कि सिख नरसंहार था।

त्रिलोकपुरी के पीड़ित सुरजीत सिंह ने मीडिया से बातचीत में बताया, सिखों को साजिश के तहत निशाना बनाया गया और उनकी हत्या की गई। वह चाहते हैं कि 18 फरवरी को उसे मृत्युदंड दिया जाए, ताकि सभी अपराधियों को पता चले कि एक निर्दोष परिवार को जलाने की सजा केवल मृत्युदंड ही होनी चाहिए।

उन्होंने कहा, मेरे परिवार के सदस्यों को जिंदा जला दिया गया और वह 40 साल से न्याय के लिए लड़ रहे हैं। जब यह घटना हुई, तब वह सिर्फ 11 साल के थे और दो-तीन दिन तक भूखे-प्यासे रहे। सुरजीत ने कहा, आज न्याय मिलना शुरू हुआ है, लेकिन असली न्याय तब होगा जब उसे 18 फरवरी को मृत्युदंड मिलेगा। 1984 में जो हुआ वो दंगा नहीं था। वह नरसंहार था। सिखों को चुन-चुनकर निशाना बनाया गया और मारा गया। भाजपा नेता आर पी सिंह ने सजा का स्वागत किया और विशेष जांच दल (एसआईटी) को सबूतों को सामने लाने का श्रेय दिया, जिसके कारण फैसला आया। उन्होंने कहा, सरस्वती विहार में एक व्यक्ति और उसके बेटे को जिंदा जला दिया गया। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि कांग्रेस नेताओं के आदेश आए थे। वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को एसआईटी गठित करने के लिए धन्यवाद देते हैं, जिसने सच्चाई को सामने लाया। हमें उम्मीद है कि अदालत कुमार को मृत्युदंड से कम कुछ नहीं देगी।

दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष आत्मा सिंह लुबाना ने याद किया कि कैसे कुमार राजनीतिक संरक्षण के कारण दशकों तक गिरफ्तारी से बचते रहे। लुबाना ने कहा, वर्ष 1990 में, जब सीबीआई ने कुमार को गिरफ्तार करने की कोशिश की, तो सत्ता में बैठे लोगों ने बचा लिया। सरकार बदलने के बाद ही लंबित मामलों को फिर से खोला गया। आज, उसे दोषी ठहराया गया है, लेकिन केवल मृत्युदंड से ही दंगा पीड़ितों को शांति मिलेगी। 1984 के सिख विरोधी दंगे तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की उनके सिख अंगरक्षकों द्वारा हत्या के बाद भड़के थे, जिसके कारण दिल्ली और भारत के अन्य हिस्सों में हजारों सिख मारे गए थे।

### घटनाक्रम पर नजर

1991: प्राथमिकी दर्ज
2015: एसआईटी का गठन
2021: सज्जन गिरफ्तार
2024: दलीलों पर सुनवाई
2025: सज्जन दोषी करार

# भाजपा को सीएम देकर गवर्नेंस पर ध्यान देना चाहिए : कक्कड़

## ● बोली, दिल्ली में लगने लगे लंबे-लंबे पावर कट



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी ने दावा किया कि मुख्यमंत्री को लेकर भाजपा में चल रही आपसी लड़ाई का खामियाजा दिल्ली वालों को भुगताना पड़ रहा है। आम आदमी पार्टी की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ का कहना है कि चुनाव के नतीजे आए कई दिन हो गए हैं लेकिन भाजपा अभी तक मुख्यमंत्री नहीं दे पाई है। अभी से लंबे-लंबे पावर कट लगते शुरू हो गए है। उन्होंने सलाह दी कि भाजपा को अपनी लड़ाई बंद करके मुख्यमंत्री के नाम का ऐलान करे और दिल्ली के गवर्नेंस पर ध्यान दें।

प्रियंका कक्कड़ ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि अभी तक मुख्यमंत्री का नाम फाइनल नहीं होना भाजपा में गुटबाजी के संकेत हैं। विधायक 10-10 की टुकड़ी में भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से मिल रहे हैं, क्योंकि ये लोग आपस में तय नहीं कर पा रहे कि आखिर मुख्यमंत्री कौन बनेगा। आम आदमी पार्टी में लगातार बैठकें हो रही हैं। चुनाव के नतीजे आने के बाद से केजरीवाल संगठन, पंजाब के नेता, जीते हुए विधायकों और जो नहीं जीत पाए उन उम्मीदवारों से लगातार मुलाकात कर रहे हैं। सबसे फीडबैक लिया जा रहा है। जो भी चीज ठीक करने की जरूरत होगी, उस पर काम करेंगे। जो भी चीज ठीक करने की जरूरत होगी, उस पर हम काम करेंगे।

लेकिन दिल्ली की जनता को परेशानी नहीं होनी चाहिए। दिल्ली में लंबे-लंबे पावर कट लग रहे हैं, क्योंकि भाजपा अभी तक दिल्लीवालों को एक सीएम नहीं दे पाई। भाजपा को जल्द से जल्द मुख्यमंत्री की नियुक्ति करनी चाहिए। इस पर जल्द काम होना चाहिए।

# लड़की को सांप से डराकर लूट लिया हीरे की अंगूठी

**नई दिल्ली।** वसंत कुंज साउथ थाने की पुलिस टीम ने एक लड़की से हीरे की अंगूठी लूटने के मामले का पर्दाफाश करते हुए दो लुटेरों को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों की पहचान अनिल और आशीष के रूप में हुई है। इनके पास से लूटी गई अंगूठी बरामद किया है। पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि विष्णु गार्डन की रहने वाली लड़की ने पुलिस को शिकायत दी थी। अपनी शिकायत में उसने बताया था कि दो लोग जो भगवा रंग का कपड़े पहने हुए थे। उन्होंने सांप से डरा कर उससे हीरे की अंगूठी लूट लिया और वहां से भाग गए। पुलिस ने केस दर्ज मामले की छानबीन शुरू की। एसीपी सत्यजीत सरीन की देखरेख में एसएचओ अरविंद प्रताप सिंह, सब इंस्पेक्टर राहुल, नवीन, सहायक सब इंस्पेक्टर हरिराम, पवन, कांस्टेबल रविंद्र, बजरंग लाल और मथुरा लाल की टीम ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपियों की पहचान की। बाद दोनों को रंगपुरी पहाड़ी इलाके के सपेरा बस्ती से गिरफ्तार किया गया।



### सीलिंग पर एनडीएमसी और एमसीडी से जवाब मांगा

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने मालिक या कब्जाधारक को पूर्व सूचना दिए बिना अनधिकृत परिसरों को सील करने को लेकर दायर एक जनहित याचिका पर एनडीएमसी और एमसीड से जवाब मांगा।

मुख्य न्यायाधीश डी के उपाध्याय एवं न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने केंद्र को नोटिस जारी किया और उन्हें चार सप्ताह के भीतर अपना जवाब दाखिल करने को कहा। साहनी ने कहा कि कथित अनधिकृत इमारत के मालिक को कारण बताओ नोटिस जारी करने और सुनवाई का अवसर देने के बाद प्राधिकरण द्वारा पारित सीलिंग आदेश न्यायाधिकरण के समक्ष अपील योग्य है।

### एमसीडी बजट में गांवों को मिले रियायत : पंचायत संघ

**नई दिल्ली।** दिल्ली पंचायत संघ ने एमसीडी बजट को लेकर पंच प्रमुखों के साथ पंचायत की, जिसमें आम आदमी पार्टी के मुखिया और एमसीडी मेयर से मांग की कि निगम बजट में सभी गांवों को हाउस टैक्स, कन्वर्जन चार्ज और पार्किंग चार्ज से मुक्त रखा जाए।

साथ ही, रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए गांवों को व्यावसायिक श्रेणी में नोटिफाई करने, भवन उपनियमों से बाहर रखने और नगर निगम की सेवाओं में गांवों के युवाओं को 100 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रस्ताव पारित करें। थान यादव ने कहा कि निगम बजट में गांवों को रियायतें नहीं देने पर आप के खिलाफ मेयर चुनाव में अभियान चलाया जाएगा।

# झूठे केस में फंसा रही पुलिसः अमानतुल्लाह

## ● आप निर्वाचित विधायक बोले, भागा नहीं



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान ने बुधवार को फरार होने की बात से इनकार करते हुए आरोप लगाया कि दिल्ली पुलिस उन्हें एक झूठे मामले में फंसा रही है।

ओखला से नवनिर्वाचित विधायक ने दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा को लिखे एक ईमेल में दावा किया कि वह अपने विधानसभा क्षेत्र में ही हैं और फरार नहीं हैं। उन्होंने 12 फरवरी को लिखे इस पत्र में कहा, दिल्ली पुलिस के कुछ लोग मुझे झूठे मामले में फंसा रहे हैं। जिस व्यक्ति को दिल्ली पुलिस गिरफ्तार करने आई थी, वह जमानत पर है।

पुलिस अपनी गलती छिपाने के लिए मुझे झूठे मामले में फंसा रही है। पुलिस ने सोमवार को जामिया नगर में एक पुलिस दल पर कथित रूप से हमले के मामले में अमानतुल्लाह खान के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। वहीं पुलिस ने कहा कि विधायक की अगुवाई में आई भीड़ ने हत्या के प्रयास के एक मामले के आरोपी को हिरासत से भागने में मदद की। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि कथित घटना उस समय घटी जब दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने शाहबाज खान नामक उक्त आरोपी को गिरफ्तार करने की कोशिश की।

उन्होंने बताया कि इस दौरान अमानतुल्लाह के समर्थक कथित रूप से पुलिस दल से भिड़ गए और शाहबाज भागने में सफल रहा। हालांकि पुलिस उपायुक्त रविकुमार सिंह ने इस बात से इनकार किया कि पुलिस को अमानतुल्लाह खान से कोई पत्र मिला है। उन्होंने कहा, मुझे ऐसा कोई पत्र नहीं मिला है। जांच जारी है और हम उनका पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं।

# सोमनाथ के खिलाफ आरोपपत्र पर संज्ञान लेने से अदालत का इनकार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

अदालत ने मतदान केंद्र पर दुर्व्यवहार के मामले में आम आदमी पार्टी के नेता सोमनाथ भारती के खिलाफ आरोपपत्र पर संज्ञान लेने से इनकार कर दिया है।

अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नेहा मित्तल ने मंगलवार को कहा कि मतदान केंद्र पर सेलफोन ले जाना या वीडियोग्राफी या फोटोग्राफी करना अपराध माना जाएगा, अगर इससे मतदान की गोपनीयता से समझौता होता है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, भारती ने 25 मई, 2024 को अपने सहयोगियों के साथ मतदान क्षेत्र में प्रवेश किया और मतदान प्रक्रिया की वीडियोग्राफी करने के अलावा मतदान एजेंटों के सामान की तलाशी ली। इसने आरोप लगाया कि उन्हें हटाए जाने के बाद वे मतदान केंद्र पर वापस आ गए, जो कानून के तहत दंडनीय है। कोर्ट ने कहा, अभियोजन पक्ष द्वारा पेश किया गया वीडियो (आरोपी व्यक्तियों द्वारा कथित रूप से रिकॉर्ड किया गया) मतदान केंद्र का नहीं बल्कि मतदान परिसर का है। वीडियो में कोई भी ईवीएम नहीं दिखाई दे रही है। इसलिए, उपरोक्त वीडियो के आधार पर आरोपी व्यक्तियों को आपराधिक रूप से उत्तरदाई नहीं ठहराया जा सकता।

# भाजपा नेताओं की बैठक में हारी सीटों पर चर्चा

## ● चुनाव समितिया के साथ बैठकें जारी रहेंगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजधानी में सत्ता का सूखा खत्म करते हुए भाजपा ने आम आदमी पार्टी को पटखनी दे दी है। विभिन्न चुनाव समितियों ने बुधवार को पार्टी के प्रदेश कार्यालय में विधानसभा चुनाव परिणामों की समीक्षा शुरू की। समीक्षा की शुरुआत चुनाव प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा परिणामों पर चर्चा के साथ हुई।

दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों में से 48 पर जीत हासिल कर भाजपा 26 साल से अधिक समय बाद यहां सत्ता में आई है। पांच फरवरी को हुए चुनाव में आम आदमी पार्टी ने 22 सीटें जीतीं, जबकि कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली। बैठक में दिल्ली चुनाव प्रभारी बैजयंत पांडा, सह-प्रभारी अलका गुर्जर और अतुल गर्ग तथा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा मौजूद थे। बैठक में चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक एवं केंद्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा और कई अन्य वरिष्ठ नेता भी शामिल हुए। बैठक में शामिल एक नेता ने कहा, वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी की शानदार जीत सुनिश्चित करने में समितियों और उनके सदस्यों की भूमिका की सराहना की। अन्य चुनाव समितियों के साथ बैठकें जारी रहेंगी, जिनमें भाजपा जिला अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारी शामिल होंगे। दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले प्रचार और अन्य संबंधित कार्यों को संभालने के लिए भाजपा ने 40 से अधिक चुनाव समितियां गठित की थीं। भाजपा जो सीटें हार गई वो हैं बुराड़ी, किराड़ी, सुल्तानपुर माजरा, सदर बाजार, चांदनी चौक, मटिया महल, बल्लीमारान, करोल बाग, पटेल नगर, तिलक नगर, दिल्ली कैंट, देओली, अंबेडकरनगर, कालकाजी, तुगलकाबाद आदि।



22 सीटों पर हुई भाजपा की हार की समीक्षा करे चुनाव प्रबंधन समिति के सदस्य।

# संत रविदास को जेपी नड्डा ने पुष्पांजलि अर्पित की



**नई दिल्ली।** संत शिरोमणी रविदास के जन्मोत्सव के अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने करोलबाग स्थित रविदास मंदिर जा कर प्रार्थना की और पुष्पांजलि अर्पित की। भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने मंदिर की श्रद्धालु पुस्तिका में संत रविदास के अनुनाईयों के नाम शुभकामना संदेश लिखा। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि संत रविदास की कथनी करनी किसी एक समाज तक सीमित नही है वह सर्व समाज हितैषी हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### 'सुपर सेफ्टी मैन' पुस्तक का लोकार्पण



**नई दिल्ली।** सड़क सुरक्षा माह के तहत सुपर सेफ्टी मैन नामक एक आकर्षक कॉमिक बुक जारी की है । इस कॉमिक बुक का उद्घाटन कंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम ( एम एस आर डी सी ) के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डॉ. अनिल कुमार गायकवाड़ की उपस्थिति में किया। सुपर सेफ्टी मैन में शानदार चित्रण और आकर्षक लघु-कहानियाँ संग्रह हैं जो सड़क सुरक्षा के महत्व को रेखांकित करती हैं। (13 लघु-कहानियाँ जो सड़क सुरक्षा जागरूकता, सुरक्षा के साथ-साथ एक जिम्मेदार नागरिक होने के बारे में बात करती हैं)। यह कॉमिक बुक अंग्रेजी और मराठी दोनों भाषाओँ में उपलब्ध है। सुरक्षा अभियान ट्रस्ट के सचिव एडवोकेट विराट विलास पवार द्वारा अंग्रेजी संस्करण लिखित है और ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. विलास पवार द्वारा मराठी संपादन है।

### युवा महोत्सव में डीयू ने जीते 16 पुरस्कार




**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय ने एआईयू के 38वें अंतर-विश्वविद्यालय क्षेत्रीय युवा महोत्सव में कुल सोलह पुरस्कार जीते हैं। डीयू कल्चर काउंसिल के चेयर पर्सन अनूप लाठर ने बताया कि हिसार के स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय में 8 से 12 फरवरी तक आयोजित हुए इस महोत्सव में डीयू की कुल 20 टीमों में 41 प्रतिभागीयों ने हिस्सा लिया था। उन्होंने बताया कि विभिन्न प्रतियोगिताओं में डीयू के प्रतिभागियों ने पांच प्रथम, चार द्वितीय, पांच तृतीय, एक चतुर्थ और एक पांचवां पुरस्कार प्राप्त किया है। डीयू कल्चर काउंसिल के डीन प्रो. रविंद्र कुमार ने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि संगीत श्रेणी में ओवर आल ट्रॉफी का प्रथम विजेता भी दिल्ली विश्वविद्यालय रहा है।

### भीमराव अंबेडकर कॉलेज में वार्षिक उत्सव

**नई दिल्ली।** डॉ भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय के 34वें वार्षिक उत्सव के अवसर पर अकादमिक, सांस्कृतिक और अन्य प्रतिस्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किये गए। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सदानंद प्रसाद ने कॉलेज की सालभर की गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए कॉलेज की शोथ अकादमिक एवं अन्य उल्लेखनीय उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को कक्षाओं के अलावा भी सीखने की आवश्यकता है। मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की पूर्व चेयरपर्सन विजया भारती रुपानी ने कहा कि समावेशी समाज निर्माण आज की आवश्यकता है। शिक्षा उसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। देश की प्रगति एवं विकास में शिक्षा की अहम भूमिका है और इसके केन्द्र में विद्यार्थी हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में कॉलेज एलुमनी एवं डिप्टी कमिश्नर इमरान रजा ने विद्यार्थियों को लगातार सीखते रहने की सलाह दी। उन्होंने शिक्षक को अपना रोल मॉडल बनाने का आह्वान किया।

# भारतीय संस्कृति में व्याप्त है विनम्र सेवा एवं आचरण का भाव

● हिन्दू आध्यात्मिक एवं सेवा संस्थान के शिविर में कन्या वंदन और आचार्य वंदन कार्यक्रम आयोजित

संवाददाता। प्रयागराज



**हिन्दू** आध्यात्मिक एवं सेवा संस्थान द्वारा सेक्टर आठ वेणी माधव मार्ग में आयोजित सेवा कुंभ के तहत कन्या वंदन एवं आचार्य वंदन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम संयोजक डा सी पी शर्मा ने अतिथियों का स्वागत एवं परिचय कराया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता गुणवंत सिंह कोठारी राष्ट्रीय संयोजक हिंदू आध्यात्मिक एवं सेवा संस्थान ने कहा कि गुरु शिष्य की भावना और विनम्र सेवा एवं आचरण का भाव भारतीय संस्कृति में व्याप्त है। भारतीय संस्कृति में सभी प्रकार की विविधताओं की अपनी विशेषताएं क्षमताएं और उपादेयता है। नारी शक्ति के रूप में उपस्थित कन्या संस्कृति एवं सभ्यता की भावी संवाहक है।

शक्ति के रूप में उपस्थित कन्या अपने भारतीय संस्कृति और परिवेश के अनुरूप अपने लिए योजनाएं और समाधान प्रस्तुत करने में सक्षम है। आवश्यकता है उनकी बातें गौर से सुनने समझने और उनके क्रियान्वयन के लिए उपयुक्त वातावरण उपलब्ध कराने की। भारतीय चिन्तन में नारी सदैव सदैव से मंत्र दृष्टा श्रद्धा शौर्य और राष्ट्रीय अस्मिता की प्रतीक रही है। मुख्य अतिथि श्रीमद्जगद्गुरु रामानंदाचार्य डा कमलाचार्य वेदांती महाराज काशी पीठाधीश्वर ने कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी सदैव से चिर विजयनी रही है। वह कन्या रूप में आदि काल से स्तुति योग्य हैं। सुशील हैं ब्रम्हवादिनी हैं बहुश्रुत हैं यशोमयी हैं। ऐसी उच्च कोटि शक्ति स्वरूपा और उनकी सुनिश्चित भूमिका के माध्यम से ही सशक्त संस्कार युक्त और आचरणवान संतति का निर्माण होना संभव हो सका। जिससे सुसंस्कृत एवं उन्नत भारत राष्ट्र का निर्माण हुआ विशिष्ट अतिथि सोम कान्त शर्मा सचिव हिंदू आध्यात्मिक एवं सेवा संस्थान राजस्थान प्रांत ने कहा कि गुरु गायत्री स्वरूप होते हैं जिनके वचनामृत संसार की संगति से उत्पन्न विषों का अन्त करने में समर्थ हैं।

हमें कन्या शक्ति की ऊर्जा व पराक्रम को समझने की जरूरत है। डा सी पी शर्मा ने कहा कन्याएं भविष्य की माता शिक्षिकाएं एवं समाज का आधार बनती हैं आदिकाल से ही भारतीय संस्कृति में देवी एवं विभिन्न शक्ति स्वरूपों में कन्या के वन्दन और पूजन की परम्परा रही है। उनके गरिमा में अभिवृ?द्धि उनके प्रति सम्मान भाव की प्रतिष्ठा तथा सामाजिक जन जागरण ही इस तरह के आयोजन का प्रमुख उद्देश्य है। साथ ही यह सर्वविदित है कि किसी भी समाज का वास्तविक व सर्वकालिक उत्थान उसके श्रेष्ठ मार्गदर्शक पर निर्भर होता है। शिष्य में गुरु के प्रति श्रद्धा मर्यादित आचरण का संस्कार भाव आदर के भाव जागरण हेतु आचार्य वंदन कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ।

कन्या वंदन कार्यक्रम में छोटी कन्या के रूप में उपस्थित मातृशक्ति का उनसे बड़े स्कूल के भाइ ?यों द्वारा पद प्रक्षालन पटका रोली अक्षत पुष्प आदि द्वारा पूजन किया गया। कार्यक्रम अध्यक्ष डा ऋषि सहाय ने कहा कि इस तरह के आयोजन निश्चित रूप से सामाजिक समरसता आत्मिक उत्कर्ष मातृशक्ति की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करने का संदेश देते हैं। समाज में आचार्य की गुरुतर भूमिका के रूप में योगदान करने वाले 121 महत्वपूर्ण एवं विशिष्ट शिक्षकों का जीवन रक्षक के प्रतीक पौधे पटका गीता एवं प्रमाण पत्र से मंचासीन अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संयोजन डा सी पी शर्मा अध्यक्ष प्रयागराज कोचिंग एंड वेलफेयर सोसायटी ने किया।

कार्यक्रम का संचालन डा सी पी शर्मा एवं मोनिका और धन्यवाद ज्ञापन कार्यालय प्रमुख डा अमित कुमार दूबे ने किया। कार्यक्रम में हिंदू आध्यात्मिक एवं सेवा संस्थान पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्र संयोजक अमरनाथ महेश्वर मिश्र युगल किशोर नागेंद्र जायसवाल जी डी जोशी वंदना तिवारी राजेन्द्र प्रसाद सिंह नटवर लाल भारती नागेंद्र सिंह चौहान अरूण श्याम अनूप आदि उपस्थित रहे।

# महाशिवपुराण के प्रथम हिंदी पद्य रूपांतरण शिवायन महाग्रंथ का हुआ विमोचन

संवाददाता। प्रयागराज




**सनातन** धर्म के आध्यात्मिक इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ते हुए महाशिवपुराण के प्रथम हिंदी पद्य रूपांतरण शिवायन का भव्य विमोचन प्रयागराज महाकुंभ स्थित श्री सर्वेश्वर निम्बार्क सेवाधाम नगर में हुआ। इस ऐतिहासिक ग्रंथ को संत श्री कृष्ण मुरारी सहाय सक्सेना ने अपनी 40 वर्षों की कठोर तपस्या से रचा था। इस महाग्रंथ में 11 खंड 411 अध्याय और 4011 दोहे संकलित हैं जो शिव महिमा का दिव्य गान करते हैं। गीता प्रेस गोरखपुर के विद्वानों के मार्गदर्शन में संपादित इस ग्रंथ का प्रकाशन ज्ञान देवी प्रकाशन भोपाल द्वारा किया गया है। शिवायन विमोचन समारोह में देश विदेश से आए विद्वानों संत समाज धर्माचार्यों एवं श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मुख्य अतिथि आचार्य महामण्डलेश्वर श्रीमहन्त स्वामी श्री पद्मनाभ शरण देवाचार्य परमाध्यक्ष श्री निम्बार्क परिषद ने उक्त महाग्रंथ को सनातन संस्कृति की अमूल्य धरोहर बताते हुए कहा कि शिवायन केवल एक ग्रंथ नहीं बल्कि शिवतत्व की आध्यात्मिक अनुभूति का महासागर है। कार्यक्रम में विभिन्न वेदाचार्यों एवं संतों ने शिव महिमा पर अपने विचार व्यक्त किए और महाशिव पुराण के इस काव्यात्मक स्वरूप को एक अद्वितीय धार्मिक उपलब्धि बताया। विद्वानों ने इस बात पर बल दिया कि शिवायन शिवभक्तों के लिए साधना ज्ञान और भक्ति का अनुपम स्रोत सिद्ध होगा। सन्त कृष्ण मुरारी सहाय सक्सेना द्वारा शिवपुराण के हिन्दी पद्यानुवाद के रूप में शिवायन ग्रन्थ की रचना की गई थी। गोस्वामी तुलसीदास ने जैसे रामायण हिन्दी में रामचरितमानस के रूप में लिखा उसी तरह शिवपुराण को शिवायन के रूप में लिखा गया है। आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी पद्मनाभशरण देवाचार्य प्रो भगवत शरण शुक्ल बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय लालमणि तिवारी प्रबन्ध सम्पादक गीताप्रेस ने शिवायन ग्रन्थ का पूजन अर्चन करके ग्रन्थ भक्तों को समर्पित किया। इस ग्रन्थ से कोई भी हिन्दी में भगवान शिव की कथा समझ व गा सकता है।

# भक्ति आंदोलन के अगुआ थे संत रविदास: अजीत रावत



**सोनभद्र।** रावर्टसगंज नगर स्थित दलित बस्ती में बुधवार को संत रविदास की जयंती सदर ब्लाक प्रमुख व भाजपा अनसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष अजीत रावत एव जिला महामंत्री पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कृष्ण मुरारी गुप्ता के नेतृत्व में मनाई गई है। सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत ने बताया कि हर साल गुरु रविदास की जयंती माघ पूर्णिमा के दिन मनाई जाती है। संत रविदास का जन्म उत्तर प्रदेश वाराणसी के सीर गोवर्धनपुर गांव में हुआ था। गुरु रविदास को रैदास भी कहा जाता है। संत रविदास भक्ति आंदोलन के अगुआ थे। उन्होंने समानता और एकता के लिए खूब काम किया। उनके दोहों में भी जाति-पाति, भक्तिभाव जैसे विचार नजर आते हैं। संत रविदास की जयंती के मौके पर उनके दोहे पढ़ें और जीवन में आत्मसात करें। भाजपा नगर अध्यक्ष विनय श्रीवास्तव ने कहाकि संत रविदास के लोकप्रिय दोहे अपने करीबियों को भेजकर समानता और एकता के लिए प्रेरित करनें के साथ ही अपने जीवन में भक्ति का समावेश कर सकते हैं। इस दौरान आलोक रावत रवि कनौजिया कन्हैया भारतीय सरोज भारती मीणा भारती संगीता पासवान अनीता कनौजिया जयचंद प्रसाद रमेश भारती संजय कुमार अजय रावत सुनील कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# ई-खसरा कार्य के निर्धारित लक्ष्य को हर हाल में किया जाय पूरा: जिलाधिकारी

संवाददाता। सोनभद्र



**जिलाधिकारी** बी0एन0 सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में रबी मौसम खसरा पड़ताल का ई-खसरा पड़ताल ऐप के माध्यम से पोर्टल पर निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण न किये जाने पर कार्य में लगे अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

इस कार्य में लगे अधिकारियों द्वारा अब तक किये गये कार्यों के प्रगति को देखते हुए बारी-बारी से विभिन्न बिन्दुओं पर गहनता पूर्वक समीक्षा की गयी, शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य 9 लाख 56 हजार 283 गाटे के सापेक्ष प्रगति 1 लाख 47 हजार 190 ही है, जो प्रगति काफी कम है। निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति कम पाये जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए ई-खसरा कार्य से जुड़े सम्बन्धितों को निर्देशित करते हुए कहा तत्काल ई-खसरा कार्य के निर्धारित लक्ष्य को हर हाल में पूरा किया जाये। जिन सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी द्वारा लक्ष्य को पूरा करने में लापरवाही व शिथिलता बरती जाती है, उनके खिलाफ विधिक कार्यवाही करते हुए उच्च स्तर पर पत्राचार भी किया जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि कृषि विभाग व उप निदेशक कृषि विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य 1 लाख 88 हजार के सापेक्ष 94 हजार है जो 50 प्रतिशत है, राजस्व विभाग कें लक्ष्य 4 लाख 52 हजार के सापेक्ष 70 हजार है जो 15.6 प्रतिशत है, पंचायत विभाग का लक्ष्य 2 लाख 56 हजार के सापेक्ष 35 हजार है जो 14 प्रतिशत है, जो अत्यन्त ही खेदजनक है। उन्होंने कृषि विभाग राजस्व विभाग व पंचायत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि ई-खसरा के कार्य में लगे लेखपाल पंचायत सहायक व प्राविधिक सहायक के कार्य का भ्रमणशील रहते हुए स्थलीय निरीक्षण अवश्य करें। इस दौरान जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी सहदेव कुमार मिश्र को निर्देशित करते हुए कहा कि सम्बन्धित अधिकारी व कार्मिक द्वारा किये गये ई-खसरा कार्य का नियमित रूप से सत्यापन किया जाये।

## रेल विद्युतीकरण के शताब्दी वर्ष पर कोर में हुआ वृक्षारोपण

**प्रयागराज।** भारतीय रेल में इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन प्रयागराज में उद्घाटन समारोह के पश्चात विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इसी क्रम में संजय कुमार श्रीवास्तव महाप्रबंधक कोर की अध्यक्षता में मुख्यालय प्रांगण में पौधारोपण अभियान का आयोजन किया गया। महत्वपूर्ण कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देना और हरित पर्यावरण के अनुकूल वातावरण बनाए रखने के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना है। इस आयोजन में यतेंद्र कुमार मुख्य प्रशासनिक अधिकारी सहित एस एस नेगी मुख्य विद्युत इंजीनियर आर एन सिंह प्रमुख मुख्य संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर तथा अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे। सभी ने परिसर में पौधे लगाए। जिससे भारतीय रेलवे की कार्बन फुटप्रिंट को कम करने और हरियाली बढ़ाने की प्रतिबद्धता को बल मिलेगा। यह जानकारी कल्याण सिंह मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी ने दी।

## क्विक न्यूज

### सौर ऊर्जा से चलेंगे सीआईएसएफ परिसर

**बीजपुर, सोनभद्र।** नवीकरणीय ऊर्जा और स्थिरता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम में, सीआईएसएफने 11 राज्यों में स्थित 16 सीआईएसएफपरिसरों में 3281 किलोवाट छत सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना के लिए एनटीपीसी विद्युत व्यापार निगम के साथ बिजली खरीद समझौते पर हस्ताक्षर किया है। यह सीआईएसएफ परिसरों अर्थात् आरटीसी अराकोणम, महिपालपुर कैंपस, आरटीसी बहरोड़ में स्थापित 1990 किलोवाट क्षमता की मौजूदा परियोजनाओं के अतिरिक्त होगा। नई स्थापनाओं के पूरा होने पर सभी सीआईएसएफपरिसरों में कुल स्थापित सौर ऊर्जा क्षमता 5271 किलोवाट तक पहुंच जाएगी। यह पहल ऊर्जा सुरक्षा और हरित भविष्य के लिए भारत सरकार के दृष्टिकोण के अनुरूप है। गृह मंत्रालय ने सभी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में छत पर ग्रिड सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना संचालन और रखरखाव के लिए नवीकरणीय ऊर्जा सेवा कंपनी मॉडल के तहत परियोजना के कार्यान्वयन का काम एनवीवीएन को सौंपा है। इस मॉडल के तहत पूंजीगत व्यय निष्पादन फर्म, एनवीवीएन द्वारा वहन किया जाता है जबकि विभाग को 25 वर्षों की संपूर्ण अनुबंध अवधि के लिए, एक निश्चित टैरिफदर पर केवल उत्पादित बिजली के लिए भुगतान करना होता है। एनवीवीएन को 31 अक्टूबर 2025 तक सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना पूरी करने और परिचालन शुरू करने की उम्मीद है।

### एनसीएल में राष्ट्रीय उत्पादकता सप्ताह का हुआ शुभारंभ

**सोनभद्र।** बुधवार को नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के मुख्यालय में राष्ट्रीय उत्पादकता सप्ताह का शुभारंभ सीएमडी एनसीएल, बी. साईराम ने झंडा फहराकर किया। कार्यक्रम के दौरान निदेशक मनीष कुमार, रजनीश नारायण, जितेंद्र मलिक, मुख्यालय के विभागाध्यक्ष तथा अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे। इस वर्ष यह सप्ताह विचारों से प्रभाव तक: प्रतिस्पर्धात्मक स्टार्टअप के लिए बौद्धिक संपदा की रक्षा करना विषय पर मनाया जा रहा है। उद्घाटन समारोह के दौरान अपने उद्बोधन में सीएमडी एनसीएल, बी. साईराम ने उत्पादकता को किसी भी राष्ट्र के विकास का आधार स्तम्भ बताते हुए उपलब्ध संसाधनों के समुचित उपयोग पर बल दिया। उन्होनें कहा कि एनसीएल देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में उत्पादकता के वैश्विक मानक स्थापित करेगी। कार्यक्रम के दौरान मनोज कुमार सिंह ने सभी को कार्यस्थल पर सुरक्षा के साथ उत्पादन और उत्पादकता में अभिवृद्धि, संसाधनों का संतुलित तथा समुचित उपयोग करते हुए सुदृढ़ कार्य संस्कृति की स्थापना, समाज के जीवन स्तर एवं राष्ट्र की समृद्धि के लिए अपना योगदान देने तथा सहकर्मियों को भी इस दिशा में प्रोत्साहित करने की शपथ दिलाई। गौरतलब है कि 12से 18फरवरी तक चलने वाले उत्पादकता सप्ताह के दौरान एनसीएल के सभी कोयला क्षेत्रों और इकाइयों में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से उत्पादकता बढ़ाए जाने के प्रति कर्मियों को प्रेरित किया जाएगा। इसी कड़ी में 18 फरवरी को एनसीएल द्वारा नवाचार ओर सर्वोत्तम प्रथाओं पर एक सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। एनसीएल की सभी परियोजनाओं एवं इकाइयों में उत्पादकता सप्ताह अत्यधिक उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है।

### राष्ट्रीय जिमनास्टिक में नीरज ने जीता कांस्य पदक



**प्रयागराज।** देहरादून उत्तराखंड में 28 जनवरी से 14 फरवरी तक आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेल में प्रयागराज के नीरज द्विवेदी ने एक्रॉबेटिक्स जिमनास्टिक्स स्पर्धा में कांस्य पदक जीता है। झलवा निवासी इलाहाबाद पब्लिक स्कूल के क्रीड़ा प्रभारी सतीश द्विवेदी ने बताया कि उनके छोटे भाई नीरज द्विवेदी ने सर्विसेज टीम से प्रतिभाग करते हुए कॉमबाईन्ड सेट कांस्य पदक जीता। भारतीय सेना में कार्यरत नीरज मद्रास इंजीनियर ग्रुप एवं सेंटर बंगलौर में तैनात हैं। नीरज की सफलता पर पूरे परिवार ने हर्ष व्यक्त किया है।

### पूर्व अध्यक्ष संजय कुमार मिश्र को दी गई श्रद्धांजलि

**प्रयागराज।** इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के कार्यालय में पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय संजय कुमार मिश्र की द्वितीय पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन और इफको फूलपुर इकाई क्रिकेट टीम के सदस्यों ने स्वर्गीय संजय कुमार मिश्र को श्रद्धा सुमन के साथ भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक सभा में इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग तिवारी और महामंत्री स्वयम प्रकाश बी पी सिंह सी बी सिंह गौतम कुमार अनिल कुमार यादव एस के अवस्थी पी सी मिश्र विष्णु कांत तिवारी एस के श्रीवास्तव एन के मिश्र क्रिकेट टीम के कप्तान राबिन रंजन अपनी टीम के साथ मौजूद रहे। यह जानकारी स्वयम प्रकाश जनसम्पर्क अधिकारी इफको फूलपुर ने दी।

# भयभीत जीवनशैली जैसे कारणों से पैदा होता है तनाव: डॉ अजय सोनकर

संवाददाता। प्रयागराज

**हमारी** जीवनशैली में अस्वस्थ खानपान को मधुमेह हृदय रोग कैंसर और अन्य तमाम गम्भीर रोगों के लिए उत्तर दायी माना जाता है। खासकर युवाओं में जंक फ़ूड और देर रात्रि आनलाइन फ़ूड सप्लाई के माध्यम से खाने की बुरी आदतें आम हो गई हैं। जिसके लिए खानपान में असनशीलता और बुरी आदतों को ज़िम्मेदार माना जाता है। किन्तु इस आपदा को विज्ञान की दृष्टि के देखने पर कारण का एकदम अलग रूप का दर्शन होता है।

विश्वप्रसिद्ध वैज्ञानिक पद्मश्री डा अजय सोनकर ने बताया कि यह स्थिति असुरक्षा और भयभीत जीवन शैली जैसे कई कारणों से उत्पन्न तनाव के कारण पैदा हुई है। उन्होंने खुलासा किया कि शोध से संकेत मिलता है कि तनाव मस्तिष्क ग्लाइकोजन के स्तर में कमी ला सकता है। मुख्य रूप से कोर्टिसोल जैसे ग्लूकोकोर्टिकोइड्स की बढ़त के कारण मस्तिष्क में ग्लाइकोजन टूटने को उत्तेजित करता है विशेष रूप से एस्ट्रोसाइट्स के भीतर जहां अधिकांश मस्तिष्क ग्लाइकोजन संग्रहीत होता है। यह कमी संज्ञानात्मक कार्य और मनोदशा नियंत्रण पर तनाव के नकारात्मक प्रभावों में योगदान करती है। जब तनाव होता है तो शरीर ग्लूकोकोर्टिकोइड्स छोड़ता है जो ग्लाइकोजन को ग्लूकोज में तोड़ने वाले एंजाइम को सक्रिय कर देता है जिससे मस्तिष्क में ग्लाइकोजन भंडार कम हो जाता है। मस्तिष्क ग्लाइकोजन मुख्य रूप से एस्ट्रोसाइट्स में संग्रहीत होता है। जिन्हें ग्लियाल कोशिकाएं कहते हैं जो न्यूरॉन्स को संचालित करती हैं मस्तिष्क ग्लाइकोजन में गिरावट रक्त में शर्करा का स्तर गिरा देती है यानि हाइपोग्लाइसीमिया में योगदान करती है क्योंकि ग्लाइकोजन ग्लूकोज के संग्रहण के रूप में कार्य करता है। जिसे मस्तिष्क मुख्य रूप से ऊर्जा के लिए उपयोग करता है। इसलिए जब मस्तिष्क ग्लाइकोजन का स्तर गिरता है तो यह आसानी से उपलब्ध ग्लूकोज की कमी का कारण बन जाता है। जिससे रक्त में शर्करा का स्तर गिर जाता है।

निम्न रक्त शर्करा का स्तर या हाइपोग्लाइसीमिया चीनीयुक्त भोजन की लालसा पैदा करता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि शरीर रक्त शर्करा के स्तर को बढ़ाने के लिए चीनी की मांग करता है। इस प्रकार जब रक्त शर्करा का स्तर गिरता है तो शरीर उन्हें बढ़ाने के लिए चीनी युक्त भोजन करने के लिये प्रेरित करता है। इस तरह तनाव चीनी और परिष्कृत कार्बोहाइड्रेट की लालसा पैदा होती है। डा अजय के कहा कि युवाओं में बढ़ते अस्वस्थ और असमय ख़ासकर देर रात्रि में भोजन करने की प्रवृति को समझा बुझाकर या दबाव डालकर नहीं बदला जा सकता।

## परम्परा व आध्यात्मिकता का अनूठा संयोजन: तिवारी



**प्रयागराज।** दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक समागम महाकुम्भ में पूजा श्री प्रोडक्टस स्टॉल प्लॉट नंबर एफ तीन ऋषिकुल के सामने प्रयागराज कॉटेज सेक्टर पच्चीस टेंट सिटी श्रद्धालुओं सेलेब्रिटीज़ एवं आध्यात्मिक साधुओं के लिए आकर्षण का केन्द्र बना है। इस अवसर पर पूजाश्री के संस्थापक राजीव तिवारी और शशांक आर्या ने कहा भव्य आयोजन में पूजाश्री शुद्ध एवं प्रमाणित पूजा सामग्री की अनूठी श्रृंखला लेकर आया है जो सनातनी परम्पराओं को आधुनिक दौर के साथ जोड़ती हैं और असंख्य लोगों को आकर्षित कर रही हैं।

महाकुम्भ के अवसर पर सेलेब्रिटी तान्या मित्तल तथा कई अन्य दिग्गजों ने पूजा श्री स्टॉल का दौरा किया। वह स्टॉल में उपलब्ध प्रोडक्टस की गुणवत्ता एवं शो रूम की भव्यता से मंत्रमुग्ध हो गए। कई मंदिरों संत समुदायों तीर्थयात्रियों एवं आध्यात्मिक यात्रियों ने पूजाश्री की शुद्धता एवं वैदिक प्रमाणिकता को सराहा है।

पूजाश्री ने पूजा सामग्री की एक्सक्लुज़िव रेंज के साथ महाकुम्भ में आए श्रद्धालुओं का मन मोह लिया है यह सामग्री शुद्धता वैदिक परम्पराओं और आध्यात्मिकता का अनूठा संयोजन है। विशेष रूप से लाई गई इस पेशकश में विभिन्न प्रकार की पूजा के लिए हवन सामग्री किट पंचदेव भगवान शिव विष्णु गणपति सूर्य एवं दुर्गा के अनुकूल अष्टगंध शामिल है।

महाकुम्भ के विशेष संगम यज्ञ किट में यज्ञ तथा गंगा यमुना एवं सरस्वती के पावन संगम पर तीर्थ श्राद्ध के लिए ज़रूरी सामग्री शामिल है। दीपन किट ने भी श्रद्धालुओं को खूब लुभाया है। जिसमें संगम पर किए जाने वाले रीति-रिवाजों के लिए पवित्र दिया शामिल है। प्रमाणिकता को बनाए रखते हुए पूजाश्री बांस रहित दिव्य अगरबत्ती यूरोपीय मानकों द्वारा प्रमाणिक पर्यावरण के अनुकूल सुगंधी रेंज है।

# दिशिता महिला मंडल ने प्रशिक्षुओं को वितरित किये प्रमाण पत्र




**सोनभद्र।** दिशिता महिला मंडल रेनूसागर की अध्यक्षा इन्दू सिंह के दिशा निर्देशन में सामाजिक उत्तररदायित्वों के प्रति महिला मंडल सतत् प्रयत्नशील रहा है। इसी श्रृंखला में सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं व बालिकाओं को सम्मानित कर बीते सोमवार को सिलाई प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

इस अवसर पर दिशिता महिला मंडल रेनुसागर की अध्यक्षा इन्दू सिंह ने कहा कि अधिकांश महिलायें व बालिकाऐं निकटवर्ती क्षेत्र से है वें जीवन में परिवारिक दायित्वों के साथ कुछ न कुछ करना चाहती है ऐसे में दिशिता महिला मंडल रेनूसागर द्वारा सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र के माध्यम से अपने हुनर को निखारने का अवसर प्रदान करता है। इस दौरान 19 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। दिशिता महिला मंडल रेनुसागर की सहसचिव तुलिका श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सिलाई के छः माह प्रशिक्षण की पूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम में उपस्थित प्रशिक्षण प्राप्त बालिकाओं एंव महिलाओं ने कहा कि महिला मंडल के इस नेक कार्य से हम लोग अपने आप को आत्मनिर्भर बनाते हुए अपने परिवार तथा बच्चों के प्रति आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने में सहायक भूमिका अदा कर सकेगें।

# सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बनाया ग्रामोदय महोत्सव के समापन को यादगार

संवाददाता। चित्रकूट




**महात्मा** गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय परिसर में पांच दिनों से चल रहे ग्रामोदय महोत्सव के समापन सहित स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। साथ ही जंयती के अवसर पर संत रविदास को याद किया गया।

समारोह में कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने कहा कि संत रविदास ने सामाजिक समरसता, भक्ति और मानवता का संदेश दिया। उनका जीवन हमें सिखाता है कि कर्म, सद्भाव और प्रेम के मार्ग पर चलकर समाज में समानता और न्याय स्थापित किया जा सकता है। उनके आदर्शों को अपनाकर एक समतामूलक समाज की स्थापना का संकल्प लें। कहा कि 12 फरवरी 1991, महाशिवरात्रि के दिन विवि की स्थापना, भारत रत्न नानाजी के प्रयास और प्रेरणा से हुई थी। स्थापना पर्व पर आयोजित ग्रामोदय महोत्सव हमारी सामूहिकता का उद्घोष है, हमारे आत्मबोध का उत्सव है। इस महोत्सव की शुरुआत ग्रामोदय से राष्ट्रोदय संगोष्ठी से हुई, खेलकूद की विभिन्न स्पर्धाओं, बौद्धिक और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं ने छात्रों में टीम भावना और अनुशासन को बढ़ावा दिया तथा युवाओं में रचनात्मकता और तर्कशीलता को प्रेरित किया। सांची बौद्ध भारतीय ज्ञान अध्ययन शाला विश्वविद्यालय भोपाल के कुलगुरु प्रो बैद्यनाथ लाभ ने कहा कि समर्पण और जज्बा हो तो कोई भी बाधा हमें रोक नहीं सकती। संकल्प और मेहनत से किसी भी परिस्थिति को बदला जा सकता है। कहा कि जब आप सब पढ़ लिख कर दुनिया की हलचल का हिस्सा बन जाएंगे तो यह पल बहुत याद आएंगे। इसलिये इन पलों को, इन यादों को, सहेज लीजियेगा क्योंकि यह पल दुबारा नही मिलने वाले।

स्थापना दिवस समारोह के दौरान विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का संयोजन डॉ विवेक फड़नीश और संचालन ललित कला के विद्यार्थियों ने किया।

# माघ पूर्णिमा पर चित्रकूट की मंदाकिनी गंगा में अमृत स्नान को उमड़ा आस्थावानों का सैलाब

● लाखों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाकर किया दान-पुण्य

● डीआईजी, डीएम व एसपी ने भ्रमण कर लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

संवाददाता। चित्रकूट



**धर्म** नगरी चित्रकूट में माघ पूर्णिमा के स्नान के लिए लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। महाकुंभ प्रयागराज त्रिवेणी संगम स्नान के बाद लाखों की संख्या में श्रद्धालु धर्मनगरी पहुंच रहे हैं और रामघाट पर मां मंदाकिनी नदी पर स्नान कर कामदगिरि पर्वत की परिक्रमा कर रहे हैं। तो वहीं श्रद्धालु माघी पूर्णिमा को लेकर दान पुण्य भी कर रहे हैं क्यों कि इस पर्व पर स्नान दान का विशेष महत्व है। देश भर लाखों श्रद्धालु प्रयागराज महाकुंभ स्नान के लिए चित्रकूट से निकल रहे हैं तो ऐसे में धर्म नगरी में आस्थावानों की भारी भीड़ लग रही है। जिसके चलते बीते चार दिनों से शहर में भीषण जाम की स्थिति बनी हुई है। हालांकि कि आज जाम के कारण वाहन रुक रुक कर निकाले जा रहे हैं।

बिहार से आये एक दर्जन श्रद्धालु ने बताया कि वह प्रयागराज से कल 3 बजे चले थे और सुबह 4 बजे चित्रकूट पहुंचे हैं। 11घंटे उन्हें लगे हैं। तो वहीं महाराष्ट्र से आए यात्रियों ने कहा कि व्यवस्थाएं तो अच्छी है लेकिन जाम बहुत है। हम 36 घंटे में आ पाये है। दिल्ली से आये एक कालेज के प्रिंसिपल दंपति ने कहा कि 144 साल बाद हमें यह अवसर मिला है आज हम मां मंदाकिनी में स्नान करेंगे और फिर कर त्रिवेणी संगम में स्नान करने जा रहे है। मोदी-योगी सरकार ने बहुत ही अच्छे इंतजाम किए हैं। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन खुद मेलें में कड़ी नजर बनाए हुए हैं। सुबह ही उन्होंने रामघाट, बेड़ी पुलिया, परिक्रमा मार्ग पहुंचकर भीड़ का जायजा लिया और ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। साथ रामघाट पर स्टीमर से भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

वहीं डीआईजी अजय कुमार सिंह ने एसपी अरूण कुमार सिंह ,अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं नगर पालिका ईओ लालजी यादव आदि के साथ रामघाट व कामदगिरि परिक्रमा का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।इस मौके पर डीएम शिवशरणप्पा जीएन ने कहा कि रामघाट में आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं मेले में लगे सेक्टर मजिस्ट्रेट जोनल मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया कि किसी प्रकार की समस्या श्रद्धालुओं को नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने अधिशासी अधिकारी कर्वी को निर्देशित किया कि रामघाट परिक्रमा मार्ग पर साफ सफाई बनी रहनी चाहिए उन्होंने सुरक्षा में लगे सुरक्षा कर्मियों को भी निर्देशित किया कि अपनी-अपनी जगह सतर्क होकर ड्यूटी करें। उन्होंने सिंचाई विभाग को निर्देशित किया कि मंदाकिनी नदी में बैरिकेडिंग के साथ ही साथ पोस्टर लगवाएं जिससे कि श्रद्धालु अंदर ना जाने पाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, अधिशासी अधिकारी कर्वी लाल जी यादव सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## मोदी की फ्रांस यात्रा

### साझा दृष्टिकोण

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी की फ्रांस यात्रा में तकनीकी खोज एवं वैश्विक स्थायित्व पर साझा दृष्टिकोण सामने आया है। प्रधानमंत्री मोदी की फ्रांस यात्रा भारत-फ्रांस संबंधों में महत्वपूर्ण अध्याय है जिसमें कृत्रिम बुद्धि-एआई में विकास, रक्षा सहयोग तथा साझा ऐतिहासिक संबंधों के सम्मान पर ध्यान दिया गया है। 'एआई एक्शन समिट' के सह-आतिथेय राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रान और प्रधानमंत्री मोदी हैं। इस सम्मेलन में दुनिया भर के नेता, टेक उद्योगों के कार्यकारी तथा शोधकर्ता एआई के नैतिक आयामों तथा समाज को इसके संभावित लाभों पर विचार करने के लिए एकत्र हुए हैं। इस सम्मेलन का उद्देश्य फ्रांस और भारत को एआई क्रांति में अग्रणी स्थान पर रखने के लिए जिम्मेदार और लोकतांत्रिक एआई नियंत्रण की आवश्यकता पर जोर देना है। सम्मेलन का उल्लेखनीय परिणाम 'करेंट एआई' साझेदारी की घोषणा है जो 400 मिलियन डालर के शुरुआती निवेश वाली सार्वजनिक हित पहल है। इस साझेदारी का उद्देश्य डेटाबेसों, साफ्टवेयर तथा विश्वस्त एआई पक्षों के टूल्स तक ओपेन-सोर्स पहल सुनिश्चित करना तथा स्वास्थ्यरक्षा व पर्यावरण टिकाऊपन जैसी वैश्विक चुनौतियों का सामना करने में एआई के प्रयोग को प्रोत्साहित करना शामिल है।

एक उल्लेखनीय घटनाक्रम के रूप में फ्रांस भारत का स्वदेश में विकसित पिनाक मल्टीबैरल राकेट लांचर सिस्टम खरीदने पर चर्चा कर



रहा है। इस संभावित समझौते से रक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण परिवर्तन होगा क्योंकि इससे भारत पहली बार अपने प्रमुख आयुध निर्यातक देश को भारत-निर्मित आयुध निर्यात करने में सफल होगा। 90 किलोमीटर रेंज वाली पिनाक प्रणाली का प्रदर्शन फ्रांसीसी प्रतिनिधिमंडल के समक्ष किया गया है और इस पर सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने मार्सिलेज़ स्थित 'माजारग्यूस वार सीमिट्री' में विश्व युद्धों में बलिदान करने वाले भारतीय सैनिकों को श्रृद्धांजलि दी। इससे भारत और फ्रांस के बीच गहरे ऐतिहासिक संबंधों का पता चलता है तथा दोनों देशों को जोड़ने वाले साझा मूल्य व बलिदान रेखांकित होते हैं। इस यात्रा के दौरान मार्सिलेज़ में पहले भारतीय कौंसुलेट के उद्घाटन से राजनयिक संबंधों में बेहतरी का भी संकेत मिलता है। इस कदम से द्विपक्षीय संबंध मजबूत होंगे, अनिवासी भारतीयों को बेहतर कौंसिलर सुविधाओं का लाभ मिलेगा तथा दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक व आर्थिक लेनदेन को बढ़ावा मिलेगा। भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रान ने 'होराइज़न 2047' रोडमैप पर प्रगति की समीक्षा भी की। इस पहल का प्रारंभ 2023 में किया गया था जो 2047 तक भारत-फ्रांस संबंधों को रेखांकित करती है। इस रोडमैप में प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग पर ध्यान केन्द्रित किया गया है जिनमें नाभिकीय ऊर्जा, रक्षा और तकनीक तथा दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी मजबूत करना शामिल हैं। वैश्विक एआई संवादों और साझेदारियों में शामिल होने से भारत सार्वजनिक हित के लिए एआई का लाभ उठाने के साथ स्वास्थ्यरक्षा, कृषि और शिक्षा में इसके माध्यम से चुनौतियों का सामना करना चाहता है। फ्रांस को पिनाक प्रणाली की संभावित बिक्री से न केवल भारत के रक्षा निर्यात को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि इससे भारत की स्वदेशी रक्षा विनिर्माण क्षमताओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकार्यता भी मिलेगी। मार्सिलेज़ में भारतीय कौंसिलेट के उद्घाटन तथा 'होराइज़न 2047' रोडमैप की समीक्षा के माध्यम से फ्रांस के साथ भारत की द्विपक्षीय संबंध विकसित करने की इच्छा प्रकट होती है। भारत और फ्रांस के बीच अनेक क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग तेजी से विकसित हो रहा है। निश्चित रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हालिया फ्रांस यात्रा ने इस दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

# ट्रंप की 'अमेरिका प्रथम' नीति

**डोनाल्ड ट्रंप के दूसरी बार अमेरिका का राष्ट्रपति बनने के समय देश जलवायु विभीषिकाओं तथा आर्थिक अनिश्चितता के उथलपुथल भरे परिवेश का सामना कर रहा है।**



**बी के सिंह**
(लेखक, सेवानिवृत्त आईएएफएस अधिकारी हैं)



अमेरिकन राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद डोनाल्ड ट्रंप द्वारा हस्ताक्षरित पहले कार्यकारी आदेशों में पेरिस जलवायु समझौते से बाहर जाने का निर्णय है। इस प्रकार उन्होंने अपने चुनाव प्रचार में किया वादा पूरा करते हुए देश में पैदा अनेकानेक जलवायु संबंधी बाधाओं को अनदेखा किया है। हरीकेन बेरिल व हरीकेन मिल्टन में कम से कम 335 लोगों की जानें गई हैं और इस प्रकार 2005 के बाद अमेरिकन महाद्वीप के लिए 2024 सबसे घातक हरीकेन वर्ष बन गया है।

ऐसे समुद्री तूफानों से हर बार इमारतें, सड़कें और पुल नष्ट होते हैं, कई दिनों तक बिजली चली जाती है तथा लोगों को कई दिनों और सप्ताहों तक बिना बिजली के रहना पड़ता है। 2025 में अमेरिका के मध्य व पूर्वी क्षेत्रों में असाधारण बर्फबारी हुई जिससे ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के उद्घाटन समारोह का स्थल बदलना पड़ा। इसके एक सप्ताह पहले लासएंजेल्स क्षेत्र में लगी जंगलों की विनाशकारी आग ने देश के पश्चिमी हिस्से को झकझोर दिया था। यह आग दस दिन जलती रही। जलवायु विशेषज्ञों ने इसका कारण तेज सांटाअना हवाओं तथा अत्यधिक सूखे मौसम को बताया है जिससे जंगल की वनस्पतियों में आग लगने की संभावना प्रबल हो जाती है।

लास एंजेल्स की आग में कम से कम 25 लोग मारे गए, 15,000 से अधिक इमारतें नष्ट हुईं तथा 200 किलोमीटर से अधिक क्षेत्र बरबाद हो गया। इससे सुरक्षा के लिए हालीवुड अभिनेताओं समेत 60,000 लोगों को अपने घर छोड़ने पड़े। पैलीसेड्स ओर ईटन क्षेत्र में आग लगातार दस दिन जलती रही। एलनीनो और अन्य मौसम स्थितियों के बाद लानीना आ गया जिसने तूफान को अमेरिका के उत्तरी क्षेत्र की ओर वापस धकेल दिया। इससे उत्तरी हिस्सा तुलनात्मक रूप से अधिक नम तथा दक्षिणी हिस्सा अधिक सूखा हो गया। सांटाएना हवायें इस क्षेत्र में जनवरी और फरवरी में सामान्य रूप से चलती हैं और इनमें हवा की गति बहुत तेज 120 किलोमीटर प्रति घंटे तक हो सकती है। इससे नुकसान पर नियंत्रण कठिन हो जाता है। ठंडे भीतरी क्षेत्रों तथा गरम तटीय क्षेत्रों के कारण ये हवायें पैदा होती हैं। क्षेत्र में सूखेपन की सीमा इस तथ्य से समझी जा सकती है कि साल भर पहले केवल आधा इंच बरसात हुई थी। अपनी 'अमेरिका प्रथम' नीति में ट्रंप लगातार कनाडा, मैक्सिको, चीन तथा अनेक अन्य देशों से आयातित वस्तुओं पर टैरिफ बढ़ाने की बात करते हैं।

उन्होंने इन देशों में ब्राजील और भारत का नाम भी शामिल किया है जो अमेरिका को अपने टैरिफ के कारण नुकसान पहुंचाते हैं। ट्रंप की कार्रवाई से देशों के बीच व्यापार युद्ध छिड़ सकता है जिसका प्रभाव अनेक विकासशील अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ेगा। उन्होंने संघीय कार्यबल में कमी करने के प्रयासों के अंतर्गत दो मिलियन संघीय कामगारों को इस्तीफा देने का विकल्प दिया है, हालांकि उनको सितंबर 2025 तक वेतन मिलता रहेगा। इससे वे उन लोगों को दंड देना चाहते हैं जो उनके राजनीतिक एजेंडे का समर्थन नहीं करते हैं।

हालांकि, संघीय कानून ने लंबे समय से सिविल सर्वेन्टों को दबाव तथा राजनीतिक हस्तक्षेप से सुरक्षा दी है, पर राष्ट्रपति ट्रंप अपनी शक्ति की परीक्षा ले रहे हैं। अवैध आप्रवासियों का निष्कासन बड़े पैमाने पर शुरू हुआ है। अन्य बिना-दस्तावेज वाले आप्रवासियों की तलाश आक्रामक रूप से शुरू हुई है। न्यूयार्क और न्यूजर्सी में गुरुद्वारों जैसे धार्मिक स्थलों की तलाशी ली गई है जिससे सिख तथा अन्य धार्मिक समूह नाराज हो रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा है जि वे कुछ लोगों को ग्वांटानामो खाड़ी में कैद करेंगे जहां कोई कानूनी या सामाजिक समर्थन नहीं मिल सकता है।

इनमें से कुछ प्रवासी इतने खराब हैं कि उनको उनके देशों को सौंपने का जोखिम नहीं मोल लिया जा सकता है। आने वाला समय ही बताएगा कि विर्निमाण अमेरिका वापस लाने का ट्रंप का एजेंडा ऐसी श्रमशक्ति के अभाव में कैसे सफल होगा जिसे निर्वासित कर दिया जाएगा या ग्वांटानामो खाड़ी में कैद कर दिया जाएगा। सरकार की हिरासत क्षमता को बढ़ाने के लिए यहां 30,000 बेड बढ़ाए गए हैं। मैक्सिको की खाड़ी का नाम बदल कर अमेरिका की खाड़ी करने के कदम का कोई अर्थ नहीं है, लेकिन इससे एक पड़ोसी देश नाराज हुआ है और दोनों के बीच संबंध खराब हो सकते हैं। डोनाल्ड ट्रंप चाहते हैं कि कनाडा संयुक्त राज्य अमेरिका का 51वां राज्य बन जाए। उनका तर्क है कि कनाडा की केवल अमेरिका के साथ भूमि सीमा मिलती है और इससे वह ज्यादा सुरक्षित हो जाएगा। दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौता है और कनाडा इसका पूरा लाभ उठाता है। इसके साथ ही ट्रंप ने पनामा से पनामा नहर वापस लेने तथा डेनमार्क से ग्रीनलैंड अमेरिका के रणनीतिक व सुरक्षा कारणों से खरीदने की बात कही है।

उनके इन कदमों का उद्देश्य लैटिन अमेरिकी देशों से व्यापार पर चीन के बढ़ते नियंत्रण पर लगाम लगाना है। चीन आर्कटिक सागर से ग्रीनलैंड तक पहुंच सकता है, जबकि पनामा नहर चीनी जहाजों के एटलांटिक सागर से प्रशांत सागर जाने के लिए महत्वपूर्ण है। यह दक्षिण अमेरिका के अन्य सभी देशों को छोटा व्यापार मार्ग प्रदान करता है। पनामा नहर और ग्रीनलैंड पर कब्जे के गंभीर पर्यावरणीय परिणाम हो सकते हैं। वर्ड मैटीरियोलोजिकल आर्गेनाइजेशन-डब्लूएमओ महासचिव सेलेस्टे साउलो ने भारतीय मौसम विभाग के 150वें स्थापना दिवस को संबोधित करते हुए कहा था कि 2024 में वैश्विक तापमान में 1.55 डिग्री सेंटीग्रेड की वृद्धि 'बहुत गंभीर खतरा' है। सुश्री साउलो ने 2025 में निर्णायक जलवायु कार्रवाई के साथ नवीकरणीय ऊर्जा की ओर हस्तांतरण का आह्वान किया है। लेकिन ट्रंप ने पेरिस समझौते से पीछे हटने तथा ऊर्जा आत्मनिर्भरता के लिए घरेलू ड्रिलिंग व तेल तथा प्राकृतिक गैस की खोज को बढ़ावा देने का फैसला किया है। इसके पीछे एकमात्र उद्देश्य ऊर्जा पर खर्च और मुद्रास्फीति घटाना है।

ट्रंप ने अमेरिका के इतिहास में पहली बार नेशनल एनर्जी एमरजेंसी की घोषणा कर दी है। इसका परिणाम पर्यावरण कानूनों को स्थगित रखने तथा खनन परियोजनाओं को अनुमति देने के रूप में सामने आ सकता है। उन्होंने तटीय 'विंड फार्मों' के लिए संघीय जल जारी करने पर रोक लगा दी है तथा जंगलों की आग का कथित रूप से कारण बनने वाली विंड टरबाइनें बंद करने का आदेश दिया है।

अलास्का में ध्रुवीय भालू वन्यजीव अभयारण्य में तेल और गैस निकालने पर लगा प्रतिबंध हटा लिया गया है। इससे न केवल वन्यजीव प्रजाति पर खतरा पैदा होगा, बल्कि क्षेत्र में बर्फ भी तेजी से पिघलेगी। इससे समुद्र जल का स्तर बढ़ने की चिन्ता भी पैदा हो गई है। अमेरिका ग्रीनलैंड में 3000 किलोमीटर ट्रेन की पटरी पर 600 नाभिकीय मिसाइलें लगाने की योजना बना रहा है जिसकी कल्पना द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद की गई थी, लेकिन यह कभी लागू नहीं हो सकी। हालांकि, अमेरिकी सेना ने यहां 'प्रोजेक्ट आइसवर्म' के नाम से काम शुरू किया था। उन्होंने ग्रीनलैंड की बर्फ के नीचे हजारों लीटर डीजल एकत्र किया था। पहले उम्मीद थी कि यह ऐसे ही दबा रहेगा, पर जलवायु बदलने से यहां गरमी पैदा हुई तथा बर्फ पिघल गई।

इससे ग्रीनलैंड में जल-प्रदूषण का खतरा पैदा हो गया है। ग्रीनलैंड के दक्षिणी पहाड़ों में सोना मिल सकता है जो नए अमेरिकी प्रशासन के लिए आकर्षण का केन्द्र है। हालांकि, अब पनामा नहर की क्षमता घट गई है और पहले की तुलना में मुश्किल से आधे जहाज ही इसे पार कर पाते हैं। इसका कारण अमेजन जंगल की कैग्रेस तथा अन्य नदियों का प्रवाह घटना है जिसका कारण बने पैमाने पर निर्वनीकरण है। लेकिन इसके बावजूद ट्रंप इस पर कब्जा करना चाहते हैं। ऐसे में पनामा नहर का स्वामित्व अपने हाथ में लेने के बजाय उनको यहां आने वाले पानी की मात्रा सुरक्षित करने पर विचार करना चाहिए।

# टिकाऊ एवं समावेशी भविष्य के लिए कृषि रूपांतरण

**पुष्पलता सिंह**
(लेखिका, ऊर्जा एवं संसाधन संस्थान की सह निदेशक हैं)



कृषि भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ रही है, जिसने विकास और लाखों लोगों की आजीविका को बनाए रखा है, इसलिए 1 फरवरी, 2025 को प्रस्तुत वार्षिक बजट में इसे भारत के त्वरित और समावेशी विकास के लिए प्राथमिक इंजन के रूप में सही ढंग से संदर्भित किया गया है। हालांकि, इस क्षेत्र को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जिसमें मिट्टी की गुणवत्ता में गिरावट, फसल की पैदावार में ठहराव, अपर्याप्त प्रौद्योगिकियां, सिकुड़ते खेत, खराब बुनियादी ढांचे और जलवायु परिवर्तन के प्रति बढ़ती संवेदनशीलता शामिल है, जो खाद्य सुरक्षा और हमारे अन्नदाता की भलाई के लिए खतरा है। इसके अलावा, इन कठिनाइयों ने एक परेशान करने वाली प्रवृत्ति को जन्म दिया है- ग्रामीण क्षेत्रों के कई सीमांत किसानों और कृषि मजदूरों को बेहतर अवसरों की तलाश में शहरों की ओर पलायन करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। कृषि स्थिरता भी जलवायु परिवर्तन से निकटता से जुड़ी हुई है, जो संयुक्त राष्ट्र के लगभग सभी सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्रभावित करती है भारत का 2025 का बजट कृषि क्षेत्र में समस्याओं को दूरदर्शी ढांचे के साथ संबोधित करता है, जिससे बेहतर ऋण पहुंच, और बुनियादी ढांचे का विकास संभव हो सके और किसानों को भविष्य की वृद्धि के लिए तैयार किया जा सके।

एक उल्लेखनीय पहल है प्रधानमंत्री धन धन्य कृषि योजना (पीएमडीडीकेवाई)। भारत के कृषि क्षेत्र में महत्वपूर्ण क्षेत्रीय असमानताएं हैं, कुछ जिले बुनियादी ढांचे, उत्पादकता और आर्थिक अवसरों में पिछड़ रहे हैं। यह महत्वाकांक्षी कार्यक्रम ग्रामीण भारत के लिए एक परिवर्तनकारी पहल के रूप में खड़ा है, जो 100 सबसे अविकसित जिलों पर ध्यान केंद्रित करता है और लगभग 1.7 करोड़ किसानों को सीधे लाभान्वित करता है। पीएमडीडीकेवाई इन अविकसित क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करता है, संसाधनों को उन क्षेत्रों तक पहुंचाता है जिन्हें व्यापक विकास प्रक्रिया में नजरअंदाज किया गया



है। यह पहल यह सुनिश्चित करना चाहती है कि इन क्षेत्रों के किसानों को अधिक समृद्ध क्षेत्रों के अपने समकक्षों के समान अवसरों तक पहुंच मिले उचित क्रियान्वयन के साथ, पीएमडीडीकेवाइ इन जिलों में विकास, बुनियादी ढांचे में सुधार, प्रौद्योगिकी तक पहुंच और वित्तीय सेवाओं के प्रभाव को बढ़ा सकता है, जिससे पूरे देश में समान विकास हो सके। स्थिरता, समावेशिता और सशक्तीकरण पर ध्यान केंद्रित करके, पीएमडीडीकेवाई भविष्य की चुनौतियों के प्रति लचीलापन सुनिश्चित करते हुए किसानों, महिलाओं और हाशिए के समुदायों के उत्थान का प्रयास करता है। कार्यक्रम कृषि ठहराव के मूल कारणों को दूर करने के लिए उच्च उपज वाली किस्मों के बीज और सिंचाई तकनीकों और प्रशिक्षण तक पहुंच भी प्रदान करता है। अप्रत्याशित मौसम पैटर्न, पुरानी तकनीकों और सीमित बाजार पहुंच पर काबू पाने में किसानों का समर्थन करके, पीएमडीडीकेवाई अधिक स्थिर और उत्पादक खेती का मार्ग प्रदान करता है। पीएमडीडीकेवाई की एक विशिष्ट विशेषता हाशिए के समूहों, विशेष रूप से सबसे गरीब किसानों को सशक्त बनाने पर इसका ध्यान केंद्रित करना है। इन समुदायों को अक्सर ऋण, प्रौद्योगिकी और शिक्षा तक सीमित पहुंच जैसी बाधाओं का सामना करना पड़ता है। पीएमडीडीकेवाई महिला किसानों को भूमि पर अधिक नियंत्रण, बेहतर प्रशिक्षण और बेहतर बाजार पहुंच प्रदान करके इन अंतरालों को दूर करना चाहता है।

हाशिए के समुदायों के लिए, कार्यक्रम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि उन्हें कृषि विकास के लाभों में शामिल किया जाए, समानता और सशक्तीकरण को बढ़ावा दिया जाए। पीएमडीडीकेवाई का उद्देश्य न केवल कृषि उत्पादन को बढ़ावा देना है, बल्कि संधारणीय प्रथाओं को सुनिश्चित करना भी है। ग्रामीण क्षेत्रों में ठहराव के दुर्भाग्यपूर्ण परिणामों में से एक बेहतर अवसरों की तलाश में किसानों का शहरी क्षेत्रों की ओर बड़े पैमाने पर पलायन है।

ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि को मजबूत करके, पीएमडीडीकेवाई का उद्देश्य ऐसी परिस्थितियाँ बनाना है जहाँ किसान अपनी कृषि भूमि पर खेती करते हुए फल-फूल सकें। यदि इसे अच्छी तरह से क्रियान्वित किया जाए, तो पीएमडीडीकेवाई कृषि में एक उज्जवल, अधिक समावेशी भविष्य के लिए उत्प्रेरक हो सकता है, जहाँ हर किसान के पास फल-फूलने के लिए उपकरण होंगे। उम्मीद है कि किसानों के लिए पलायन एक विकल्प बन जाएगा, न कि एक आवश्यकता - जिससे कृषि समुदाय जहाँ हैं, वहीं फल-फूल सकें। बजट में नवाचार और प्रौद्योगिकी में निवेश पर भी जोर दिया गया है, विशेष रूप से उच्च उपज वाली, जलवायु-लचीली फसल किस्मों के विकास में। स्थानीय फसल किस्मों को बहाल करने और पेश करने के लिए जर्मप्लाज्म बैंकों का निर्माण घरेलू उत्पादन को मजबूत करेगा।

इसके अतिरिक्त, सरकार बेहतर भंडारण, परिवहन और निर्यात बुनियादी ढांचे पर ध्यान केंद्रित करते हुए कृषि मूल्य श्रृंखला को बढ़ाने के लिए काम कर रही है, जिससे किसानों और उपभोक्ताओं दोनों को लाभ होगा। कपास, दालें, तिलहन और सब्जियों जैसी फसलों के लिए लक्षित योजनाएँ किसानों पर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने में मदद करेंगी। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य खाद्य सुरक्षा और निर्यात क्षमता को बढ़ावा देना है, साथ ही किसानों की आजीविका को सुरक्षित करना है।

## आप की बात

### ट्रंप का टेरर

**राष्ट्रपति** बनते ही डोनॉल्ड ट्रम्प दुनिया के देशों पर रोज-रोज कुछ नया ही टेरर बना रहे हैं. सबसे पहले अवैध प्रवासियों को जहाजों में भरकर उनके देश पहुंचाया। फिर फरवरी के बाद जन्म लेने वाले प्रवासियों के बच्चों को वहां का नागरिक नहीं मानने का फरमान सुनाया. उसके बाद कुछ देशों पर टेरिफ टैक्स लगा दिया जिससे उनके अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर बुरा असर पड़ने लगा. अभी ट्रम्प के ड्रम में न जाने कितने और टेरर फरमान पड़े हैं पता नहीं। जहां युद्ध चल रहे हैं उन्हें खत्म करने और वहां पर शीघ्र विकास कार्य शुरू करने की बात भी ट्रम्प कर रहे हैं। आगे क्या होगा उनके फरमानों से दुनिया के देशों में हलचल जरूर मच गई है. कनाडा, मेक्सीको, कोलंबिया, चीन आदि देशों में तो उनके आदेशों से विरोध के स्वर भी उठने लगे हैं। भले ही वह अपने देश के हितों को ध्यान में रखकर फैसले लेर रहे हैं किन्तु उनके कुछ फैसले दूसरे देशों को चोटिल भी कर रहे हैं। जिसमें है टेरिफ का टेरर। पीएम मोद्दी के अमेरिका पहुँचने के पहले ही डोनॉल्ड ट्रम्प ने भारत पर भी 25 प्रतिशत टेरिफ थोप दिया. दुनिया में बढ़ती हलचल को देखते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति को जल्दबाजी में फैसले लेने की बजाय संजीदगी बरतना चाहिए। ताकि दुनिया में उनके फैसले से बढ़ते विरोध/टेरर कम हो सकें। क्योंकि स्वयं उनके देश में भी उनके विपक्षी फैसलों का विरोध करने लगे हैं।

- **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### महाकुम्भ से रोजगार

**कांग्रेस** हमेशा से ही सनातन संस्कृति को अपमानित करती रही है, इसका ताजा उदाहरण है, जब कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने महू के एक कार्यक्रम में जो बयान दिया है, वह वास्तव में विवादस्पद है। उन्होंने कहा है कि महाकुम्भ में डुबकी लगाने से गरीबी दूर होने वाली नहीं है, और अक्सर विपक्षियों के द्वारा यह सवाल उठाया जाता है कि महाकुम्भ से किसी का पेट नहीं भरेगा। वास्तव में महाकुम्भ भारत की संस्कृति, आस्था और धार्मिक एकता का प्रतीक है। यह आयोजन न केवल आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करता है, बल्कि लाखों लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी उत्पन्न करता है। इस महाकुम्भ के दौरान लाखों पर्यटक आते हैं, जो स्थानीय व्यापार, होटल, परिवहन, सुरक्षा, सफाई और अन्य सेवाओं से जुड़े लोगों के लिए काम के अवसर पैदा करते हैं। कांग्रेस के सवाल उठाने वालों को यह जवाब दिया जा सकता है कि महाकुंभ आयोजन एक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महोत्सव है, जो न केवल धार्मिक महत्व रखता है, बल्कि इसके साथ जुड़ी कई गतिविधियां, जैसे यात्री सेवा, ठहरने की व्यवस्था, परिवहन, आदि, स्थानीय अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहन देती हैं। इससे न केवल पर्यटन उद्योग को, बल्कि स्थानीय लोगों को अस्थायी रोजगार भी मिलता है, जैसे होटल, ट्रांसपोर्ट, साफ-सफाई, सुरक्षा, और अन्य सेवाओं में। यह रोजगार का एक वैध और महत्त्वपूर्ण स्रोत हो सकता है। - **आदित्यराज सोनी**, मनावर

### क्रिकेट का साम्राज्य

**क्रिकेट** अब केवल खेल नहीं, बल्कि सोने की खान बन चुका है। सत्य नडेला, सुंदर पिचाई, शांतनु नारायण और मुकेश अंबानी जैसे दिग्गजों का इसमें अरबों रुपये निवेश करना इस बात का प्रमाण है कि यह जुनून से अधिक व्यवसाय की अजेय सत्ता बन चुका है। जिन खेलों को कभी समान मंच पर देखा जाता था, वे आज क्रिकेट की चकाचौंध में धुंधले पड़ते जा रहे हैं। प्रश्न उठता है—आखिर क्यों केवल क्रिकेट? क्या अन्य खेलों की संभावनाएं शून्य हैं? क्रिकेट की लोकप्रियता अद्वितीय है। यह खेल सीमाओं से परे जाकर दुनिया के हर कोने में अपना परचम लहरा रहा है। 'द हंड्रेड' और टी20 जैसे छोटे और रोमांचक प्रारूपों ने इसे आकर्षण और आर्थिक समृद्धि का महासागर बना दिया है। जहां दर्शकों की बेशुमार भीड़ होती है, वहां विज्ञापनदाता और प्रायोजक अपने खजाने खोल देते हैं। प्रसारण अधिकारों की ऊंची कीमतें, ब्रांडिंग का सुनहरा अवसर और फ्रेंचाइज़ी मॉडल से क्रिकेट आज व्यवसाय की अभूतपूर्व गाथा लिख रहा है। लेकिन यह व्यवसायिक वर्चस्व अन्य खेलों के अस्तित्व पर भारी पड़ रहा है। हॉकी, फुटबॉल और बैडमिंटन जैसी विधाएं भी अपार प्रतिभाओं से भरी हुई हैं, परंतु क्रिकेट की छाया में वे अपने हिस्से की रोशनी से वंचित हो रही हैं। यदि यही प्रवृत्ति जारी रही, तो भारत जैसे खेल-प्रधान देश में विविध खेलों का भविष्य संकट में पड़ सकता है।

- **आरके जैन, बड़वानी,** मप्र

### स्वागतयोग्य अभिव्यक्ति

**प्रधानमंत्री** श्री नरेंद्र मोदी द्वारा अपनी विदेश यात्रा के फ्रांस प्रवास में स्वातंर्त्य वीर विनायक दामोदर सावरकर की चर्चा करके निश्चित ही अपने स्वातंर्त्य समर की सेक्युलर विकृतियों को परिष्कृत करने का जो सत्कर्म किया है, वह अभिनन्दनीय है फिरंगी को भारत से बाहर निकालने के प्रयासों में सावरकर का योगदान अतुलनीय योगदान है, भारतमाता की बलिवेदी पर अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले समस्त क्रांतिकारियों की पृष्ठभूमि में सावरकर की प्रेरणा, उनकी 1857 संग्राम पर लिखी पुस्तक और उनका सर्वोच्च आदर्श है जिन्हें 50 वर्षों के कालापानी कारावास का दण्ड दिया गया था जहाँ पर उन्हें घोर अमानवीय यातनाएं दी गईं । कारावास से बाहर आकर उन्होंने सामाजिक समरसता के लिए, स्वदेशी के लिए जो अभियान चलाए वो भी उनके प्रति प्रत्येक राष्ट्रवादी भारतीय के मन में श्रद्धा उत्पन्न करते हैं । भारत को आजादी दिलाने वाली तथाकथित कांग्रेस के एक भी नेता को कालापानी कारावास नहीं हुआ, यह ऐतिहासिक तथ्य है। भारत की इतिहास की पुस्तकों में भारत के स्वाधीनता संघर्ष के नायकों का तथ्यपरक उल्लेख यथाशीघ्र होना अपेक्षित है।

- **डॉ जय प्रकाश**, अंबाला छावनी

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# नागरिक संगम के माध्यम से हो रहा समस्याओं का त्वरित निदानः डीएम

**संवाददाता।** गोंडा



**जिलाधिकारी** नेहा शर्मा ने प्रशासन और आम जनता के बीच संवाद को सुदृढ़ बनाने एवं समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के लिए नागरिक संगम कार्यक्रम की शुरुआत की। बुधवार को नगर पंचायत धानेपुर ब्लॉक परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में काफी संख्या में नागरिकों ने हिस्सा लिया और अपनी समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष रखीं।

जिसमें जिलाधिकारी ने व्यक्तिगत रूप से नागरिकों की शिकायतें सुनकर कई मामलों का समाधान मौके पर ही सुनिश्चित कराया। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी समस्याओं का समाधान समयबद्ध और प्रभावी तरीके से कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। इस मौके पर ग्रामीणों ने राशनकार्ड, आवास, अतिक्रमण और पेंशन आदि की समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष रखीं। कार्यक्रम के उपरांत जिलाधिकारी ने वार्ड श्रीराम जानकारी नगर का निरीक्षण भी किया और तत्काल प्रभाव से वार्ड में साफ सफाई एवं अन्य समस्याओं को दूर किए जाने के निर्देश नगर पंचायत धानेपुर को दिए।

कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाये। नागरिक संगम कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई भी कराई गई। इस मौके पर जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ गंभीरता से लें और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत धानेपुर रागिनी वर्मा, डीएसओ, डीपीओ, कार्यक्रम, डीपीओ प्रोवेशन, जिला पिछड़ा वर्ग अधिकारी व अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# खाद वितरण प्रक्रिया की होगी कड़ी निगरानीः मंडलायुक्त



**गोंडा।** देवीपाटन मंडल के आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने उर्वरकों के वितरण को पारदर्शी बनाने और कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। मंडलायुक्त ने आदेश दिया है कि राजस्व विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर किसानों को उनकी आवश्यकतानुसार उर्वरकों का वितरण कराया जाए। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि वितरण प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी हो और किसी भी तरह की कालाबाजारी या ओवर रेटिंग न हो।

शासन के निर्देशानुसार, उर्वरक वितरण की निगरानी फील्ड में जाकर की जाएगी। किसानों को उनकी जोत और कृषि भूमि के अनुसार ही उर्वरक मिले, इसके लिए भी प्रशासन सतर्क रहेगा कि किसी भी किसान को संस्तुत मात्रा से अधिक उर्वरक न मिले, इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा। जनपद की साधन सहकारी समितियों से उर्वरक वितरण रजिस्टर की फोटो प्रतियां प्राप्त कर ली गई हैं। अब इनका भौतिक और स्थलीय सत्यापन कराया जाएगा। सभी समितियों से तहसीलवार संकलित रिपोर्ट 25 फरवरी तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। आयुक्त ने साफ किया कि किसानों को उर्वरकों की सही आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन सख्त कदम उठाएगा और किसी भी अनियमितता पर त्वरित कार्रवाई होगी।

# सूर्या एकेडमी में वार्षिकोत्सव के दौरान बच्चों ने दी अदभुत प्रस्तुतियां

**संवाददाता।** संतकबीरनगर




**सूर्या** सीनियर सेकेंड्री स्कूल खलीलाबाद का 12 वां वार्षिकोत्सव समारोह बुधवार को संपन्न हुआ। भारतीय संस्कृति और सभ्यता को उकेरती, देशप्रेम से लबरेज एवं शिक्षा के प्रचार प्रसार से भरपूर नौनिहालों की शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मौजूद अतिथियों और अभिभावकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। समारोह को संबोधित करते हुए चीफ गेस्ट मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी ने कहा कि आज की 21वीं सदी आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस की सदी है। शिक्षक छात्रों को दिशा दिखाने की कोशिश करें न कि पढ़ाने की क्योंकि आज छात्रों के कंप्टीशन की दिशा बदल रही है। छात्र शिक्षार्थी नही बल्कि लर्नर हैं। टेक्नालॉजी भी बदल गई, अब नई चुनौतियों के साथ शिक्षक उन्हें सिखाने का प्रयास करें। श्री त्रिपाठी ने कहा कि समय के सदुपयोग और परिवार के साथ ही समाज में संवाद का माहौल बनाने को प्रेरित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि आज की पीढ़ी को शिक्षा के साथ ही जीवन जीने की शैली से भी परिपूर्ण करना होगा। विशिष्ट अतिथि गोरखपुर विश्वविद्यालय के विधि विभाग के प्रोफेसर जितेंद्र मिश्र ने कहा कि अभिभावक अपने पाल्यों का भाग्य विधाता बनने की जिद छोड़ दें अपना कैरियर चुनने का अवसर खुले मन से दें,बस उन्हें सही मार्गदर्शन और सहयोग देते रहें। विशिष्ट अतिथि प्रो0 ओ0पी0 पांडेय ने वार्षिकोत्सव पर छात्र छात्राओं की प्रस्तुति को अनुकरणीय बताया। प्रबन्धक ने डॉ0 उदय प्रताप चतुर्वेदी ने आए हुए अतिथियों और अभिभावकों का आभार प्रकट किया। प्रबन्ध निदेशिका सविता चतुर्वेदी ने संस्थान को नित नई ऊंचाईयों पर ले जाने का संकल्प दोहराते हुए अतिथियों के प्रति आभार जताया। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रस्तुति की झड़ी लगा दी। बिहार और असम से लेकर पंजाब और राजस्थान की संस्कृतियों से अपने ऐतिहासिक मंचन से मौजूद लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# क्षेत्र पंचायत बैठक में उठा मार्गों की बदहाली का मुद्दा



**महराजगंज, रायबरेली।** गांवो में विकास का खाका खींचने के लिए बुधवार को ब्लाक परिसर में क्षेत्र पंचायत सदस्यों व ग्राम प्रधानों की बैठक ब्लॉक प्रमुख राजकुमार पासी की अध्यक्षता एवं बीडीओ वर्षा सिंह सहित अन्य अधिकारियों की उपस्थिति मे संपन्न हुई। इस दौरान पिछले वर्ष कराए गए विकास कार्यो से सदन को अवगत कराया गया वहीं बैठक में मनरेगा पेंशन कृषि खाद्य सुरक्षा, स्वच्छ भारत मिशन जल जीवन मिशन स्वास्थ संबंधी योजनाओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई तो वहीं खामियों पर उपस्थित सदस्यों ने अपनी राय भी रखी। वहीं बैठक में सडक नाला खडंजा इंटरलॉकिंग, निर्माण से जुडे दो दर्जन प्रस्ताव प्राप्त हुए बीडीओ वर्षा सिंह ने बताया कि करीब दो करोड रुपए की लागत के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, कमेटी बनाकर गांवों में विकास कार्यों को कराया जाएगा। पुरासी गंगा सागर पांडेय, जनई ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बिल्ला सिंह, मुरैनी ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रणविजय सिंह क्षेत्र पंचायत सदस्य भोलू सिंह ने जल जीवन मिशन योजना के तहत गांवों में पाइप लाइन बिछाने के दरम्यान मार्गों खोदे जाने के बाद ठीक से दुरुस्त न कराए जाने का मुद्दा उठाया गया इस पर बीडीओ ने जल निगम के संबंधित जेई से जवाब मांगा लेकिन जेई ग्राम प्रधानों के सवाल का जवाब नहीं दे पाए।

# रायबरेली में प्रथम बार श्री खाटू श्याम मंदिर की स्थापना

**संवाददाता।** रायबरेली




**जनपद** में प्रथम बार श्री खाटू श्याम मंदिर की स्थापना हो रही है जिसके कार्यक्रम 13 से 17 फरवरी के मध्य मां शीतला माता मंदिर अहिया रायपुर में संपन्न होंगे कार्यक्रम प्रभारी मोहित अग्रवाल ने बताया कि बाबा का शीश 29 जनवरी को खाटू श्याम मंदिर राजस्थान से लाया गया, बाबा को राजस्थान से लाने में गिरधर अग्रवाल, ऋषि अग्रवाल, राघव मुरारका, हरीश मुरारका, राजकमल अग्रवाल, गौरव जैन, पल्लव अग्रवाल, अनुराग मुरारका, रजत अग्रवाल, पीयूष अग्रवाल, मनीष खेतान, आदि लोगों उपस्थित थे बाबा का भव्य स्वागत 31 तारीख को विभिन्न समाज के लोगों द्वारा त्रिफला चौराहे पर, श्याम मंदिर अहिया रायपुर पर किया गया। समिति के प्रबंधक दिनेश खेतान जी ने बताया कि 31जनवरी से 13 फरवरी तक बाबा का अस्थाई निवास उन्ही के निवास पर किया गया जहां पर नित्य भगवान का भोग वह कीर्तन गुणगान नियमित रूप से हो रहे है। समिति के अध्यक्ष अमिय शुक्ला जी ने बताया कि 13 तारीख को सुबह कलश यात्रा जो चंपा देवी मंदिर से शुरू होकर मां शीतला माता मंदिर तक निकाली जाएगी यह सुबह 8.00 बजे से प्रारंभ होगी। समिति के वरिष्ठ सदस्य महेश नारायण अग्रवाल ने बताया कि कलश यात्रा के उपरांत 13, 14 और 15 तारीख को यजमानों (22 जोडों) द्वारा बाबा की पूजा अर्चना करी जाएगी।समिति के सदस्य अभिषेक गोयल ने बताया कि 16 तारीख को प्रातः 8.30 बजे निशान यात्रा जो की चंदापुर मंदिर से प्रारंभ होकर घंटाघर, कैपरगंज, कहारों का अड्डा, जहानाबाद चौकी व शहर के विभिन्न विभिन्न मार्गो से होते हुए मां शीतला माता के मंदिर पर आकर संपन्न कराई जाएगी।

बाबा की निशान यात्रा में सर्वप्रथम आगे घोडे उसके उपरांत डीजे साथी भजन गायक देवा शुक्ला और साहिल सिंह कानपुर से रहेंगे जो अपने प्यारे प्यारे भजनों से भक्तों को नाचते हुए हुए बाबा का निशान साथ में लेकर चलेंगे डीजे के उपरांत लगभग 500 लोग बाबा का निशान लेकर साथ चलेंगे उसके पीछे बाबा का रथ चलेगा जिसको सजाने के लिए कानपुर से कारीगर और कोलकाता से फूल मंगाए गए हैं यात्रा का विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया जाएगा, यात्रा के मंदिर पहुंचने के उपरांत पुनः यजमानों द्वारा बाबा के अधिवास का कार्यक्रम प्रारंभ होगा, 17 तारीख को प्रातः 11.00 बजे बाबा की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम संपन्न होगा उसके उपरांत हवन होकर उसके उपरांत भक्तजनों और जनमानस के लिए भंडारे का आयोजन किया गया है।

उसी दिन शाम को श्री खाटू श्याम बाबा का भव्य श्रृंगार एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया है जो शाम 7.00 बजे से लेकर रति 11.00 तक श्री खाटू श्याम मंदिर परिसर में संपन्न होगा जिसमें श्री विनोद कुमार गडोरिया बिन्नू जी बराकर से, डिंपल अग्रवाल कोलकाता से कुमार संजय मेरठ से आ रहे है जिनके द्वारा बाबा के प्यारे प्यारे भजनों से बाबा और भक्तों को रिझाया जायेगा। प्रेस वार्ता में उमेश सिकरिया, राजेश गादिया, भवेशअग्रवाल, गांगुली शुक्ला, अशोक श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित रहे

## क्विक न्यूज

### हेल्पलाइन नंबरों के प्रयोग हेतु शक्ति दीदी ने किया जागरूक

**गोंडा।** एसपी विनीत जायसवाल के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी व अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी के पर्यवेक्षण में जनपद के सभी थानों की एण्टीरोमियो टीम व बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांवो में भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिलाओं/बालिकाओं को जागरूक करने के साथ ही महिला सम्बन्धित समस्याओं के निस्तारण कराने के सम्बन्ध में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया तथा रैली निकालकर नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन एवं उनके अधिकारो के प्रति महिलाओं/बालिकाओं को जागरूक किया गया। वहीं थानों की शक्ति दीदी द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र की महिलाओं/बालिकाओं को सुरक्षा की दृष्टि से गुड टच व बैड टच की जानकारी दी गई। बच्चों को स्कूल आने के लिए प्रेरित किया गया। महिलाओं/बालिकाओं/बच्चों से संबंधित अपराधो जैसे छेड़छाड़/शोषण, बाल अपराध, एसिड अटैक, सोशल मीडिया के माध्यम से उत्पीड़न इत्यादि की रोकथाम हेतु शासन द्वारा जारी किए गए सुरक्षा संबंधी हेल्पलाइन नंबरों 1090, 181, 102, 108, 1076, 1098, 1930 के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी।

### ताला तोड़कर हजारों की चोरी

**जगदीशपुर, अमेठी।** बीती रात अज्ञात चोरों ने दुकान को निशाना बनाकर हजारों का माल पार कर दिया घटना की तहरीर भुक्तभोगी ने पुलिस को देकर कार्यवाई की मांग किया। थानाक्षेत्र के अंतर्गत बीती रात कस्बा स्थित जीजीआईसी के नजदीक पान की दुकान को अज्ञात चोरो ने निशाना बनाकर हजारो का माल लेकर नौ दो ग्यारह हो गए घटना की जानकारी दुकान मालिक को उस वक्त हुई जब नित की भांति सुबह दुकान खोलने हेतु वहां पहुंचा तो दुकान का ताला टूटा व सामान गायब देख दंग रह गया भुक्तभोगी ने बताया कि दुकान मे रखा लगभग सत्तर हजार का सामान अज्ञात चोर चुरा ले गए घटना की तहरीर थाने मे देने के बाद पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया परंतु समाचार लिखे जाने तक एफआईआर दर्ज नहीं हो सकी।

### भंडारे में भोज खाकर घर लौट रही किशोरी से दुराचार

**जगदीशपुर, अमेठी।** गांव के समीप भोज खाने गई किशोरी को घर लौटते समय रास्ते मे एक व्यक्ति द्वारा जबरन दुष्कर्म किया गया जिसकी तहरीर भुक्तभोगी द्वारा थाने पर देने के बाद पुलिस मामला दर्ज कर अभियुक्त की तलाश मे जुटी। थानाक्षेत्र के अंतर्गत एक गांव निवासी किशोरी जो गांव से कुछ दूर भोज मे शामिल होने गई थी शाम को घर लौटते समय रास्ते मे घात लगाए बैठे एक व्यक्ति ने जबरन पकड़कर एकांत स्थान पर ले जाकर घटना को अंजाम देकर मौके से फरार हो गया रोती बिलखती घर पहुंची किशोरी ने परिजनो से आपबीती बताई जिसके पश्चात परिजन किशोरी को लेकर थाने पहुंचकर घटना की तहरीर पुलिस को देकर कार्यवाई की मांग की। इस संबंध मे पुलिस ने बताया कि घटना की तहरीर मिलने पर आरोपी की तलाश जारी है ।

### एडीएम व एएसपी ने थौरी सीमा पर परखी यातायात व्यवस्था

**अमेठी।** आज अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता एवं अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र कुमार द्वारा थानाक्षेत्र भाले सुल्तान शहीद स्मारक अंतर्गत थौरी बॉर्डर अयोध्या-रायबरेली मार्ग का निरीक्षण कर यातायात व्यवस्था का जायजा लिया गया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। मार्ग पर यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से चल रही है जनपद में कहीं पर भी जाम की समस्या नहीं है। बताते चलें कि महाकुंभ के दृष्टिगत काफी संख्या में श्रद्धालु प्रयागराज व अयोध्या आ-जा रहे हैं जिसके अंतर्गत जनपद अमेठी में थानाक्षेत्र पीपारपुर अंतर्गत दुर्गापुर चौराहा प्रयागराज-सुल्तानपुर मार्ग तथा थानाक्षेत्र भाले सुल्तान शहीद स्मारक अंतर्गत थौरी बॉर्डर अयोध्या-रायबरेली मार्ग पर यातायात सुचारू रूप से चल रहा है कहीं पर भी जाम जैसी कोई समस्या नहीं है मौके पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात है।

### सड़क दुर्घटना में दरोगा चमन सिंह की मौत

**रायबरेली।** गश्त के दौरान सड़क दुर्घटना में मृत हुए दरोगा को रिजर्व पुलिस लाइन लाया गया यहां से राजकीय सम्मान के साथ एसपी समेत अन्य पुलिस अधिकारियों ने कंधा देकर दरोगा के शव को उसके गृह जनपद के लिए भेजा गया है। आपको बता दे कि दिनांक 12 फरवरी 2025 दिन बुधवार को समय करीब 11.00 बजे रायबरेली जनपद के रिजर्व पुलिस लाइन से सम्मान के साथ रायबरेली जिले के खीरो थाना क्षेत्र के अंतर्गत सिमरी चौकी में तैनात उप निरीक्षक चमन सिंह भदोरिया की चौकी क्षेत्र के जगत ढाबा के पास रात्रि गस्त के दौरान घायल हुए थे जिनके साथ सिपाही भी घायल हुए थे जिनको इलाज के लिए रायबरेली के जिला अस्पताल लाया गया था लेकिन यहां इलाज के दौरान चमन सिंह भदोरिया की मौत हो गई और घायल सिपाहियों को भर्ती कर इलाज किया जा रहा रहा है।वही मृत हुए दरोगा चमन सिंह के शव को रिजर्व पुलिस लाइन ले जाकर सम्मान के साथ सलामी देते हुए उसके ग्रह जनपद भेजा गया है।

# बीडीओ कदौरा के संरक्षण में फलफूल रहा कथित भ्रष्टाचार, हो रही कागजी खानापूर्ति

- पंचायत मित्र की कथित तीन फर्मों के बैंक खातों में पहुंचा करोड़ों का भुगतान

**संवाददाता।** उरई, जालौन

**भ्रष्टाचार** के मामले में कदौरा विकासखंड पहले पायदान पर खड़ा नजर आता हैं। फिर चाहे मनरेगा योजना में कागजी कार्य कराने का मामला हो या गांवों में कराये जाने वाले पक्के कार्यों का मामला, या फिर पंचायत मित्र की तीन फर्मों के नाम करोड़ों रुपयों का भुगतान पहुंचाये जाने का मामला हो। विकासखंड के ग्रामीणांचल में विकास कार्यों पर निगरानी रखने की जिम्मेदारी मुख्यतः बीडीओ की रहती हैं। लेकिन बीडीओ के ही संरक्षण में भ्रष्टाचार का बीज अंकुरित हों तो फिर भगवान ही मालिक हो सकता हैं।

पीलीभीत जनपद में तैनाती के दौरान भ्रष्टाचार की सुर्खियां बटोरने के बाद जांच की शुरूआत होते ही उनका स्थानांतरण जनपद जालौन के लिये हो गया था। इसके बाद उन्होंने कदौरा में कार्यभार संभालने के बाद पीलीभीत जनपद में जो खेला उनके द्वारा किया गया था उसकी पुनरावृत्ति करने का माहौल बनाकर पंचायत मित्र की तीन फर्मों को अपने मुफीद समझा और फिर अपना खेला शुरू कर दिया। जबकि बीडीओ को पंचायत मित्र की तीनों कथित फार्मों से कथित तौर पर मोटी रकम का सौदा फिक्स होने के बाद उन्हें धड़ाधड़ तरीके से कार्य देना शुरू कर दिया जिसमें एक फर्म के नाम से एक करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान भी किया जाना बताया जा रहा है। जबकि मवई अहीर के रोजगार सेवक के पिता और भाई के नाम से दो फर्मों का पंजीयन है इतना ही नहीं उक्त दोनों फर्मों के नाम प्रति वर्ष 1 से पांच करोड़ रुपये का लेनेदन होता है यह बात भी बीडीओ को अच्छी तरीके से पता है। क्षेत्र पंचायत कार्यालय के सूत्रों की मानें तो मवई अहीर के रोजगार सेवक के पिता और भाईयों के इसी ग्राम पंचायत से जॉबकार्ड भी बने हुये है उनमें भी समय-समय पर मनरेगा योजना से उनके बैंक खातों में मजूदरी का पैसा पहुंचाया जाता है जबकि हकीकत में उक्त दोनों मनरेगा में मजदूरी करते ही नहीं हैं।

रोजगार सेवक की मासिक आय बमुश्किल दस हजार रुपये के आसपास होती ऐसी स्थिति में यदि वह मिलने वाले मानदेय का एक रुपया भी खर्च न करें तो उसके पास 15 से 20 लाख रुपये एकत्रित हो सकता हैं। लेकिन इससे कई गुना अधिक रोजगार सेवक ने सम्पत्ति कहां से अर्जित की है यह जांच का विषय हो सकता है।

### बालिका से छेड़खानी करने का आरोपी तमंचा सहित गिरफ्तार

**उरई, जालौन।** नाबालिक लड़की से छेड़खानी करने के आरोपी को कैलिया पुलिस ने तमंचा सहित गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। प्राप्त विवरण के अनुसार कैलिया थाना अंतर्गत ग्राम ऐबरा निवासी मुकेश दीक्षित पुत्र रामगोपाल दीक्षित उम्र लगभग 40 वर्ष दबंग व अपराधी किस्म का व्यक्ति है क्षेत्र में मुकेश दीक्षित की आम शोहरत भी अच्छी नहीं है। गत 12 दिन पूर्व मुकेश ने बुरी नीयत से अपने गांव की एक नाबालिक लड़की के साथ छेड़खानी की थी जिसका मुकदमा भी कैलिया थाने में पंजीकृत है। पुलिस को कई दिनों से उक्त शोहदेवाज की तलाश थी लेकिन शातिर दिमाग मुकेश पुलिस को चकमा देता रहा। आज बुधवार की सुबह लगभग 3 बजे कैलिया थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राजीव कुमार वैस को सूचना मिली कि उक्त मुकेश कुमार दीक्षित अपने गांव से मध्य प्रदेश भागने की फिराक में है उसी समय थाना प्रभारी राजीव कुमार वैस ने मय हमराही बेड़ागांव तिराहा के पास उसे गिरफ्तार कर लिया।

# सनोज मिश्रा ने उठाया वायरल गर्ल मोनालिसा का कैरियर संवारने का बीड़ा

**शिवगढ़, रायबरेली।** शिवगढ़ के रहने वाले मशहूर बॉलीवुड फिल्म लेखक एवं निर्देशक सनोज मिश्रा ने वायरल गर्ल मोनालिसा का कैरियर सवांरने का बीडा उठाया है जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। अपनी सादगी, कजरारी आंखों एवं खूबसूरती से लोगों को दीवाना बनाने वाली महाकुम्भ की वायरल गर्ल मोनालिसा के अब तक दर्जनों वीडियों सोशल मीडिया फेसबुक, इंस्टाग्राम तथा एक्स पर वायरल हो रहे थे जिनमें मोनालिसा के द्वारा पोस्ट करने एवं लिखने के दावे किए जा रहे थे किन्तु अब एक ऐसा वीड़ियों सामने आया है जिसमें मोनालिसा मशहूर बॉलीवुड फिल्म लेखक एवं निर्देशक सनोज मिश्रा के पास बैठकर क, ख, ग, घ पढ रही हैं, लिख रही है और सनोज मिश्रा उन्हें पढ़ा रहे हैं। सनोज मिश्रा ने बताया यह वीड़ियों मुम्बई का है, डायरी ऑफ मणिपुरकी शूटिंग तथा वर्कशॉप सेशन शुरु होने से पहले मोनालिसा लिखना, पढ़ना सीख रही है। वीड़ियों में स्वयं मोनालिसा ने बताया कि सोशल मीड़िया पर लोग उसके फेक अकाउंट बनाकर फर्जी और फेक वीड़ियों डाल रहे हैं। गौरतलब हो कि मशहूर बॉलीवुड फिल्म लेखक एवं निर्देशक सनोज मिश्रा ने मोनालिसा को डायरी ऑफ मणिपुर की अभिनेत्री के तौर पर कास्ट किया है। इस फिल्म में मोनालिसा मुख्य किरदार में नजर आयेंगी।

सनोज मिश्रा ने फिल्मी दुनिया में मोनालिसा का भविष्य संवारने का बीडा उठाया है जिसके लिए उन्होंने बॉलीवुड फिल्म श्द डायरी ऑफ मणिपुरश् की अभिनेत्री के रूप में उन्हें कास्ट करके बडे पर्दे पर आने का मौका दिया है। ज्ञात हो कि मध्य प्रदेश की इंदौर से मोनालिसा महाकुम्भ में माला बेचने के लिए आई थी जो अपनी सादगी, कजरारी आंखों एवं खूबसूरती के चलते रातों-रात फेमस हो गई थी।

# माघ पूर्णिमा पर पंचनद संगम में हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**संवाददाता।** उरई, जालौन



**माघ** पूर्णिमा के अवसर पर पंचनद संगम में हजारों श्रद्धालुओं ने डुबकी लगा महाकुंभ के अमृत स्नान की अनुभूति करके साधु संतों के दर्शन एवं देवालय में पूजा अर्चना की।

जनपद जालौन, इटावा, औरैया के मुख्य तीर्थ पंचनद संगम में बुधवार को माघ पूर्णिमा के अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। वर्तमान में प्रयागराज के त्रिवेणी संगम पर महाकुंभ में करोड़ों लोगों के एक साथ एकत्रित होने से पूरा कुंभ क्षेत्र मानव महासागर के रूप में देखा जा रहा है। लोगों को 20 से 30 किलोमीटर तक पैदल चलकर संगम के अमृत स्नान करने का सौभाग्य प्राप्त हो पा रहा है । भीड़ अधिक होने के कारण संगम नोज तक पहुंच पाना एवरेस्ट की चोटी पर विजय प्राप्त करने जैसा है परिणाम स्वरूप प्रयाग संगम तीर्थ क्षेत्र में गंगा जमुना जी के तटों पर बने सैकड़ो घाटों में स्नान करके लोग संतोष कर रहे हैं। जब गंगा जमुना में ही स्नान करना है तो अपने नगर, गांव के आसपास कल-कल कर बहती गंगा यमुना में स्नान करना लोग प्रयाग के संगम स्नान करने की तुलना में थोड़ा काम पुण्य मान अपने नजदीक पवित्र नदियों में स्नान कर रहे हैं इस प्रकार श्रद्धालुजन प्रयागराज जाने वाली कठिनाइयों से बचने का प्रयास कर रहे हैं। बुधवार को माघ पूर्णिमा के अवसर पर बुंदेलखंड के जालौन जिला सहित इटावा, औरैया जनपद की सीमा में विद्यमान पंचनद संगम जहां यमुना, चंबल, सिंध, कुंवारी, पहूज पांच पवित्र नदियों का संगम स्थल है जिसका वर्णन अनेक पुराणों में भी आया है। इसी संगम पर जालौन, इटावा, औरैया जिला की सीमा में हजारों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। जनपद जालौन की सीमा में रामपुरा थाना अंतर्गत पंचनद संगम घाट पर सुबह से स्नान करने वालों की भीड़ जुटना प्रारंभ हुई।

पुलिस अधीक्षक जालौन डॉक्टर दुर्गेश कुमार के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी माधौगढ़ डॉ. राम सिंह के नेतृत्व में थाना प्रभारी रामपुरा संजीव कुमार कटियार ,जगम्मनपुर पुलिस चौकी प्रभारी अटल बिहारी ने पुलिसबल को साथ लेकर पंचनद संगम में स्नान करने वालों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए।

# सब्जी मंडी मार्ग पर प्रातः लगने वाला जाम बना मुसीबत का सबब

**कालपी, जालौन।** सुबह सबेरे सब्जी मण्डी मार्ग पर कई घंटों तक लगने वाले जैम से लोगों को भारी परेशानी से गुजरना पड़ रहा है बल्कि उन्हें बेहूदे शब्द भी सुनने पड़ सकते हैं।

विदित हो कि लगभग तीन दशक पहले नगर पालिका परिषद ने बिजली घर रोड पर सब्जी बाजार का निर्माण कराया था जिसमें फुटकर बिक्रेताओं को दुकाने आवंटित की गई थी लेकिन यह बाजार एकान्त में होने के चलते सब्जी की दुकानें मुख्य सड़क के किनारे फुटपाथ पर संचालित होने लगी है और सब्जी का फुटकर बाजार वहां से बन्द होकर उसने थोक बाजार का रूप ले लिया था और धीरे धीरे यह दुकानों से हटकर सड़क तक आ पहुंचा है आलम यह है कि सब्जी के थोक कारोबार के चलते सड़क लगभग 5 घण्टे के लिए पूरी तरह से जैम हो जाती है जबकि यह सड़क अत्यधिक महत्वपूर्ण है जहां से बड़ी संख्या में स्कूली छात्र छात्राएं विद्धालयों को जाते हैं लेकिन उनके वाहन बमुश्किल से निकल पाते हैं कभी कभार तो उन्हें पहुंचने में देर भी हो जाती है। उक्त क्षेत्र के निवासी रोहिणी शर्मा, प्रशान्त कुमार, सुमित कुमार, अमरदीप आदि लोगों के अनुसार सब्जी मण्डी उनके लिए किसी मुसीबत से कम नहीं है क्योंकि सब्जी कारोबारियों की दबंगई से जैम तो लगता ही है साथ ही बोली के समय वहां से निकलने वाले लोगों को उनके द्विअर्थी संवादों को भी सहना पड़ता है।

इस क्षेत्र के वाशिन्दों ने प्रशासन से सब्जी के थोक कारोबार को मण्डी परिसर में स्थानांतरित करने की मांग की है जिससे क्षेत्र की जनता का आवागमन तो सुलभ होगा ही साथ ही मण्डी समिति का राजस्व भी बढ़ेगा क्योंकि मण्डी परिसर के बाहर कारोबार होने से मण्डी शुल्क की भी चोरी रुक सकती है।

# श्री विष्णु महायज्ञ की कलश यात्रा नगर में भव्यता के साथ निकली

**संवाददाता।** उरई, जालौन



**राठ** रोड स्थित गल्ला मंडी परिसर में कलश यात्रा संग श्री विष्णु महायज्ञ का शुभारंभ हो गया। पीली धोतियां पहनें महिलाएं सिर पर कलश धारण कर चल रही थीं। श्रद्धालुओं ने कलशयात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। बच्चों की मनमोहक झांकियां भी आकर्षण का केंद्र रहीं।

आदर्श संस्कृत महाविद्यालय के बटुकों ने यज्ञाचार्य शिवसंपति द्विवेदी के निर्देशन पर पूजन करने के बाद गल्ला मंडी स्थित राधाकृष्ण मंदिर से कलशयात्रा रवाना की। कलशयात्रा राठ रोड से मौनी बाबा मंदिर, घंटाघर, मच्छर चौराहा, स्टेशन रोड होते हुए वापस गल्ला मंडी पहुंची। शोभायात्रा में दर्जन भर से अधिक बैंडबाजा, लगभग 15 स्कूलों की झांकियां, दीवारी नृत्य, तीन बहुरुपिया पार्टी, हजारों महिलाएं और आधा सैकड़ा से अधिक संस्कृत महाविद्यालय के छात्र भगवा ध्वज लेकर चल रहे थे। सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल का बच्चा बैंड शोभायात्रा को भव्यता प्रदान कर रहा था। शोभायात्रा का रास्ते में कई जगह फूलों से स्वागत हुआ। शोभायात्रा में जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, विधायक विनोद चतुर्वेदी, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि विजय चौधरी, जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित, पूर्व जिलाध्यक्ष नागेंद्र गुप्ता चल रहे थे।आयोजक मंडल में प्रदीप महेश्वरी, केदार भारद्वाज, अरविंद पटैरिया, रामप्रकाश गुप्ता, शिवराम, छोटे इटैदिया, उदय सिंह, संजीव दुबे रिनियां, रवींद्र, आशीष, महावीर गुप्ता, अनूप लखौटिया, वासीराम यादव, उदय राजपूत टीमरो व रविंद्र राजपूत करमेर आदि व्यवस्था में लगे रहे। गल्ला व्यापार समिति के अध्यक्ष देवीदीन राजपूत ने बताया कि इस बार विष्णु महायज्ञ का 34 वां आयोजन है। गल्ला व्यापारियों के सहयोग से हर साल यज्ञ को लगातार भव्यता प्रदान की जा रही है। शहर में श्री विष्णु महायज्ञ की निकाली गईं कलश यात्रा के बाद कलश यात्रा में शामिल बैंडबाजा संचालकों को मधुर प्रदर्शन करने पर गला व्यापार समिति ने उन्हें सम्मानित किया

# शिक्षा में किसी से भेदभाव नहीं होगा: सुप्रीमकोर्ट

भाषा। नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने रोहिंग्या शरणार्थियों से संबंधित एक याचिका पर सुनवाई अगले सप्ताह के लिए तय करते हुए बुधवार को कहा कि शिक्षा के मामले में किसी भी बच्चे के साथ भेदभाव नहीं किया जाएगा।

याचिका में न्यायालय से अनुरोध किया गया है कि वह केंद्र और दिल्ली सरकार को दिल्ली में रोहिंग्या शरणार्थियों को सरकारी स्कूलों व अस्पतालों तक पहुंच प्रदान करने का निर्देश दे। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने शिक्षा में किसी तरह के भेदभाव न करने की बात कही और कहा कि अदालत सिर्फ यह जानना चाहती है कि ये रोहिंग्या परिवार कहां रह रहे हैं, किसके घर में रह रहे हैं और उनका विवरण क्या है। एनजीओ रोहिंग्या ह्यूमन राइट्स इनिशिएटिव की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कोलिन गोंजाल्विस



ने कहा कि उन्होंने एक हलफनामा दायर कर विस्तृत जानकारी दी है और बताया है कि रोहिंग्या शरणार्थियों के पास यूएनएचसीआर (संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त) की ओर से जारी कार्ड हैं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि यदि इन रोहिंग्या परिवारों के पास ये कार्ड होंगे तो एनजीओ के लिए विवरण देना आसान हो जाएगा।

इसके बाद गोंजाल्विस ने अधिक विवरण देने के लिए अदालत से कुछ समय मांगा। न्यायालय ने मामले की सुनवाई 10 दिन बाद के लिए तय की। इससे पहले 31 जनवरी को शीर्ष अदालत ने एनजीओ से कहा था कि वह अदालत को बताए कि रोहिंग्या शरणार्थी शहर में कहां बसे हैं और उन्हें कौन-कौन सी सुविधाएं उपलब्ध हैं। साथ ही उसने गोंजाल्विस से हलफनामा दाखिल कर दिल्ली में उनके ठिकानों के बारे में बताने को कहा था। गोंजाल्विस ने कहा था कि एनजीओ ने रोहिंग्या शरणार्थियों को स्कूलों और अस्पतालों तक पहुंच उपलब्ध कराने की मांग की है, क्योंकि आधार कार्ड न होने के कारण उन्हें प्रवेश नहीं दिया जा रहा। उन्होंने कहा था, वे शरणार्थी हैं, जिनके पास यूएनएचसीआर (शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र उच्चायुक्त) कार्ड हैं और इसलिए उनके पास आधार कार्ड नहीं हो सकते। लेकिन, आधार कार्ड न होने के कारण उन्हें स्कूलों और अस्पतालों तक पहुंच नहीं दी जा रही है। गोंजाल्विस ने कहा कि रोहिंग्या शरणार्थी दिल्ली के शाहीन बाग, कालिंदी कुंज और खजूरी खास इलाकों में रहते हैं। उन्होंने कहा, शाहीन बाग और कालिंदी कुंज में वे झुग्गी-झोपड़ियों में रह रहे हैं और खजूरी खास में वे किराए के मकानों में रह रहे हैं।

## उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग के अध्यक्ष को हटाने का आदेश दिया

भाषा। नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने बुधवार को राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग (एनसीएच) के अध्यक्ष को उनके पद से इस्तीफा देने का निर्देश देते हुए कहा कि नियुक्ति कानून के अनुसार नहीं हुई है। कर्नाटक उच्च न्यायालय के एक आदेश को खारिज करते हुए न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने डॉ. अनिल खुराना को एक सप्ताह के भीतर पद छोड़ने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा, प्रतिवादी को तत्काल अध्यक्ष पद से इस्तीफा देना चाहिए। तत्काल से हमारा तात्पर्य आज से एक सप्ताह के भीतर है, ताकि वह अपना कार्य पूरा कर सकें। हालांकि इसमें वित्त से जुड़ा कोई भी नीतिगत निर्णय शामिल नहीं है। अध्यक्ष के पद की नियुक्ति के लिए नई प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाए। यह आदेश डॉ. अमरगौड़ा एल. पाटिल द्वारा डॉ. खुराना की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका पर आया है। पद के लिए आवेदक पाटिल ने इसे इस आधार पर नियुक्तियों को चुनौती दी थी कि खुराना के पास राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग अधिनियम, 2020 की धारा 4(2) और 19 के तहत अपेक्षित अनुभव नहीं है।

# राजद के शासनकाल के दौरान लोग शाम के बाद घर से बाहर निकलने से डरते थे: नीतीश

भाषा। पटना

**बिहार** के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य में उसके शासनकाल में लोग शाम के बाद घर से बाहर निकलने से डरते थे।



जनता दल (यूनाइटेड) के प्रमुख ने संत रविदास जयंती के अवसर पर पटना में आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुए अपने चिरप्रतिद्वंद्वी लालू प्रसाद यादव की पार्टी पर निशाना साधते हुए यह बात कही।

नीतीश ने किसी का नाम लिए बिना ही विपक्षी दलों पर निशाना साधा और अपने मौजूदा सहयोगी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तारीफ की। नीतीश (73) ने कहा, क्या हमसे पहले सत्ता में रहने वालों ने कुछ किया? जो कुछ भी हुआ है, वह हमने किया है। इस अवसर पर मंच पर भाजपा नेता एवं केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा विजय कुमार सिन्हा भी मौजूद थे। बिहार में सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे नीतीश ने कहा, "वर्ष 2005 में जब हमने सत्ता संभाली थी, तब क्या स्थिति थी? खराब कानून-व्यवस्था के कारण लोग शाम ढलने के बाद अपने घरों से बाहर निकलने से डरते थे। और आज देखिए कि हालात क्या हैं। लड़के-लड़कियां रात 11 बजे तक सड़कों पर देखे जा सकते हैं और लोग अपना कारोबार कर रहे हैं'। नीतीश ने राजद के साथ अपने गठबंधन के बारे में दावा किया कि उनके अपने कुछ लोगों ने उन्हें गठबंधन के लिए मजबूर किया था।

जद(यू) अध्यक्ष ने कहा, लेकिन, मुझे जल्द ही एहसास हो गया कि इन लोगों (राजद) का जनता के लिए काम करने का कोई इरादा नहीं है और मैं उनके साथ काम नहीं कर पाऊंगा। इसलिए, मैंने उससे नाता तोड़ लिया। अपने सहयोगी दल भाजपा की ओर इशारा करते हुए कहा, हम लोग वर्ष 2005 से एक साथ मिलकर राज्य का विकास कर रहे हैं। श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने मुझे मुख्यमंत्री बनाया था। केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की तरफ से भी राज्य के विकास के लिए पूरा सहयोग मिल रहा है।

## अनचाही कॉल की सही संख्या न बताने पर दूरसंचार कंपनियों पर लगेगा भारी जुर्माना

**नई दिल्ली** (भाषा)। दूरसंचार नियामक ट्राई ने बुधवार को नए नियम जारी करने के साथ ग्राहकों को बार-बार परेशान करने वाली अनचाही कॉल एवं संदेशों पर लगाम लगाने की कार्वाई तेज कर दी है। अब ट्राई ने अनचाही कॉल की संख्या ठीक से न बताने वाली दूरसंचार कंपनियों पर दो लाख रुपए से लेकर 10 लाख रुपए तक का जुर्माना लगाने का प्रावधान कर दिया है। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने सभी दूरसंचार परिचालकों को असामान्य रूप से अधिक कॉल करने, कॉल की कम अवधि और इनकमिंग एवं आउटगोइंग कॉल के निम्न अनुपात जैसे मापदंडों के आधार पर कॉल और एसएमएस पैटर्न का विश्लेषण करने का आदेश दिया है। इससे वास्तविक समय में संभावित स्पैमर को चिह्नित करने में आसानी होगी। दूरसंचार वाणिज्यिक संचार ग्राहक वरीयता विनियमन के नियमों में संशोधन करते हुए जुर्माने का भी प्रावधान किया गया है।

## यूसीसी में दर्ज सूचनाओं की जानकारी किसी तीसरे व्यक्ति को नहीं होंगी: उत्तराखंड सरकार

भाषा। देहरादून

**उत्तराखंड** सरकार ने बुधवार को स्पष्ट किया कि प्रदेश में हाल में लागू समान नागरिक संहिता (यूसीसी) में सूचनाओं की गोपनीयता बनाए रखने के लिए सख्त प्रावधान किए गए हैं और इसमें दर्ज कोई जानकारी किसी तीसरे व्यक्ति तक नहीं पहुंच पाएंगी।

राज्य के गृह विभाग में अपर सचिव निवेदिता कुकरेती ने बताया कि यूसीसी में सेवाओं के पंजीकरण के समय दी जाने वाली जानकारियों तक किसी भी तीसरे व्यक्ति की पहुंच नहीं हो पाएगी। उन्होंने कहा कि यूसीसी के तहत होने वाले पंजीकरण की सिर्फ संख्या ही सार्वजनिक हो पाएगी, इसमें किसी की भी व्यक्तिगत जानकारी शामिल नहीं होगी। कुकरेती ने कहा कि यूसीसी में सूचनाओं की गोपनीयता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है और किसी भी सेवा के लिए दी जाने वाली निजी जानकारी जैसे नाम, पता, मोबाइल नंबर, आधार नंबर, धर्म, जाति आदि का विवरण किसी भी स्तर पर सार्वजनिक नहीं होगा। कुकरेती ने कहा कि जिस व्यक्ति ने यूसीसी के तहत किसी सेवा के लिए आवेदन किया हो, सिर्फ वही व्यक्ति खुद या किसी अन्य व्यक्ति के साथ संयुक्त आवेदन के जरिए खुद के आवेदन से संबंधित जानकारी ही मांग ही सकता है, इसके अलावा और किसी भी व्यक्ति तक सूचनाओं की पहुंच नहीं होगी। उनके मुताबिक, यूसीसी के तहत होने वाले पंजीकरण की जानकारी भी थाना पुलिस तक सिर्फ रिकॉर्ड के लिए भेजी जाएगी और ऐसे किसी पंजीकरण में दिए गए विवरण तक संबंधित थाना प्रभारी की पहुंच भी संबंधित वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की निगरानी में ही हो सकेगी। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी स्तर पर सूचनाओं का दुरुपयोग होता है तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ नियमानुसार कार्वाई की जाएगी।

## ईडी ने उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति के परिवार की संपत्ति कुर्क की

**नई दिल्ली** (भाषा)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को कहा कि उसने उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ धनशोधन जांच के तहत 60 लाख रुपए की बैंक जमा राशि अस्थाई रूप से कुर्क की है। उसने एक बयान में कहा कि गायत्री प्रजापति के बेटे अनिल कुमार प्रजापति की जमा धनराशि को कुर्क करने के लिए धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत आदेश जारी किया गया है। संघीय जांच एजेंसी ने कहा कि 60 लाख रुपए की धनराशि बालाजी कॉरपोरेशन प्राइवेट लिमिटेड के बैंक खाते में रखी हुई है। उसने कहा कि यह मुंबई के वडाला में वर्टू नामक एक रियल एस्टेट (मकानाभवन) परियोजना में एक फ्लैट की बुकिंग राशि थी और इसे बिल्डर (बालाजी कॉरपोरेशन) ने अपने पास रख लिया था।

पूर्व मंत्री या उनके परिवार की ओर से इस संबंध में अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

# फोन टैपिंग के आरोप पर श्वेत पत्र जारी करे भाजपा सरकार: सचिन पायलट

भाषा। जयपुर

**कांग्रेस** नेता सचिन पायलट ने राजस्थान के कैबिनेट मंत्री किरोड़ी लाल मीणा द्वारा उनके फोन टेप किए जाने के आरोपों को लेकर बुधवार को राज्य की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर निशाना साधा।

पायलट ने फोन टैपिंग को गंभीर मुद्दा बताते हुए कहा कि राज्य सरकार को इस पर जवाब देना चाहिए। पायलट ने इसके साथ ही मीणा की अपनी ही सरकार के साथ तनातनी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि राज्य में व्यवस्था का मजाक बना हुआ है। कांग्रेस नेता ने यहां मीडिया से कहा, ए मजाक बना रखा है। वे (मीणा) इस्तीफा दिए बैठे हैं लेकिन उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं हो रहा। वह मंत्री होने के नाते कहते हैं कि मेरा फोन टैप हो रहा है, तो (पार्टी) संगठन कार्वाई कर रहा है। फिर उनका जवाब... पता नहीं उन्होंने क्या जवाब दिया होगा... मैं मानता हूं यह मजाक बना हुआ है।



उन्होंने कहा, सरकार को निर्णायक कार्वाई करनी चाहिए और सच्चाई जनता के सामने आनी चाहिए। मंत्री मीणा को भी अपने आरोपों को लेकर सूत्र का खुलासा करना चाहिए। पायलट ने कहा फोन टैपिंग का यह गंभीर मामला है जिस पर सरकार को स्पष्टीकरण देना चाहिए और श्वेत पत्र जारी करना चाहिए... कि हमारे मंत्री ने यह बोला ...सही था या गलत था। सिर्फ पार्टी के स्तर पर कार्वाई करना मैं समझता हूं कि पर्याप्त नहीं है। उन्होंने कहा कि फोन टैपिंग गंभीर अपराध है, ऐसा कोई भी प्रकरण अब या पहले हुआ है तो उसकी पूरी पारदर्शिता से जांच होनी चाहिए और पार्टी के किसी भी नेता या अधिकारी सहित जो भी दोषी पाया जाता है तो उसको दंड मिलना चाहिए। पूर्व उपमुख्यमंत्री ने कहा, हर गलती सजा मांगती है, गलती करेगा तो सजा मिलेगी। यहां पायलट का इशारा उस फोन टैपिंग विवाद की ओर था जो पिछली कांग्रेस सरकार के दौरान उनकी अपनी सरकार के खिलाफ विद्रोह के समय उठा था। कांग्रेस नेता ने कहा कि सरकार के एक मंत्री हैं जिन्होंने पब्लिक प्लेटफॉर्म से आरोप लगाया कि उनका फोन टेप हो रहा है, किसी भी नागरिक की निजता का हनन कोई भी सरकार नहीं कर सकती, और जब वह नागरिक शपथ लिया हुआ सरकार का एक मंत्री हो तथा सार्वजनिक मंच से ऐसा बोल रहा हो। उन्होंने कहा कि सरकार को सदन में जवाब देना चाहिए, पूरा प्रदेश व देश सच्चाई जानना चाहता है। उल्लेखनीय है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने मंत्री मीणा को उनके फोन टैप किए जाने का मुद्दा उठाने पर अनुशासनहीनता का नोटिस भेजा था। मीणा ने बुधवार को संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने अपना जवाब कल ही राठौड़ को भेज दिया था। हालांकि उन्होंने अपने जवाब की विषय-वस्तु का खुलासा नहीं किया। हाल ही में एक सभा के दौरान मीणा ने अपने फोन टेप होने का आरोप लगाया था। विपक्ष ने इस मुद्दे को विधानसभा में उठाया। नेता प्रतिपक्ष ने विरोध के चलते राज्यपाल के अभिभाषण पर अपनी बात ही नहीं रखी और सदन में मुख्यमंत्री के संबोधन के दौरान भी कांग्रेस विधायक नारेबाजी करते रहे। राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) की भर्ती प्रक्रिया पर उच्च न्यायालय की एक टिप्पणी का हवाला देते हुए पायलट ने कहा कि अदालत को हर मुद्दे पर हस्तक्षेप करना पड़ता है। पायलट ने कहा, "अदालत को हस्तक्षेप करना पड़ रहा है हर मुद्दे पर... सरकार कर क्या रही है? सरकार में इतने सारे सत्ता के केंद्र बन गए हैं और किसी को मालूम ही नहीं है कि क्या हो रहा है। अगर अदालत को बार-बार बोलना पड़ेगा और प्रशासनिक मुद्दों में हस्तक्षेप करना पड़ेगा तो राज्य के लिए यह अच्छी बात नहीं है।

# पेज 1 का शेष

### मुफ्त...

रामलीला मैदान वाला भाषण न दें, और अनावश्यक आरोप न लगाएं। यहां राजनीतिक भाषण न दें। हम अपने न्यायालयों को राजनीतिक लड़ाई का स्थान नहीं बनने देंगे। न्यायाधीश नेकहा, आप कैसे कह सकते हैं कि दया केवल अमीरों के लिए दिखाई जाती है? यहां तक कि सरकार के लिए भी, आप ऐसा कैसे कह सकते हैं? अदालत ने कहा कि यह कहना अच्छी बात नहीं है कि सरकार ने गरीबों के लिए कुछ नहीं किया या उनके प्रति चिंता नहीं दिखाई। भूषण ने कहा कि पीठ के समक्ष रखे गए विवरण के अनुसार, 4 दिसंबर 2024 तक राज्यों या केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा कुल 2,557 आश्रय गृह स्वीकृत किए गए थे और 1.16 लाख बिस्तरों की क्षमता के साथ ।,995 आश्रय गृह चालू हैं। उन्होंने कहा कि एक सर्वेक्षण से पता चला है कि अकेले दिल्ली में लगभग तीन लाख शहरी बेघर हैं। भूषण ने कहा कि दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड के अनुसार, आश्रयों की कुल क्षमता 17,000 व्यक्तियों की है, जिनमें से केवल 5,900 में बिस्तर हैं। दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डीयूएसआईबी) के वकील ने कहा कि बोर्ड दिल्ली में फिलहाल 197 आश्रय गृहों को संचालन कर रहा है, जिनकी कुल क्षमता 17,000 व्यक्तियों की है।

### मिलकर...

राष्ट्रपति मैक्रों ने मारसेई के निकट तटीय शहर कैसिस में प्रधानमंत्री के सम्मान में रात्रिभोज का भी आयोजन किया। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति मैक्रों को भारत आने का निमंत्रण दिया। वार्ता के 10 परिणामों की सूची में एआई पर भारत-फ्रांस घोषणा, भारत-फ्रांस नवाचार वर्ष 2026 के लिए लोगो जारी करना, और भारत के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) तथा फ्रांस के इंस्टीट्यूट नेशनल डि रिसर्च एन इंफॉर्मेटिक एट एन ऑटोमैटिक (आईएनआरआईए) फ्रांस के बीच इंडो-फ्रेंच सेंटर फॉर द डिजिटल साइंसेज की स्थापना के लिए आशय पत्र शामिल हैं। फ्रांसीसी स्टार्ट-अप इनक्यूबेटर स्टेशन एफ में 10 भारतीय स्टार्टअप की मेजबानी के लिए एक समझौते पर भी हस्ताक्षर किए गए, जबकि उन्नत मॉड्यूलर रिएक्टरों और छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों पर साझेदारी की स्थापना पर आशय की घोषणा पर हस्ताक्षर किए गए। अन्य परिणामों में ग्लोबल सेंटर फॉर न्यूक्लियर एनर्जी पार्टनरशिप (जीसीएनईपी) के साथ सहयोग के लिए परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई) तथा फ्रांस के कमिसारिएट ए एल एनर्जी एटॉमिक एट ऑक्स

एनर्जीज अल्टरनेटिव्स (सीएई) के बीच समझौता ज्ञापन का नवीनीकरण शामिल है। त्रिकोणीय विकास सहयोग पर एक संयुक्त आशय घोषणा पर हस्ताक्षर किए गए, जबकि दोनों नेताओं ने मारसेई में भारतीय वाणिज्य दूतावास का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया, और पर्यावरण के क्षेत्र में पारिस्थितिक संक्रमण, जैव विविधता, वन, समुद्री मामले और मत्स्य पालन मंत्रालय एवं पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के बीच आशय की घोषणा पर हस्ताक्षर किए गए। मोदी सोमवार को फ्रांस पहुंचे और मैक्रों के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक्शन समिट की सह-अध्यक्षता भी की। यह मोदी की फ्रांस की छठी यात्रा है और मैक्रों की जनवरी 2024 में भारत के 75वें गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि के रूप में भारत यात्रा करने के बाद हो रही है। दोनों नेताओं ने यहां अंतरराष्ट्रीय थर्मोन्यूक्लियर प्रायोगिक रिएक्टर केंद्र का भी दौरा किया। दोनों नेताओं ने न्यायसंगत और शांतिपूर्ण अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को बनाए रखने, वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने और तकनीकी और आर्थिक क्षेत्रों सहित उभरते विकास के लिए दुनिया को तैयार करने के लिए उन्नत एवं प्रभावी बहुपक्षवाद के लिए अपने आह्वान को दोहराया। दोनों नेताओं ने विशेष रूप से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया और सुरक्षा परिषद के मामलों सहित बहुपक्षीय मंचों पर निकटता से समन्वय करने पर सहमति व्यक्त की। दोनों नेताओं ने सामूहिक अत्याचारों के मामले में वीटो के उपयोग के विनियमन पर बातचीत को मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की। उन्होंने दीर्घकालिक वैश्विक चुनौतियों और वर्तमान अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रम पर व्यापक चर्चा की और बहुपक्षीय पहलों एवं संस्थानों के माध्यम से अपने वैश्विक और क्षेत्रीय जुड़ाव को विस्तार देने पर सहमति व्यक्त की। मोदी और मैक्रों ने 2024 में महत्वाकांक्षी रक्षा औद्योगिक रोडमैप की सहमति के अनुरूप वायु और समुद्री परिसंपत्तियों के सहयोग को जारी रखने का स्वागत किया। दोनों नेताओं ने भारत में स्कॉर्पीन पनडुब्बियों के निर्माण में सहयोग में प्रगति की सराहना की, जिसमें स्वदेशीकरण भी शामिल है, और विशेष रूप से डीआरडीओ द्वारा विकसित एयर इंडिपेंडेंट प्रोपल्शन (एआईपी) को पी75-स्कॉर्पीन पनडुब्बियों में एकीकृत करने तथा भविष्य की पी75-एएस पनडुब्बियों में एकीकृत लड़ाकू प्रणाली (आईसीएस) के संभावित एकीकरण के संबंध में किए गए विश्लेषणों की सराहना की। दोनों नेताओं ने 15 जनवरी 2025 को पी75 स्कॉर्पीन-श्रेणी परियोजना की छठी और अंतिम पनडुब्बी, आईएनएस वाघशीर के जलावतरण का भी स्वागत किया। दोनों पक्षों ने मिसाइल, हेलीकॉप्टर इंजन और जेट इंजन पर चल रही चर्चाओं का स्वागत किया। उन्होंने सफरान समूह में संबंधित संस्थाओं और उनके भारतीय समकक्षों के बीच उत्कृष्ट सहयोग का भी स्वागत किया। मोदी ने फ्रांसीसी सेना को पिनाक रॉकेट लांचर को करीब से देखने के लिए आमंत्रित किया और इस बात पर जोर दिया कि फ्रांस द्वारा इस प्रणाली का अधिग्रहण भारत-फ्रांस रक्षा संबंधों में एक और मील का पत्थर होगा। इसके अलावा, राष्ट्रपति मैक्रों ने ओसीसीएआर द्वारा प्रबंधित यूरोड्रोन मेल कार्यक्रम में भारत को पर्यवेक्षक के रूप में शामिल करने के निर्णय का स्वागत किया, जो रक्षा उपकरण कार्यक्रमों में हमारी साझेदारी की बढ़ती ताकत में एक और कदम है। बयान में कहा गया कि दोनों नेताओं ने मध्य-पूर्व और यूक्रेन में युद्ध सहित अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर विस्तृत बातचीत की। वे समन्वय करने और नियमित रूप से निकटता से जुड़े रहने के अपने प्रयासों को आगे बढ़ाने पर सहमत हुए। दोनों नेताओं ने भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप कॉरिडोर (आईएमईसी) को लागू करने पर अधिक निकटता से मिलकर काम करने पर सहमति व्यक्त की और भूमध्य सागर में मारसेई की रणनीतिक स्थिति को स्वीकार किया। उन्होंने नई दिल्ली में आगामी भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन के मद्देनजर जल्द से जल्द यूरोपीय संघ-भारत संबंधों को मजबूत करने के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया और संयुक्त अरब अमीरात के साथ त्रिपक्षीय प्रारूप में बढ़ते सहयोग की सराहना की। उन्होंने फ्रांस, भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच हुए संयुक्त सैन्य अभ्यासों की सराहना की, साथ ही भारत, फ्रांस और ऑस्ट्रेलिया की एक-दूसरे के बहुपक्षीय सैन्य अभ्यासों में भागीदारी की भी सराहना की। दोनों नेताओं ने एक स्वतंत्र, खुले, समावेशी, सुरक्षित तथा शांतिपूर्ण समाज के प्रति अपनी साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। उन्होंने अंतरिक्ष क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग को और प्रगाढ़ करने की अपनी इच्छा दोहराई। दोनों नेताओं ने सीमा पार आतंकवाद सहित सभी रूपों में आतंकवाद की स्पष्ट निंदा की। उन्होंने आतंकवाद के वित्तपोषण नेटवर्क और सुरक्षित ठिकानों को नष्ट करने का आह्वान किया। वे इस बात पर भी सहमत हुए कि किसी भी देश को उन लोगों को सुरक्षित पनाहगाह नहीं देनी चाहिए जो आतंकवादी कृत्यों को वित्तपोषित करते हैं, उनका षड्यंत्र रचते हैं, उन्हें समर्थन देते हैं और अंजाम देते हैं। दोनों नेताओं ने सभी आतंकवादियों के खिलाफ ठोस कार्वाई का भी आह्वान किया। बयान में कहा गया कि उन्होंने नागरिक उड्डयन क्षेत्र में उन्नत द्विपक्षीय सहयोग के लिए एक व्यापक ढांचा बनाने के लिए चल रही चर्चाओं का स्वागत किया, जो कि उन्नत चरणों में है। साल 2024 में द्विपक्षीय व्यापार के रिकॉर्ड स्तर को देखते हुए, उन्होंने स्वीकार किया कि दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश की अपार संभावनाएं हैं। मोदी और मैक्रों ने फ्रांस और भारत में निवेश करने वाली कंपनियों के लिए मजबूत विश्वास बनाए रखने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

### दो करोड़...

अर्घ्य दिया। इसी तरह, फिल्म अभिनेता सुनील शेट्टी ने भी संगम में डुबकी लगाई और सरकार द्वारा की गई व्यवस्थाओं को अद्‌भुत बताया। महाकुंभ में शामिल होने आए नार्वे के पूर्व जलवायु एवं पर्यावरण मंत्री एरिक सोलहेम ने महाकुंभ को इतिहास का विशालतम मानव समागम बताते हुए कहा, मानव इतिहास में इससे बड़ा कोई आयोजन कभी कहीं नहीं हुआ। इस बीच, महाकुंभ मेले में कल्पवास कर रहे करीब 10 लाख कल्पवासियों का संकल्प माघी पूर्णिमा स्नान के साथ आज पूरा हो गया और वे अपने-अपने घरों के लिए प्रस्थान करना शुरू कर रहे हैं। त्रिवेणी संगम आरती सेवा समिति के संस्थापक और तीर्थ पुरोहित राजेंद्र मिश्रा ने बताया, पिछली पूर्णिमा पर कल्पवास का संकल्प लेने वाले कल्पवासियों का संकल्प आज पूरा हो रहा है। उन्होंने एक महीने तक सभी यम, नियम और संयम, आदर्श सात्विक जीवन का अक्षरशः पालन करने, भूमि पर शयन करने, तीन बार स्नान करने, स्वयं भोजन बनाकर एक समय भोजन करने, यथोचित दान करने और गुरु की वाणी का श्रवण करने का संकल्प लिया था। उन्होंने बताया, आज वे मां गंगा का पूजन, दीपदान करके उस संकल्प से मुक्त होंगे और दिशाशूल को देखते हुए अपने घरों के लिए प्रस्थान करेंगे। कोई आज प्रस्थान करेगा तो कोई कल या परसों प्रस्थान करेगा। दो-तीन दिनों में सभी कल्पवासी प्रस्थान कर जाएंगे। गोरखपुर से परिवार सहित कल्पवास करने आए मदन गोपाल शुक्ल ने कहा, आज हमारा कल्पवास पूरा हो रहा है। कल्पवास बहुत अच्छा रहा.. कोई असुविधा नहीं हुई। पिछले चार साल से हम कल्पवास कर रहे हैं। हर साल मैं अपने भीतर के दुर्गुणों को गंगा में समर्पित करने के लिए कल्पवास करता हूं। पहली बार कल्पवास में मैंने (सुर्ती) तंबाकू का सेवन छोड़ दिया और अगली बार कुछ और छोड़ दिया। एसएसपी कुंभ राजेश द्विवेदी ने कहा, श्रद्धालुओं का आवागमन सुचारू रूप से चल रहा है और हम भीड़ वाली सभी जगहों पर सतर्कता बरत रहे हैं। हमने इस बार सभी व्यवस्थाएं और मजबूत की हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ऑपरेशन चतुर्भुज भी लांच किया है जिसके तहत 2,750 हाईटेक कैमरों, ड्रोन और एंटी ड्रोन से मेले की निगरानी कर रहे इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर द्वारा सुरक्षा बढ़ा दी गई है। अधिकारियों के मुताबिक प्रयागराज आने वाले श्रद्धालुओं के निजी और सार्वजनिक वाहनों को 11 फरवरी को सुबह चार बजे के बाद से संबंधित रूट की पार्किंग में पार्क कराया गया है ताकि शहर में यातायात अव्यवस्था न हो और श्रद्धालु पैदल सुगमता से स्नान घाटों तक पहुंच सकें। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं के आवागमन को सुगम बनाने के लिए प्रशासन ने 11 फरवरी की शाम 5:00 बजे से पूरे प्रयागराज शहर को भी नो व्हीकल जोन घोषित किया है। केवल आपातकालीन सेवाओं को इस प्रतिबंध से छूट दी जाएगी। आंध्र प्रदेश से आए श्रीनिवास ने कहा, यहां अच्छा लग रहा है। सरकार ने अच्छी व्यवस्था की है। योगी और मोदी जी को बहुत बहुत धन्यवाद। माघी पूर्णिमा पर स्नान करने हर कोई आया है। यहां आकर हिंदू होने पर गर्व की अनुभूति हो रही है। एक अन्य श्रद्धालु गायत्री ने कहा, मैं इस शुभ अवसर पर यहां आकर बहुत खुश हूं। उप्र सरकार ने बहुत अच्छा माहौल तैयार किया है। अधिकारियों ने कहा कि प्रदेश के परिवहन विभाग ने अतिरिक्त 1200 शटल बसें मेले के लिए लगाई हैं जो हर 10 मिनट में श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध रहेंगी। महाकुंभ मेला 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के स्नान के साथ संपन्न होगा। 29 जनवरी को मौनी अमावस्या पर हुई भगदड़ में 30 लोगों की मृत्यु हो गई थी और 60 लोग घायल हो गए थे।

### यूपीएससी...

एक निर्धारित प्रारूप में एक वचनबद्धता के साथ (otrupsc@gov.In) पर आवश्यक परिवर्तन करने के लिए आयोग को अनुरोध भेजना होगा। यूपीएससी ने यह भी कहा कि पात्र पीडब्ल्यूबीडी (बेंचमार्क विकलांगता वाले व्यक्ति) उम्मीदवार, जो स्वयं लेखक की सहायता लेना चाहते हैं, उन्हें सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए अनिवार्य रूप से स्वयं लेखक का विवरण प्रदान करना होगा। PwBD उम्मीदवार, जो मुख्य परीक्षा के लिए स्वयं के लेखक की सहायता लेना चाहते हैं, वे प्रारंभिक परीक्षा के लिए आवेदन करते समय स्वेच्छा से मुख्य के लिए लेखक का विवरण बता सकते हैं। इसमें कहा गया है, ऐसे अभ्यर्थी इस विंडो के दौरान स्वयं के लेखक का विवरण अपडेट/प्रदान कर सकते हैं, जो अभ्यर्थियों को सीएस (प्रारंभिक) परीक्षा के परिणाम की घोषणा के बाद उपलब्ध कराया जाएगा। दिव्यांग उम्मीदवार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा जारी यूडीआईडी दिव्यांग प्रमाण पत्र या आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध प्रारूप में वैध दिव्यांग प्रमाण पत्र भी अपलोड कर सकते हैं।

### सिख विरोधी...

मामले में आरोप लगाया गया था। इस मामले में उन्हें दिल्ली उच्च न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। सजा को चुनौती देने वाली उनकी अपील उच्चतम न्यायालय में लंबित है।

### जम्मू...

हमेशा तत्पर रहने वाले व्यक्ति के रूप में याद किया। अपने बेटे के सेवा करियर का जिक्र करते हुए नायक मुकेश सिंह के पिता ने सांबा जिले के ब्री कामिला गांव में मीडियाकर्मियों से कहा, उन्होंने हाल ही में जम्मू के अखनूर में आने से पहले, लद्दाख में सियाचिन ग्लेशियर, कश्मीर और पंजाब में अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए सेना में साढ़े नौ साल से अधिक समय तक सेवा की। वह अपनी रिंग सेरेमनी के लिए ड्यूटी से दो सप्ताह की छुट्टी के बाद 28 जनवरी को अपनी यूनिट में लौटे थे। शोकाकुल पिता ने बताया कि नायक मुकेश की शादी 20-21 अप्रैल के आसपास होने वाली थी, जबकि उनके रिश्तेदार और पड़ोसी संवेदना व्यक्त करने के लिए घर के सामने तांता लगाए हुए थे। गांव के एक अन्य निवासी नरोंतम सिंह ने कहा कि मन्हास ऊर्जा से भरे हुए थे और हमेशा युवाओं को खेल गतिविधियों में शामिल होने के लिए प्रेरित करते रहते थे।

## उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने केंद्र, राज्य से यूसीसी पर छह सप्ताह में जवाब मांगा

**नैनीताल (भाषा)।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने प्रदेश में पिछले माह लागू की गई समान नागरिक संहिता (यूसीसी) में विवाह और लिव-इन से संबंधित प्रावधानों को चुनौती देने वाली दो याचिकाओं पर केंद्र और राज्य सरकार से बुधवार को अपना जवाब दाखिल करने को कहा। उच्च न्यायालय में जनहित याचिका के रूप में दायर एक याचिका में दलील दी गई है कि यूसीसी लिव-इन संबंधों को वैध बनाता है और इसे विवाह के बराबर दर्जा देता है, जबकि एक अन्य रिट याचिका में कहा गया है कि मुसलमानों के लिए इसका पालन करना मुश्किल है क्योंकि विवाह, तलाक और विरासत से संबंधित इसके प्रावधान कुरान के सिद्धांतों के खिलाफ हैं। याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जी नरेंदर और न्यायमूर्ति आशीष नैथानी की खंडपीठ ने केंद्र और राज्य सरकारों को इस संबंध में अपना जवाब दाखिल करने के लिए छह सप्ताह का समय दिया है। भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता केंद्र और राज्य सरकार की ओर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अदालत में पेश हुए। जनहित याचिका दायर करने वाले अधिवक्ता सुरेश सिंह नेगी ने कहा कि यूसीसी लिव-इन संबंधों को वैध दर्जा देगा जो असंवैधानिक है। उन्होंने कहा कि यूसीसी के तहत प्रक्रिया लिव-इन संबंधों को वैधता देगी और उसे विवाह के बराबर मान्यता देगी। नेगी ने यह भी कहा कि जहां विवाह और तलाक एक लंबी प्रक्रिया है वहीं लिव-इन संबंधों में प्रवेश करने और उसे समाप्त करने के लिए केवल एक आवेदन देने की जरूरत है। याचिकाकर्ता ने कहा कि लिव-इन संबंधों में प्रवेश करने के 30 दिनों के भीतर उसका पंजीकरण करना अनिवार्य है और ऐसा न होने की स्थिति में तीन माह की कैद या दस हजार रूपए का जुर्माना भरना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि हालांकि, इस संबंध को समाप्त करने के लिए रजिस्ट्रार के सामने 15 दिन में आवेदन देना जरूरी है। उन्होंने कहा कि यूसीसी के तहत लिव-इन संबंधों में प्रवेश करने की उम्र 18 साल है और इसमें युगल को बच्चे को गोद लेने का अधिकार है जबकि इस संबंध से जन्में बच्चे को भी वैध बच्चा माना जाएगा। याचिका में नेगी ने कहा कि दूसरी ओर विवाह संबंध में प्रवेश करने के लिए लड़की की न्यूनतम आयु 18 वर्ष तथा लड़के की न्यूनतम आयु 21 वर्ष रखी गई है। उन्होंने कहा कि इससे लिव-इन संबंध और विवाह को नियंत्रित करने वाले दो कानूनों के बीच टकराव होता है। अल्मासुद्दीन सिद्दीकी की ओर से दायर रिट याचिका में कहा गया है कि मुस्लिम धर्म में आस्था रखने वाले याचिकाकर्ता को यूसीसी के प्रावधानों का पालन करने में परेशानी हो रही है क्योंकि विवाह, तलाक और उत्तराधिकार को लेकर इसके प्रावधान कुरान में दिए गए प्रावधानों से अलग हैं। याचिका में यह भी कहा गया है कि यूसीसी भारत के संविधान के अनुच्छेद 25 और अनुच्छेद 14 का उल्लंघन है क्योंकि यह अनुसूचित जनजातियों पर लागू नहीं होता है। अनुच्छेद 25 धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार प्रदान करता है और अनुच्छेद 14 कानून के समक्ष बराबरी की बात करता है। याचिका में लिव-इन संबंधों के अनिवार्य पंजीकरण को भी चुनौती दी गई है। उत्तराखंड में 27 जनवरी को यूसीसी लागू किया गया था और ऐसा करने वाला वह स्वतंत्र भारत का पहला प्रदेश है। यद्यपि यूसीसी को लागू कर दिया गया है लेकिन विभिन्न वर्गों में संदेह बना हुआ है।

# भारत की मिसाइल प्रणाली दुनिया के लिए आकर्षण का केंद्र बनी: राजनाथ सिंह

**बेंगलुरु( भाषा )।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को कहा कि भारत परिवर्तन के क्रांतिकारी दौर से गुजर रहा है और देश के लड़ाकू विमान, मिसाइल प्रणाली, नौसैनिक जहाज न केवल हमारी सीमाओं की रक्षा कर रहे हैं बल्कि पूरी दुनिया के लिए आकर्षण का केंद्र भी बन रहे हैं। सिंह ने यहां एयरो इंडिया 2025 के स्वदेशीकरण कार्यक्रम और समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा, एयरो इंडिया ने जो ऊंचाइयां हासिल की हैं, वह न केवल अद्वितीय हैं बल्कि ऐतिहासिक भी हैं। उन्होंने कहा, मैं पिछले तीन दिन से इस कार्यक्रम में व्यक्तिगत रूप से मौजूद हूं और यदि मुझे अपने अनुभव को तीन शब्दों में व्यक्त करना हो तो वह है ऊर्जा, ऊर्जा और ऊर्जा। उन्होंने कहा, एलहंका में जो कुछ भी हमने देखा वह ऊर्जा का प्रकटीकरण है और यह ऊर्जा और उत्साह न केवल भारत के प्रतिभागियों में बल्कि दुनियाभर से देखा जा सकता है। हमारे उद्यमियों, हमारे स्टार्टअप्स और नवप्रवर्तकों के बीच जो उत्साह देखा गया, वह सराहनीय है।



बेंगलुरु में गाम्बिया के समकक्ष सेरिंग मोदेऊ के साथ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

रक्षा मंत्री ने कहा कि देश बदलाव के क्रांतिकारी दौर से गुजर रहा है। उन्होंने कहा, हम सभी जानते हैं कि भारत ऐतिहासिक रूप से अपनी रक्षा जरूरतों के लिए आयात पर निर्भर रहा है। अगर मैं एक दशक पहले की बात करूं तो हमारे देश में 65 से 70 प्रतिशत रक्षा उपकरण आयात किए जाते थे। उन्होंने कहा, यदि हम आज की स्थिति को देखें तो आप इसे समाधान या चमत्कार कह सकते हैं, लेकिन आज देश में लगभग उतने ही प्रतिशत रक्षा उपकरणों का निर्माण हो रहा है। सिंह ने कहा, आज हम ऐसे मोड़ पर खड़े हैं जहां लड़ाकू विमान, मिसाइल प्रणाली, नौसैन्य पोत या ऐसे अनेक उपकरण और प्लेटफॉर्म न सिर्फ हमारी सीमाओं की रक्षा कर रहे हैं बल्कि पूरी दुनिया के लिए आकर्षण का केंद्र भी बन रहे हैं। उन्होंने कहा, आज हम छोटे तोपखानों से लेकर ब्रह्मोस और आकाश मिसाइल प्रणाली जैसे बड़े प्लेटफॉर्म तक, सब कुछ कई देशों को निर्यात कर रहे हैं। इससे न केवल हमारा रक्षा निर्यात बढ़ रहा है बल्कि वैश्विक स्तर पर विभिन्न देशों के साथ हमारी नई साझेदारियां भी विकसित और मजबूत हो रही हैं।

# भविष्य के युद्धों के साथ प्रौद्योगिकियों को जोड़ना ही समाधान नहीं : सीडीएस जनरल चौहान

**बेंगलुरु ( भाषा )।** प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने बुधवार को कहा कि भविष्य के युद्ध के साथ प्रौद्योगिकियों को जोड़ना युद्ध में जीत हासिल करने का एकमात्र समाधान नहीं है। उन्होंने तकनीकी प्रगति के पूरक के रूप में नई अवधारणाओं और सिद्धांतों को विकसित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। वह यहां एयरो इंडिया कार्यक्रम में भविष्य के संघर्षों के साथ प्रौद्योगिकियों को जोड़े जाने के विषय पर एक संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे।

चौहान ने कहा, भविष्य के युद्ध के साथ प्रौद्योगिकियों को जोड़ना जीत हासिल करने के लिए समाधान का केवल एक हिस्सा है। अगर आप जीतना चाहते हैं तो आपको नई अवधारणाएं विकसित करनी होंगी, नए सिद्धांत बनाने होंगे, ऐसे युद्ध के लिए नए संगठन स्थापित करने होंगे और नई संस्कृति और प्रक्रियाएं बनानी होंगी। उन्होंने कहा, प्रौद्योगिकी केवल उत्तर का एक हिस्सा प्रदान करेगी। समुद्री और हवाई क्षेत्रों तक युद्ध के विस्तार से पहले जमीन पर युद्ध होने का उल्लेख करते हुए सीडीएस ने कहा, प्रत्एक नए क्षेत्र के साथ, पिछले वाले क्षेत्र पर प्रभाव पड़ा है। इन क्षेत्र के भीतर भी,



महत्वपूर्ण परिवर्तन होते रहते हैं। उन्होंने कहा, समुद्री क्षेत्र में, सतह पर युद्ध के अलावा, युद्ध अब पानी के भीतर भी फैल रहे हैं – लगभग समुद्र तल तक। हवाई क्षेत्र में हम निकट अंतरिक्ष में विस्तार देख रहे हैं। उन्होंने कहा, हमें इन जटिल क्षेत्रों में लड़ने के लिए प्रौद्योगिकियों को संरेखित करने की आवश्यकता है, और यहीं पर प्रौद्योगिकी हमारी सहायता करेगी। तकनीकी प्रगति के कारण युद्ध कैसे बदल रहा है, इस पर चौहान ने कहा, पीढ़ियों से युद्ध मनुष्यों के बीच होते रहे हैं, लेकिन आज हम इसे फिर से परिभाषित करने के कगार पर हैं। भविष्य में युद्ध मनुष्यों और मशीनों के बीच हो सकते हैं और बाद में यह पूरी तरह से स्वायत्त मशीनों के बीच हो सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि युद्ध बहु-क्षेत्रीय होते जा रहे हैं, जिसका अर्थ है कि युद्ध एक साथ कई क्षेत्रों में लड़े जाएंगे। चौहान ने जोर देकर कहा कि जैसे-जैसे युद्ध अधिक जटिल होता जा रहा है, क्रॉस-डोमेन अभियानों और क्रॉस-डोमेन कमान के लिए प्रौद्योगिकियों को विकसित करने की आवश्यकता उभर रही है।

## आरएसएस का केशवकुंज कार्यालय नए रूप में तैयार, आधुनिक तकनीक के साथ प्राचीन वास्तुकला का संगम

**नई दिल्ली ( भाषा )।** राजधानी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के झंडेवालान स्थित पुराने कार्यालय के पुनःनिर्माण के बाद संगठन पुनः इस कार्यालय से कामकाज शुरू कर रहा है। पौने चार एकड़ से ज्यादा क्षेत्र में फैले नव निर्मित परिसर में तीन 13-मंजिला टॉवर और करीब 300 कक्ष एवं कार्यालय हैं। सूत्रों ने बताया कि आरएसएस कार्यालय केशव कुंज के पुनर्निर्माण पर करीब 150 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। यह खर्च संगठन की विचारधारा से सहानुभूति रखने वाले 75,000 से अधिक लोगों के योगदान से जुटाया गया है। इसके निर्माण में आठ साल से अधिक का समय लगा है। इस दौरान कोविड-19 महामारी के कारण कई अड़चनें भी आईं। उन्होंने बताया कि आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबले 19 फरवरी को झंडेवालान कार्यालय से संगठन के कामकाज की पुनः शुरुआत करने के लिए संघ की दिल्ली इकाई के एक कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होंगे। आरएसएस का मुख्यालय नागपुर में है। सूत्रों ने बताया कि संघ अपनी वार्षिक अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा का आयोजन 21 से 23 मार्च तक बेंगलुरू में करेगा। यह संगठन की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था है। आरएसएस और उससे जुड़े संगठनों के वरिष्ठ पदाधिकारियों समेत करीब 1,500 लोगों के इस बैठक में शिरकत करने की संभावना है जिसमें संगठनात्मक मामलों के अलावा अहम मुद्दों पर चर्चा की जाती है और कई मामलों पर संघ के रुख को रेखांकित करने के लिए प्रस्ताव पारित किए जाते हैं। इस बैठक में भाजपा अध्यक्ष समेत पार्टी के वरिष्ठ नेता भी शामिल होते हैं। राष्ट्रीय राजधानी में पुनर्निर्मित परिसर के बारे में जानकारी देते हुए, सूत्रों ने कहा कि इस वजह से आरएसएस 2016 से एक किराए के परिसर में अपनी गतिविधियों का संचालन कर रहा था। झंडेवालान स्थित कार्यालय से संघ 1962 से काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि नया परिसर पूर्व की दो मंजिला इमारत से काफी अलग है और इसमें आधुनिक प्रौद्योगिकी को प्राचीन वास्तुशिल्प के साथ मिलाकर बनाया गया है ताकि इसे हवादार बनाया जा सके और सूर्य की पर्याप्त रोशनी मिल सके। उन्होंने बताया कि गुजरात के वास्तुकार अनूप दवे ने इसका डिजाइन तैयार किया है। तीन टॉवर (भूतल और 12 मंजिल) का नाम साधना, प्रेरणा और अर्चना रखा गया है, जबकि इसके एक बड़े सभागार का नाम अशोक सिंघल के नाम पर रखा गया है, जो विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के एक प्रमुख पदाधिकारी थे और राम मंदिर आंदोलन से करीब से जुड़े थे। इस आधुनिक सभागार में 463 व्यक्ति बैठ सकते हैं, जबकि एक अन्य हॉल में 650 लोग बैठ सकते हैं। सूत्रों ने बताया कि आरएसएस कार्यालय में पदाधिकारियों और सदस्यों के लिए आवास की सुविधा के अलावा एक पुस्तकालय, क्लिनिक और सीवेज शोधन संयंत्र भी है। इसके अलावा इसकी कुल बिजली जरूरतों के एक हिस्से को पूरा करने के लिए सौर ऊर्जा की सुविधा भी है।

## वसुधैव कुटुंबकम के दृष्टिकोण के साथ वैश्विक भूमिका निभा रहा है भारत: बिरला

नई दिल्ली (भाषा)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को कहा कि वसुधैव कुटुंबकम के दृष्टिकोण के साथ भारत वैश्विक पटल पर मुख्य भूमिका निभा रहा है तथा विकसित भारत की भावना के साथ समग्र विकास के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने संसद भवन परिसर में 16 देशों के 100 से अधिक व्यवसायियों और मुख्य कार्यपालक अधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ बातचीत में यह भी कहा कि भारत न केवल दुनिया को व्यापार और निवेश के अवसर प्रदान कर रहा है, बल्कि विभिन्न आर्थिक क्षेत्रों और वैश्विक मामलों में नेतृत्व और समाधान भी प्रदान कर रहा है। लोकसभा सचिवालय की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, बिरला ने कहा कि वसुधैव कुटुंबकम के दृष्टिकोण, राजनीतिक स्थिरता और अच्छे शासन के साथ भारत वैश्विक स्तर पर मुख्य भूमिका निभा रहा है। उनका यह भी कहना था, भारत का संविधान और संसदीय लोकतंत्र दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में शांति, विकास और प्रगति की नींव हैं। बिरला ने प्रतिनिधिमंडल को सूचित किया कि विकसित भारत की भावना के साथ भारत समग्र विकास के पथ पर अग्रसर है।



# न्याय संहिता में वैवाहिक दुष्कर्म से संबंधित अपवाद खतरनाक संदेश देता है: डेरेक

**नई दिल्ली( भाषा )।** तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओब्रायन ने बुधवार को कहा कि भारतीय न्याय संहिता में वैवाहिक बलात्कार के लिए दिया गया पुराना अपवाद एक खतरनाक संदेश देता है कि एक बार शादी हो जाने के बाद महिला की सहमति का अधिकार अप्रासंगिक हो जाता है। पिछले हफ्ते उक्त अपवाद को खत्म करने के लिए एक निजी विधेयक पेश करने वाले ओब्रायन ने इसे महिलाओं के संवैधानिक अधिकारों का सीधा उल्लंघन बताया, जिसमें व्यक्तिगत स्वतंत्रता, समानता और गोपनीयता शामिल है।

राज्यसभा में तृणमूल कांग्रेस के संसदीय दल के नेता ने ओब्रायन भारतीय न्याय संहिता के लागू होने से पहले इसका अध्ययन करने वाली संयुक्त संसदीय समिति का हिस्सा थे। उन्होंने एक ब्लॉग पोस्ट में कहा कि विपक्षी सांसदों ने समिति को सौंपे गए अपनी असहमति टिप्पणी में अपवाद का उल्लेख किया था। ओब्रायन ने कहा, भारतीय न्याय संहिता (इस सरकार द्वारा पारित तीन नए आपराधिक कानूनों में से एक) की धारा 63 वैवाहिक बलात्कार के लिए एक पीड़ादाई अपवाद प्रदान करती है, जो महिलाओं की स्वायत्तता और समानता को कमजोर करती है। यह पुरातन अपवाद एक खतरनाक संदेश देता है – कि एक बार शादी हो जाने के बाद महिला का सहमति का अधिकार अप्रासंगिक हो जाता है। उन्होंने कहा, पुरानी मान्यताओं और पितृसत्तात्मक व्यवस्थाओं में निहित यह अपवाद न केवल महिलाओं की गरिमा का अपमान है, बल्कि व्यक्तिगत स्वतंत्रता, समानता और गोपनीयता सहित महिलाओं के संवैधानिक अधिकारों का भी सीधा उल्लंघन है। तृणमूल नेता ने इसे ब्रिटिश औपनिवेशिक कानूनी प्रणाली की विरासत बताया, जो पुरुषों और महिलाओं की समानता को मान्यता नहीं देती। ओब्रायन ने कहा, परिवर्तन के लिए कई सिफारिशों के बावजूद यह विचित्र अपवाद बना हुआ है। उन्होंने कहा कि संयुक्त संसदीय समिति के सदस्य के रूप में, जिसने विधेयकों के अधिनियमन से पहले जल्दबाजी में उनकी जांच की, उन्होंने और विपक्षी दलों के अन्य सांसदों ने अपवाद पर आपत्ति जताते हुए असहमति नोट प्रस्तुत किए थे। उन्होंने कहा, महिला के यौन अधिकार उसकी व्यक्तिगत स्वतंत्रता का एक महत्वपूर्ण घटक हैं।

## समुद्री हवाई क्षेत्र में स्वदेशी समाधान के लिए घरेलू उद्योग के काम करने की दरकार : नौसेना प्रमुख

**बेंगलुरु ( भाषा )।** नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने बुधवार को कहा कि समुद्री हवाई क्षेत्र में क्षमताओं के पैमाने, संश्लेषण और दायरे में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है। उन्होंने घरेलू उद्योग जगत से स्वदेशी समाधानों के विकास के लिए नौसेना के साथ काम करने का आह्वान किया। नौसेना प्रमुख ने कहा कि भारतीय नौसेना घरेलू उद्योग का समर्थन करने और क्षमता विकास के लिहाज से एक अनुकूल तंत्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। एडमिरल त्रिपाठी ने कहा, समुद्री हवाई क्षेत्र में क्षमताओं के पैमाने, संश्लेषण और दायरे में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है, इसी कारण से मैं कहता हूं कि उद्योग करोड़ों अवसरों की ओर बढ़ रहा है। यहां एयरो इंडिया में आयोजित आत्मनिर्भर भारतीय नौसेना विमानन 2047 और इससे संबंधित पारिस्थितिकी तंत्र में परिवर्तन विषय पर संगोष्ठी में उन्होंने कहा, व्यापक अवसरों को पूरी तरह से भुनाने के लिए मैं घरेलू उद्योग को हमारे साथ मिलकर आविष्कार, नवाचार, स्वदेशीकरण तथा समाधानों को एकीकृत करने के लिए आमंत्रित करता हूं। उन्होंने कहा कि नौसेना के लिए उद्योग केवल उत्पादों से संबंधित नहीं है, बल्कि साझेदारी की बात है, केवल कंपनियों की बात नहीं है, बल्कि सहयोग की बात है। एडमिरल त्रिपाठी ने कहा, उद्योग के साथ हमारा जुड़ाव केवल क्षमता अधिग्रहण तक ही सीमित नहीं है। यह निर्णायक युद्ध लड़ने के लाभ को सुरक्षित करने के लिए काम करने के बारे में है और हमारा लक्ष्य इसे स्वदेशी रूप से पूरा करना है, क्योंकि आज रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हमारे लिए एक रणनीतिक आवश्यकता है। नौसेना प्रमुख ने कहा कि हाल के संघर्ष एक मजबूत घरेलू रक्षा उद्योग की आवश्यकता के प्रमाण हैं, आज घरेलू क्षेत्र अवसर के एक महत्वपूर्ण पड़ाव पर खड़ा है, जो सरकार की स्पष्ट दृष्टि, रक्षा मंत्रालय के सक्षम नीतिगत ढांचे और नौसेना की स्पष्ट रूपरेखा से प्रेरित है।

## सेना की पूर्वी कमान में अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया

**रांची( भाषा )।** भारतीय सेना की पूर्वी कमान का अलंकरण समारोह बुधवार को रांची सैन्य अड्डे में आयोजित किया गया जहां बहादुर और असाधारण सैन्यकर्मियों और उत्कृष्ट इकाइयों को सम्मानित किया गया। पूर्वी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ (जीओसी-इन-सी) लेफ्टिनेंट जनरल आर सी तिवारी ने अलंकरण समारोह के दौरान वीरता पदक और विशिष्ट सेवा पुरस्कार प्रदान किए। सेना द्वारा जारी एक बयान में कहा गया, रांची सैन्य अड्डे में बुधवार को आयोजित पूर्वी कमान के अलंकरण समारोह में भारतीय सेना के अधिकारियों और सैनिकों को ड्यूटी से परे बहादुरी के कार्य करने और राष्ट्र की विशिष्ट सेवा के लिए वीरता पुरस्कार और विशिष्ट सेवा पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। लेफ्टिनेंट जनरल तिवारी ने इकाइयों को उनकी असाधारण पेशेवर दक्षता और अद्वितीय उपलब्धियों के सम्मान में जीओसी-इन-सी यूनिट प्रशंसा पत्र भी प्रदान किए। समारोह के दौरान 42 पुरस्कार दिए गए, जिनमें 21 सेना पदक (वीरता), पांच सेना पदक (असाधारण सेवा), दो बार टू सेना पदक (असाधारण सेवा), दो युद्ध सेवा पदक, एक बार टू विशिष्ट सेवा पदक और 11 विशिष्ट सेवा पदक शामिल हैं। इसके अलावा, समारोह के दौरान 45 इकाइयों को पूर्वी कमान इकाई के जीओसी-इन-सी के प्रशंसापत्र से सम्मानित किया गया। जीओसी-इन-सी ने पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी और सभी सैन्यकर्मियों को सभी क्षेत्रों में अपना सर्वश्रेष्ठ देने और भारतीय सेना की उच्च परंपराओं और मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। समारोह में पहली बार भारतीय वायुसेना की हेलीकॉप्टर इकाई (चिनूक) को पूर्वी कमान के जीओसी-इन-सी का प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस प्रशस्ति पत्र में उच्च हिमालय पर अत्यंत दुर्गम चौकियों पर तैनात पूर्वी कमान के सैनिकों को रसद सहायता प्रदान करने में उनके अथक सहयोग की सराहना की गई। समारोह में बड़ी संख्या में सैन्यकर्मी, अधिकारी और स्कूल-कॉलेज छात्र-छात्राएं तथा पुरस्कार विजेताओं के परिवार शामिल हुए।

## मंदिर परिसर में मांस मिलने के बाद प्रदर्शन

**हैदराबाद ( भाषा )।** हैदराबाद के टप्पाचबूतरा में एक मंदिर के परिसर में मांस के टुकड़े मिलने के बाद बुधवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के सदस्यों और स्थानीय लोगों ने विरोध-प्रदर्शन किया। पुलिस के अनुसार यह घटना बुधवार तड़के टप्पाचबूतरा पुलिस थाना क्षेत्र में हनुमान और शिव मंदिर परिसर की है और चार टीमें घटना की जांच में जुटी हैं। मंदिर समिति के एक सदस्य ने बताया कि किसी ने शिव लिंग के पास मांस फेंक दिया और श्रद्धालुओं की नजर इस पर पड़ी तो उन्होंने इस बारे में सूचना दी। भाजयुमो के सदस्यों के साथ स्थानीय लोग मंदिर के सामने एकत्र हुए और घटना को लेकर विरोध-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी भी की। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने संवाददाताओं को बताया कि उन्हें जानकारी मिली कि मंदिर के अंदर मांस के टुकड़े मिले हैं और वे सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही हैं। अधिकारी ने कहा, इस कृत्य में कुछ शरारती तत्वों के शामिल होने का अंदेशा है। स्थिति शांतिपूर्ण है और हम स्थिति का जायजा ले रहे हैं। अभी तक यह पुष्टि नहीं हुई है कि यह मांस के टुकड़े यहां कैसे पहुंचे। हो सकता है कि कोई जानवर या व्यक्ति इसे यहां लाया या फिर मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति द्वारा इसे लाया गया। जांच में इसका पता लगाया जाएगा। अधिकारी ने आगे कहा, हम घटना के विभिन्न पहलुओं की जांच कर रहे हैं... जल्द ही इसका खुलासा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है। मंदिर के पास अतिरिक्त बल तैनात किया गया है।

## भारत-म्यांमा सीमा पर 173.73 करोड़ रुपए मूल्य की मेथामफेटामाइन गोलियां जब्त

**आइजोल ( भाषा )।** मिजोरम के चंफाई जिले में भारत-म्यांमा सीमा पर 173.73 करोड़ रुपए मूल्य की मेथामफेटामाइन की गोलियां जब्त की गई हैं। असम राइफल्स ने बुधवार को एक बयान में यह जानकारी दी। बयान में कहा गया है कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्वाई करते हुए असम राइफल्स और मिजोरम पुलिस ने संयुक्त रूप से नौ फरवरी को जोखावथर में एक सीमा चौकी पर 57.9 किलोग्राम मेथामफेटामाइन जब्ती की। बयान में कहा गया है कि संयुक्त टीम ने अवैध खेप ले जा रहे संदिग्ध व्यक्तियों को देखा और उन्हें रोक लिया। हालांकि, संदिग्ध सामान छोड़कर वहां से फरार हो गए। बयान में कहा गया है कि पुलिस ने 173.73 करोड़ रुपए मूल्य की खेप जब्त कर ली है और मामले की जांच की जा रही है। मेथामफेटामाइन को आइस या क्रिस्टल मेथ के नाम से भी जाना जाता है जिसका इस्तेमाल नशे के लिए किया जाता है। यह स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक हो सकता है।

## पश्चिम बंगाल का बजट खोखले वादों का पुलिंदा: भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी

**कोलकाता ( भाषा )।** पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने राज्य के बजट को खोखले वादों का पुलिंदा करार दिया और आरोप लगाया कि इसमें महिलाओं, बेरोजगार युवाओं और पहाड़ी क्षेत्रों के स्वदेशी समुदायों की अनदेखी की गई है। राज्य की वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने सामाजिक कल्याण पर पर्याप्त ध्यान देते हुए 2025-26 के लिए 3.89 लाख करोड़ रुपए का बजट पेश किया और सरकारी कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते (डीए) में चार प्रतिशत की बढ़ोतरी की घोषणा की। सरकार ने अपने बजट में बुनियादी ढांचे और कृषि विकास से जुड़ी कई परियोजनाओं का भी जिक्र किया जिसके तहत ग्रामीण संपर्क, नदी कटाव नियंत्रण और कृषि सहायता पहल के लिए पर्याप्त धन आवंटित किया गया है। शुभेंदु ने कहा, यह बजट एक छलावा है, जिसमें परियोजनाओं के लिए पर्याप्त धन आवंटन किए बिना नदी कटाव को रोकने के बारे में बहुत कुछ कहा गया है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की मौजूदगी में बजट पेश किए जाने के बाद संवाददाताओं से बात कर रहे अधिकारी ने कहा कि बजट में राज्य सरकार के कर्मचारियों के साथ क्रूर मजाक किया गया है, जिसमें उनके डीए में केवल चार प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है जो केंद्र सरकार के कर्मचारियों और अन्य राज्यों के सरकारी कर्मचारियों की तुलना में बहुत कम है।

## चुनाव डेटा प्रणाली पुख्ता है, कुछ गलत नहीं हो सकता: राजीव कुमार

**नई दिल्ली( भाषा )।** मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बुधवार को कहा कि चुनाव डेटा प्रणाली पूरी तरह पुख्ता है जो सुनिश्चित करती है कि कुछ भी गलत नहीं हो सकता। उनकी यह टिप्पणी यह ऐसे समय आई है जब विपक्ष की तरफ से लोकसभा और विधानसभा चुनाव में डेटा में हेराफेरी के आरोपों लगाए गए हैं। लोकसभा 2024 एटलस के लोकार्पण कार्यक्रम में कुमार ने कहा कि बूथ स्तर के अधिकारियों सहित लाखों अधिकारी डेटा फीड करते हैं....एक डिजाइन के तौर पर कुछ भी गलत नहीं हो सकता। कुमार ने इस बात पर जोर दिया कि यह चुनाव आयोग को बहुत विश्वस्त करता है कि कुछ भी त्रुटि नहीं हो सकती।

# कांग्रेस और आप को दिल्ली विधानसभा चुनाव मिलकर लड़ना चाहिए था: अमर्त्य सेन

**शांतिनिकेतन ( भाषा )।** कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) के बीच एकजुटता की जबरदस्त जरूरत की वकालत करते हुए नोबेल पुरस्कार विजेता प्रो. अमर्त्य सेन ने कहा कि दोनों दलों को दिल्ली विधानसभा चुनाव आपसी सहमति से एक साथ मिलकर लड़ना चाहिए था।सेन ने पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में अपने पैतृक आवास पर पीटीआई-भाषा से विशेष साक्षात्कार में यह भी कहा कि यदि भारत में धर्मनिरपेक्षता को बनाए रखना है तो न केवल एकजुटता होनी चाहिए बल्कि उन चीजों को लेकर सहमति भी होनी चाहिए जिन्होंने भारत को बहुलवाद का उत्कृष्ट उदाहरण बनाया है।

सेन ने कहा, मुझे नहीं लगता कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जाना चाहिए, लेकिन निश्चित रूप से इसका अपना महत्व है। और यदि आप वहां जीत जाती तो उस जीत का अपना अलग महत्व होता। आप की असफलता के कारणों पर गहनता से विचार करते हुए प्रख्यात अर्थशास्त्री ने कहा कि इसका एक कारण उन लोगों के बीच एकजुटता का नहीं होना है, जो दिल्ली में हिंदुत्व-उन्मुख सरकार नहीं चाहते थे। उन्होंने कहा, यदि आप कई सीट पर मतों की संख्या को देखें तो आप पर भाजपा की बढ़त का अंतर कांग्रेस को प्राप्त मतों से कम, कभी-कभी तो बहुत कम था। उन्होंने कहा कि एक अन्य महत्वपूर्ण सवाल नीति के संबंध में स्पष्टता का है। सेन ने दावा किया, आम आदमी पार्टी की प्रतिबद्धताएं क्या थीं? मुझे नहीं लगता कि आप यह स्पष्ट करने में सफल रही कि वह पूरी तरह धर्मनिरपेक्ष है और सभी भारतीयों के लिए है। हिंदुत्व को लेकर बहुत ज्यादा प्रचार किया गया। इसलिए यह भी स्पष्ट नहीं है कि धार्मिक सांप्रदायिकता के खिलाफ वह कितनी प्रतिबद्ध थी। आप ने इस मामले में स्पष्ट रुख नहीं अपनाया। उन्होंने स्कूली शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा के संबंध में आप के प्रयासों की सराहना की और सुझाव दिया कि कांग्रेस को भी इन मुद्दों पर पार्टी के साथ शामिल होना चाहिए।

# अभिजीत मुखर्जी तृणमूल कांग्रेस में चार साल रहने के बाद कांग्रेस में लौटे

**कोलकाता ( भाषा )।** पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के पुत्र अभिजीत मुखर्जी चार साल तक तृणमूल कांग्रेस में रहने के बाद बुधवार को फिर से कांग्रेस में शामिल हो गए। पूर्व लोकसभा सदस्य अभिजीत मुखर्जी को यहां कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय में पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। इस मौके पर पार्टी महासचिव एवं पश्चिम बंगाल प्रभारी गुलाम अहमद मीर उपस्थित थे। वर्ष 2021 में तृणमूल कांग्रेस में शामिल होने के अपने फैसले पर अफसोस प्रकट करते हुए अभिजीत मुखर्जी ने संवाददाताओं से कहा, मैं इसके लिए माफी मांगता हूं। कांग्रेस को छोड़ना मेरे लिए सही नहीं था। कांग्रेस के राष्ट्रीय और प्रदेश नेतृत्व द्वारा पार्टी का झंडा सौंपे जाने के बाद उन्होंने कहा, कांग्रेस और राजनीति में यह मेरा दूसरा जन्मदिन है। उन्होंने दावा किया कि देश की राजनीति में इस सबसे पुरानी पार्टी का कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा, केवल कांग्रेस ही जाति, पंथ और धर्म से परे सभी लोगों को साथ लेकर चलती है।

अभिजीत मुखर्जी ने कहा कि उन्होंने पिछले साल जून में कांग्रेस में पुनः शामिल होने की इच्छा व्यक्त की थी, लेकिन विभिन्न राज्यों में चुनावों के कारण यह अब हो सका है।



तृणमूल कांग्रेस में रहने के दौरान अभिजीत मुखर्जी अधिक सक्रिय भूमिका में नजर नहीं आए थे। मीर ने कहा कि अभिजीत मुखर्जी सही पार्टी में लौट आए हैं तथा उनके लौटने से पश्चिम बंगाल में अपना जनाधार मजबूत करने की कोशिश में कांग्रेस को मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, देश में इस समय राजनीतिक परिदृश्य में दो तरह की विचारधाराएं काम कर रही हैं – एक तरफ विभाजनकारी ताकतें हैं और दूसरी तरफ सबको साथ लेकर चलने वाली धर्मनिरपेक्ष ताकतें हैं। उन्होंने कहा, जहां एक ताकत संविधान को बदलने की कोशिश कर रही है, वहीं कांग्रेस संविधान के दायरे में सभी के कल्याण के लिए काम कर रही है।

अभिजीत मुखर्जी ने 2012 में कांग्रेस के टिकट पर जंगीपुर लोकसभा उपचुनाव जीता था, जब उनके पिता प्रणब मुखर्जी राष्ट्रपति निर्वाचित हुए थे। अभिजीत मुखर्जी ने कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में इसी निर्वाचन क्षेत्र से 2014 का लोकसभा चुनाव भी जीता था। लेकिन वह 2019 में जंगीपुर से लोकसभा चुनाव हार गए तथा तृणमूल कांग्रेस एवं भाजपा प्रत्याशियों के बाद तीसरे नंबर पर आए। अभिजीत मुखर्जी 2011 में कांग्रेस में शामिल हुए थे और उसी साल उन्होंने नलहाटी निर्वाचन क्षेत्र से विधानसभा चुनाव जीता था। राजनीति में आने से पहले उन्होंने निजी एवं सार्वजनिक क्षेत्रों में कॉरपोरेट कार्यकारी के तौर पर काम किया था।

# शरद पवार को एकनाथ शिंदे का सम्मान नहीं करना चाहिए था: शिवसेना( उबाठा)

**मुंबई ( भाषा )।** शिवसेना (उबाठा) ने बुधवार को अपने सहयोगी और राकांपा(शरदचंद्र) अध्यक्ष शरद पवार द्वारा दिल्ली में एक कार्यक्रम के दौरान महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को सम्मानित करने पर कड़ी आपत्ति जताई है। शिवसेना (उबाठा) के प्रवक्ता संजय राउत ने कहा कि यह शिंदे ही थे जिन्होंने अमित शाह की मदद से शिवसेना को विभाजित किया था और उनका सम्मान करना किसी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता को सम्मानित करने के समान था। शिंदे को मंगलवार को 98वें अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन के अवसर पर पवार के हाथों और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की उपस्थिति में महादजी शिंदे राष्ट्र गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पवार अगले सप्ताह शुरू होने वाले साहित्यिक सम्मेलन की स्वागत समिति के अध्यक्ष हैं। राउत ने कहा कि पवार को इस कार्यक्रम में शामिल नहीं होना चाहिए था, क्योंकि शिंदे ने 2022 में महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना-राकांपा-कांग्रेस सरकार को विश्वासघात करके गिरा दिया था। दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में शिवसेना (उबाठा) के राज्यसभा सदस्य ने कहा, राजनीति में कुछ चीजों से बचना चाहिए। कल शरद पवार ने शिंदे को सम्मानित नहीं किया, बल्कि उन्होंने अमित शाह को सम्मानित किया। यह हमारी भावना है। राउत ने कहा, जिसे हम महाराष्ट्र का दुश्मन मानते हैं, उसे ऐसा सम्मान देना महाराष्ट्र के गौरव को ठेस पहुंचाना है। पवार ने अलग तरीके से सोचा होगा, लेकिन ऐसी राजनीति महाराष्ट्र के लोगों को पसंद नहीं आई है। राकांपा (शरदचंद्र) सांसद अमोल कोल्हे ने एक सवाल पर प्रतिक्रिया व्यक्ति करते हुए कहा कि राउत अपनी निजी राय व्यक्त कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी में यह कार्यक्रम अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन का हिस्सा था। कोल्हे ने कहा, उन्होंने नेतृत्वकर्ता की भूमिका निभाई, जहां हर चीज में राजनीति नहीं लाई जाती। मुझे नहीं लगता कि इसमें कुछ गलत है। वह कार्यक्रम (स्वागत समिति) के अध्यक्ष हैं।

# मोदी ने फ्रांसीसी कंपनियों को निवेश के लिए आमंत्रित किया

भाषा। पेरिस

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने फ्रांस की कंपनियों को आमंत्रित करते हुए कहा कि वे भारत की विकास गाथा का हिस्सा बनकर असीमित अवसरों पर विचार करें। प्रधानमंत्री ने फ्रांसीसी कंपनियों से कहा कि भारत में निवेश करने का यह सही समय है। पेरिस में 14वें भारत-फ्रांस सीईओ फोरम में मोदी के साथ फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों भी शामिल हुए। अपने संबोधन में मोदी ने भारत-फ्रांस के बीच बढ़ते द्विपक्षीय व्यापार व आर्थिक सहयोग और दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को इससे मिले प्रोत्साहन का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारत स्थिर राजनीति और पूर्वानुमानित नीतिगत तंत्र के आधार पर एक पसंदीदा वैश्विक निवेश गंतव्य है।

मोदी ने कहा, मैं आप सभी को बता दूं कि भारत आने का यह सही समय है। हर किसी की प्रगति भारत की प्रगति से जुड़ी हुई है। इसका एक उदाहरण विमानन क्षेत्र में देखने को मिला, जब भारतीय कंपनियों ने विमानों के लिए बड़े ऑर्डर दिए और अब, जब हम 120 नए हवाई अड्डे खोलने जा रहे हैं, तो आप स्वयं भविष्य की संभावनाओं की कल्पना कर सकते हैं। फ्रांसीसी उद्योग जगत को भारत की विकास यात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित करते हुए उन्होंने कहा, जब फ्रांस की कुशलता और भारत का सहयोग एक साथ मिलेंगे, जब भारत की गति और फ्रांस की सटीकता एक साथ आएगी, जब फ्रांस की तकनीक और भारत की प्रतिभा एक साथ आएगी... तब न केवल व्यापार परिदृश्य बदलेगा बल्कि वैश्विक परिवर्तन होगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत विविधीकरण और जोखिम कम करने का सबसे बड़ा केंद्र बन रहा है, जिसे इस महीने की शुरुआत में केंद्रीय बजट में पेश किए गए नए सुधारों का समर्थन प्राप्त है। उन्होंने कहा, भारत और फ्रांस सिर्फ लोकतांत्रिक मूल्यों से ही नहीं जुड़े हैं। हमारी मित्रता की नींव गहरे विश्वास, नवाचार और जन कल्याण की भावना पर आधारित है। हमारी साझेदारी सिर्फ दो देशों तक सीमित नहीं है। हम वैश्विक समस्याओं और चुनौतियों का समाधान करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। मेरी पिछली यात्रा के दौरान हमने अपनी साझेदारी के लिए 2047 रोडमैप रूपरेखा तैयार की थी। इसके बाद हम हर क्षेत्र में व्यापक तरीके से सहयोग कर रहे हैं।

एयरोस्पेस, बंदरगाह, रक्षा, इलेक्ट्रॉनिक्स, डेयरी, रसायन और उपभोक्ता वस्तुओं जैसे क्षेत्रों की ओर इशारा किया, जहां भारत-फ्रांस सहयोग पहले से ही जारी है। आप पिछले दशक में भारत में हुए बदलावों से भली-भांति परिचित हैं। हमने एक स्थिर राजनीति और पूर्वानुमानित नीतियों की मदद से अच्छा माहौल तैयार किया है। सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन के मार्ग पर चलते हुए आज भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। यह दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है। भारत जल्द दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। भारत के कुशल व प्रतिभाशाली युवा और नवाचार वैश्विक मंच पर हमारी पहचान है। आज, भारत तेजी से एक पसंदीदा वैश्विक निवेश गंतव्य बन रहा है।

सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में मोदी ने कहा कि भारत-फ्रांस सीईओ फोरम आर्थिक संबंधों को मजबूत करने और नवाचार को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने पोस्ट में कहा, दोनों देशों के व्यापारिक नेताओं को सहयोग करते हुए और प्रमुख क्षेत्रों में नए अवसर पैदा करते हुए देखकर खुशी की अनुभूति होती है। इससे विकास, निवेश को बढ़ावा मिलता है और आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर भविष्य सुनिश्चित होता है। इस फोरम में दोनों पक्षों की कंपनियों के विविध समूह के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एक साथ आए। इस दौरान रक्षा, एयरोस्पेस, महत्वपूर्ण और उभरती हुई प्रौद्योगिकियों, बुनियादी ढांचे, उन्नत विनिर्माण, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, जीवन-विज्ञान, कल्याण और जीवन शैली, और खाद्य और आतिथ्य जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया। फ्रांस के यूरोप और विदेश मामलों के मंत्री जीन नोइल बैरो और फ्रांस के अर्थव्यवस्था, वित्त एवं औद्योगिक तथा डिजिटल संप्रभुता मंत्री एरिक लोम्बार्ड के साथ विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी फोरम को संबोधित किया।

## प्रधानमंत्री मोदी और पिचाई ने भारत के डिजिटल कायाकल्प पर चर्चा की



**पेरिस।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी गूगल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुंदर पिचाई ने पेरिस में आयोजित एआई एक्शन समिट के दौरान कृत्रिम मेधा (एआई) से भारत में पैदा होने वाले अविश्वसनीय अवसरों पर चर्चा की। भारतीय मूल के पिचाई ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ मुलाकात में इस पर भी चर्चा की कि गूगल और भारत किस तरह से देश में डिजिटल कायाकल्प लाने के लिए मिलकर काम कर सकते हैं। पिचाई ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, एआई एक्शन समिट के लिए पेरिस में रहने के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलकर बहुत अच्छा लगा। हमने एआई द्वारा भारत में लाए जाने वाले अविश्वसनीय अवसरों और भारत के डिजिटल कायाकल्प पर हम किस तरह मिलकर काम कर सकते हैं, इस पर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने पिचाई की इस टिप्पणी का जवाब देते हुए एक पोस्ट में कहा, भारत एआई में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है और इसका उपयोग जनहित के लिए कर रहा है। हम दुनिया से आग्रह करते हैं कि वे हमारे देश में निवेश करें और हमारी युवा शक्ति पर दांव लगाएं। सुंदर पिचाई आपसे मिलकर खुशी हुई। मोदी और पिचाई के बीच इससे पहले मुलाकात सितंबर, 2024 में न्यूयॉर्क में हुई थी। प्रधानमंत्री मोदी ने पेरिस में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ एआई एक्शन समिट की मंगलवार को सह-अध्यक्षता की थी।

# मोदी ने माजारग्वेज कब्रिस्तान का दौरा कर भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि दी



**पेरिस।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ मारसेई शहर के ऐतिहासिक माजारग्वेज युद्ध कब्रिस्तान का दौरा किया और प्रथम विश्व युद्ध में बलिदान देने वाले भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। प्रधानमंत्री मोदी ने तिरंगे के रंग वाले फूलों से निर्मित पुष्पचक्र अर्पित किया। मैक्रों ने भी भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। प्रथम विश्व युद्ध के दौरान फ्रांसीसी सैनिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर लड़ते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले भारतीय सैनिकों को याद करते हुए मोदी ने हाथ जोड़कर और सिर झुकाते हुए उस ऐतिहासिक स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित की, जहां भारतीय स्मारक भी है। स्मारक पर बैंड की धुनों ने इस अवसर की गरिमा को और बढ़ा दिया। बाद में, दोनों नेताओं ने इस ऐतिहासिक कब्रिस्तान परिसर का दौरा किया और स्मारक पट्टिकाओं पर गुलाब के फूल चढ़ाए।

इस कब्रिस्तान में बड़ी संख्या में भारतीय सैनिकों के स्मारक हैं। राष्ट्रमंडल युद्ध कब्र आयोग (सीडब्ल्यूजीसी) इस कब्रिस्तान का रखरखाव करता है। फ्रांस की तीन दिवसीय यात्रा पर आए मोदी ने मंगलवार को राष्ट्रपति मैक्रों के साथ एआई एक्शन शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता की और व्यापार जगत के दिग्गजों को संबोधित किया। मोदी 10 फरवरी को पेरिस पहुंचे थे। प्रथम विश्व युद्ध 1914-18 के दौरान, जबकि दूसरा विश्व युद्ध 1939-45 के दौरान हुआ था।

सीडब्ल्यूजीसी की वेबसाइट के अनुसार, इस कब्रिस्तान में 1914-18 के युद्ध में जान गंवाने वाले 1,487 और 1939-45 के युद्ध में बलिदान देने वाले 267 जवानों के स्मारक हैं। 205 अन्य भारतीय जवानों की अंत्एष्टि की गई थी जिनकी याद में कब्रिस्तान के पीछे एक स्मारक बनाया गया है। शहर के चार कब्रिस्तानों का इस्तेमाल मुख्य रूप से मारसेई में मारे गए राष्ट्रमंडल बलों के अधिकारियों और सैनिकों को दफ़नाने के लिए किया गया था। शहर के पूर्वी हिस्से में स्थित सेंट पियरे कब्रिस्तान में 1914-16 में हिंदू सैनिकों और मज़दूरों के शवों का अंतिम संस्कार किया गया था। जुलाई 1925 में फील्ड मार्शल सर विलियम बर्डवुड ने माजारग्वेज भारतीय स्मारक का अनावरण किया था।

# प्रधानमंत्री मोदी फ्रांस के मार्सिले शहर पहुंचे, वीडी सावरकर की प्रशंसा की

**पेरिस।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दक्षिणी फ्रांस के मार्सिले पहुंचे और स्वतंत्रता सेनानी वी डी सावरकर को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्होंने इसी बंदरगाह शहर में भाग निकलने का साहसिक प्रयास किया था। मोदी ने मंगलवार रात (स्थानीय समयानुसार) वहां पहुंचने के बाद सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मार्सिले पहुंचा हूं। भारत के स्वतंत्रता के संघर्ष में यह शहर विशेष महत्व रखता है। यहीं पर महान वीर सावरकर ने भाग निकलने का साहसिक प्रयास किया था। मैं मार्सिले के लोगों और उस समय के फ्रांसीसी कार्यकर्ताओं को भी धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने मांग की थी कि उन्हें ब्रिटिश हिरासत में नहीं सौंपा जाए। वीर सावरकर की बहादुरी पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। मार्सिले पहुंचने पर प्रधानमंत्री का भारतीय प्रवासी समुदाय के लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। देर रात (भारतीय समयानुसार सुबह चार बजकर 18 मिनट) एक्स पर लिखे पोस्ट में मोदी ने कहा, राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और मैं कुछ देर पहले मार्सिले पहुंचे हैं। इस यात्रा में भारत और फ्रांस को और करीब लाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण कार्यक्रम होंगे। जिस भारतीय वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन किया जा रहा है, उससे लोगों के बीच आपसी संबंध और मजबूत होंगे। मैं प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध में शहीद हुए भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि भी अर्पित करूंगा। ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के दौरान स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर सावरकर ने आठ जुलाई, 1910 को अंग्रेजों की कैद से भागने का प्रयास किया था, जब उन्हें मुकदमे के लिए ब्रिटिश जहाज मोरिया से भारत लाया जा रहा था। ऐसा माना जाता है कि सावरकर ने जहाज के पोर्टहोल से फिसलकर बाहर निकलने का प्रयास किया और तैर कर तट तक पहुंचने में कामयाब हो गए थे, लेकिन फ्रांसीसी अधिकारियों ने उन्हें पकड़ लिया और फिर उन्हें ब्रिटिश जहाज अधिकारियों की हिरासत में वापस सौंप दिया। इससे एक बड़ा कूटनीतिक विवाद खड़ा हो गया था। सावरकर को अंडमान-निकोबार द्वीप समूह की सेल्युलर जेल में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई।

## क्विक न्यूज

### स्वास्थ्य पेशेवरों के आदान-प्रदान को मुख्य प्राथमिकताओं के रूप में चिह्नित किया भारत एवं फ्रांस ने

**पेरिस।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पेरिस यात्रा के दौरान बुधवार को दोनों देशों द्वारा जारी एक संयुक्त बयान के अनुसार, भारत और फ्रांस ने 2025 में द्विपक्षीय सहयोग के लिए डिजिटल स्वास्थ्य, रोगाणुरोधी प्रतिरोध और स्वास्थ्य पेशेवरों के आदान-प्रदान को मुख्य प्राथमिकताओं के रूप में चिह्नित किया है। प्रधानमंत्री मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश संबंधों को बढ़ाने का आह्वान किया और हिंद-प्रशांत तथा विभिन्न वैश्विक मंचों एवं पहलों में अपनी भागीदारी को और गहरा करने के लिए प्रतिबद्धता जताई। यहां बैठक के बाद जारी एक संयुक्त बयान में कहा गया कि दोनों नेताओं ने दोनों स्वास्थ्य मंत्रालयों के बीच सहयोग के लिए शुरू की गई अभूतपूर्व गति पर संतोष व्यक्त किया, जिसमें पिछले जनवरी में भारत के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय का पहला मिशन पेरिस में था। बयान में कहा गया है, डिजिटल स्वास्थ्य, एंटी-माइक्रोबियल प्रतिरोध और स्वास्थ्य पेशेवरों के आदान-प्रदान को 2025 में द्विपक्षीय सहयोग के लिए मुख्य प्राथमिकताओं के रूप में चिह्नित किया गया है। दोनों नेताओं ने पेरिसेंट कैंपस और सी-कैंप (सेंटर फॉर मॉलिक्यूलर प्लेटफॉर्म) के बीच एक आशय पत्र पर हस्ताक्षर और इंडो-फ्रेंच लाइफ साइंसेज सिस्टर इनोवेशन हब के निर्माण का स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति मैक्रों ने असाधारण रूप से मजबूत और बहुआयामी द्विपक्षीय सहयोग के संपूर्ण दायरे और वैश्विक एवं क्षेत्रीय मामलों पर द्विपक्षीय चर्चा की। दोनों नेता मारसिए भी गए, जहां राष्ट्रपति मैक्रों ने प्रधानमंत्री मोदी के लिए एक निजी रात्रिभोज का आयोजन किया, जो दोनों नेताओं के बीच उत्कृष्ट संबंधों को दर्शाता है। उन्होंने मारसिए में भारत के महावाणिज्य दूतावास का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय थर्मोन्यूक्लियर प्रायोगिक रिएक्टर केंद्र का भी दौरा किया।

### बांग्लादेश में छात्रों के नेतृत्व वाले प्रदर्शनों पर कार्रवाई में 1,400 लोगों की मौत की आशंका: संरा

**जिनेवा।** संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय ने बुधवार को कहा कि बांग्लादेश में पिछले साल गर्मियों में छह सप्ताह के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ छात्रों के नेतृत्व में हुए प्रदर्शनों पर की गई कार्वाई मे 1,400 से अधिक लोगों की मौत होने की आशंका है। जिनेवा स्थित कार्यालय ने एक नई रिपोर्ट में कहा है कि सुरक्षा और खुफिया सेवाएं व्यवस्थित रूप से अधिकारों के उल्लंघन में संलिप्त हैं, जो मानवता के खिलाफ अपराध हो सकते हैं और इनकी जांच की आवश्यकता है। मानवाधिकार कार्यालय ने विभिन्न विश्वसनीय स्रोतों का हवाला देते हुए कहा कि एक जुलाई से 15 अगस्त के बीच हुए प्रदर्शनों में 1,400 से अधिक लोगों के मारे जाने और हजारों लोगों के घायल होने की आशंका है। बांग्लादेश में छात्रों के नेतृत्व में हुए बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन के बीच प्रधानमंत्री शेख हसीना देश छोड़कर भारत आ गईं थी और पिछले साल पांच अगस्त से वह यहां हैं। इन व्यापक प्रदर्शन के बाद उनकी अवामी लीग की 16 साल पुरानी सरकार गिर गई थी। मोहम्मद यूनुस ने आठ अगस्त, 2024 को बांग्लादेश की अंतरिम सरकार का कार्यभार संभाला था। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार प्रमुख वोल्कर तुर्क ने संकेत दिया कि विरोध- प्रदर्शनों को दबाने के लिए राजनीतिक नेतृत्व और शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों की जानकारी और समन्वय से न्यायिक हत्याएं, व्यापक रूप से मनमाने ढंग से गिरफ्तारियां की गईं।

### अमेरिका में बर्खास्त किए गए आठ इंस्पेक्टर जनरल ने बर्खास्तगी को अदालत में चुनौती दी

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा बर्खास्त किए गए आठ इंस्पेक्टर जनरल ने बुधवार को संघीय मुकदमा दायर कर दावा किया कि उनकी बर्खास्तगी गैरकानूनी है। वाशिंगटन की संघीय अदालत में दायर मुकदमे में न्यायाधीश से अनुरोध किया गया है कि वह बर्खास्तगी को गैरकानूनी घोषित करें तथा उन्हें उनके पदों पर बहाल करें। सरकारी एजेंसियों के स्वतंत्र इंस्पेक्टर जनरल ने मुकदमे में कहा है कि वे संघीय व्यय में खरबों डॉलर की निगरानी में महत्वपूर्ण और गैर-पक्षपाती भूमिका निभाते हैं।

# मोदी, मैक्रों ने फ्रांसीसी राष्ट्रपति विमान में चर्चा की, संबंधों ने नई ऊंचाइयों को छुआ: मिस्री

भाषा। पेरिस

**विदेश सचिव** विक्रम मिस्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने पेरिस से मारसेई की यात्रा के दौरान राष्ट्रपति विमान में द्विपक्षीय चर्चा की। उन्होंने कहा कि भारत-फ्रांस के संबंधों ने पूरी तरह से नई ऊंचाइयों को छुआ है। मिस्री ने फ्रांस में मीडिया को मोदी की यात्रा के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि दोनों नेताओं ने यूरोप, पश्चिम एशिया और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में हाल के भू-राजनीतिक घटनाक्रमों पर विचारों का आदान-प्रदान किया और वैश्विक तथा क्षेत्रीय महत्व के मुद्दों पर चर्चा की।

मोदी और मैक्रों ने मंगलवार को पेरिस में एआई एक्शन समिट की सह-अध्यक्षता की, भारत-फ्रांस सीईओ फोरम में भाग लिया और बाद में शाम को मारसेई के लिए रवाना हुए। विदेश सचिव ने कहा कि वे फ्रांसीसी राष्ट्रपति विमान में मारसेई गए और इसे राष्ट्रपति मैक्रों द्वारा एक असाधारण भाव अभिव्यक्ति, दोनों नेताओं के बीच गहरे व्यक्तिगत विश्वास और एक-दूसरे पर उनके असाधारण सम्मान का प्रतीक बताया।

मिस्री ने कहा, आप कह सकते हैं कि भारत-फ्रांस के संबंधों ने सचमुच नई ऊंचाइयों को छुआ है। उन्होंने कहा कि कुछ द्विपक्षीय चर्चा मारसेई में भी हुई। उन्होंने कहा, चर्चा में हमारी गहरी और विविधतापूर्ण रणनीतिक साझेदारी के सभी पहलुओं पर बात हुई। विदेश सचिव ने कहा कि उन्होंने रक्षा, अंतरिक्ष और असैन्य परमाणु सहयोग, स्वास्थ्य और लोगों के बीच आपसी संबंधों के क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि एआई दोनों पक्षों के बीच द्विपक्षीय चर्चा का प्रमुख क्षेत्र था।

## निर्धारित समय से थोड़ा पहले पृथ्वी पर वापस लाए जाएंगे अंतरिक्ष स्टेशन में फंसे नासा के दो यात्री

**केप केनवरल ( अमेरिका )।** भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स सहित अंतरिक्ष स्टेशन पर फंसे नैशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) के दो अंतरिक्ष यात्रियों को निर्धारित समय से थोड़ा पहले पृथ्वी पर वापस लाया जा सकता है। नासा ने यह जानकारी दी। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने मंगलवार को कहा कि स्पेसएक्स आगामी अंतरिक्ष यात्री उड़ानों के लिए कैप्सूल बदलेगा, ताकि बुच विल्मोर और सुनी (सुनीता) विलियम्स को मार्च के अंत या अप्रैल की शुरुआत के बजाय मार्च के मध्य में वापस लाया जा सके। वे आठ महीने से ज्यादा समय से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर फंसे हुए हैं। नासा के वाणिज्यिक क्रू प्रोग्राम के प्रबंधक स्टीव स्टिच ने एक बयान में कहा, अंतरिक्ष यात्रा अप्रत्याशित चुनौतियों से भरी हुई है। परीक्षण पायलटों को जून में बोइंग के स्टारलाइनर कैप्सूल पर वापस लाया जाना था।

# भारत के साथ संबंधों को प्राथमिकता दे रहा है डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन

● **व्हाइट हाउस की पूर्व अधिकारी ने कहा**

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का प्रशासन भारत के साथ संबंधों को प्राथमिकता दे रहा है और प्रशासन यह मानता है कि भारत में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बदलाव लाने की क्षमता है, साथ ही वह चीन के साथ प्रतिस्पर्धा करने के मामले में एक महत्वपूर्ण साझेदार है। व्हाइट हाउस की एक पूर्व अधिकारी ने यह बात कही। लिसा कर्टिस ने राष्ट्रपति ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच बृहस्पतिवार को व्हाइट हाउस (अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) में होने वाली द्विपक्षीय वार्ता से पहले यह टिप्पणी की।

कर्टिस 2017 से 2021 के बीच ट्रंप के पहले कार्यकाल में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद में दक्षिण एवं मध्य एशिया की वरिष्ठ निदेशक थीं। मोदी की यात्रा की पूर्व संध्या पर वाशिंगटन डीसी में स्थित थिंक टैंक द सेंटर फॉर ए न्यू अमेरिकन सिक्योरिटी (सीएनएएस) द्वारा मंगलवार को आयोजित एक ऑनलाइन प्रेस वार्ता में कर्टिस ने कहा, स्पष्ट रूप से, ट्रंप प्रशासन भारत के साथ संबंधों को प्राथमिकता दे रहा है। थिंक टैंक में वरिष्ठ फेलो और हिंद-प्रशांत सुरक्षा कार्यक्रम की निदेशक कर्टिस ने कहा, वह मानती हैं कि भारत उभरती हुई एक वैश्विक शक्ति है और वास्तव में इसमें हिंद-प्रशांत क्षेत्र और विश्व में बदलाव लाने की क्षमता है। कर्टिस ने कहा कि यह काफी उल्लेखनीय है कि नए ट्रंप प्रशासन के तहत घरेलू स्तर पर होने वाली हर चीज में भारत पर इतना ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा, निश्चित रूप से, भारत सरकार ने भी बृहस्पतिवार की बैठक के लिए एक अच्छा माहौल बनाने को लेकर सकारात्मक कदम उठाए हैं।

## सिंगापुर में 16 हजार तमिल हिन्दुओं ने थाईपुसम उत्सव मनाया

**सिंगापुर।** सिंगापुर में मनाए गए थाईपुसम महोत्सव के दौरान मंगलवार को लगभग 16 हजार श्रद्धालुओं ने भगवान मुरुगन की पूजा की। श्रद्धालुओं ने 10 फरवरी की रात लिटिल इंडिया परिसर में श्रीनिवास पेरुमल मंदिर से लेकर केंद्रीय व्यापारिक जिले में टैंक रोड स्थित श्री तेंडायुथपानी मंदिर तक 3.2 किलोमीटर पैदल यात्रा की। थाईपुसम तमिल हिंदुओं का एक प्रमुख धार्मिक त्योहार है और इसे सिंगापुर तथा मलेशिया में भी उसी तरह मनाया जाता है, जैसे यह भारत के दक्षिणी भाग में मनाया जाता है। स्ट्रेट्स टाइम्स समाचार पत्र ने महोत्सव में आए सरवणन राजासुरन (30) के हवाले से कहा, मैं 21 दिनों की तैयारी के बाद यहां हूं। नुशा दक्षिणि (25) ने पाल कावड़ी (लकड़ी का फ्रेम जिसके दोनों ओर दूध के बर्तन रखे होते हैं) का अभ्यास किया। नुशा ने कहा, इस कावड़ी को ले जाने से पहले मैंने 30 दिनों तक उपवास रखा था....।

# बांग्लादेश में प्रदर्शनकारियों ने तस्लीमा नसरीन की किताब की प्रदर्शनी वाले स्टॉल पर हमला किया

**ढाका।** निर्वासित बांग्लादेशी लेखिका तस्लीमा नसरीन की पुस्तकों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे एक समूह ने ढाका में पुस्तकों के एक स्टाल पर धावा बोल दिया और इसके बाद बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने इस अनुशासनहीन व्यवहार की जांच के आदेश दिए हैं। मीडिया खबरों में यह जानकारी दी गई है। बीडीन्यूज 24 की खबर के अनुसार, यह घटना सोमवार को अमर एकुशी पुस्तक मेले में प्रकाशन समूह सब्यसाची प्रोकाशोनी के स्टॉल पर हुई। खबर में कहा गया है कि मेले के 10वें दिन तौहीदी जनता के बैनर तले एक समूह ने निर्वासित बांग्लादेशी लेखिका तस्लीमा नसरीन की पुस्तकों के प्रदर्शन को लेकर सुहरावर्दी उद्यान में सब्यसाची प्रोकाशोनी के स्टॉल पर धावा बोल दिया। इसमें कहा गया है कि समूह ने प्रकाशक को घेर लिया और नारेबाजी की। जिसके बाद पुलिस ने हस्तक्षेप किया और व्यवस्था बहाल करने के लिए पुलिस, सब्यसाची के प्रकाशक शताब्दी वोबो को अपने नियंत्रण कक्ष में ले गई। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने पुलिस नियंत्रण कक्ष को घेर लिया, जिससे तनाव बढ़ गया।

व्यापक आलोचना के बाद मुख्य सलाहकार यूनुस ने सोमवार शाम को प्राधिकारियों को आदेश दिया कि वे जिम्मेदार लोगों को न्याय के दायरे में लाएं। बांग्ला अकादमी ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि अकादमी ने प्रकाशन समूह पर हुए हमले और अराजकता की जांच के लिए सात सदस्ईय समिति का गठन किया है। समिति को तीन कार्य दिवसों के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया है। सब्यसाची स्टॉल नंबर 128 बंद है। हालांकि बांग्ला अकादमी ने सोमवार को स्पष्ट कर दिया कि उसने किसी भी स्टाल को बंद नहीं किया और किसी भी पुस्तकों पर प्रतिबंध भी नहीं लगाया है। अंतरिम सरकार में वास्तविक मंत्री और बांग्लादेश के भेदभाव विरोधी छात्र आंदोलन के प्रमुख नेता महफूज आलम ने कड़ी चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि भीड़ हिंसा में शामिल होने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्वाई की जाएगी। तौहीदी जनता समूह को संबोधित करते हुए उन्होंने चेतावनी दी कि अगर वे हिंसक कृत्यों में लिप्त होते हैं, कानून तोड़ने के आरोप में बिना किसी चेतावनी के उनके खिलाफ कानूनी कार्वाई की जाएगी। महफूज ने यह टिप्पणी सोमवार को उस समय की जब नसरीन की कविता की किताब की बिक्री को लेकर गुस्साए लोगों के एक समूह ने स्टॉल पर धावा बोल दिया। खबर में कहा गया है कि सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में इस्लामी पोशाक पहने कुछ लोग स्टॉल के सामने भीड़ लगाए हुए हैं और अंदर मौजूद एक व्यक्ति को कान पकड़कर माफी मांगने के लिए मजबूर कर रहे हैं।

# भारत, इजराइल सिर्फ रणनीतिक साझेदार नहीं बल्कि भावनात्मक तौर से भी एक दूसरे से जुड़े हैं

भाषा। लोद (इजराइल)

**इजराइल** के संसद नेसेट के स्पीकर आमिर ओहाना ने कहा है कि भारत और इजराइल न केवल कई क्षेत्रों में रणनीतिक साझेदार हैं, बल्कि दोनों देशों के लोगों के बीच संबंधों में मधुरता और ईमानदारी है।

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के करीबी विश्वासपात्र माने जाने वाले ओहाना ने भारत को बड़ा एवं शक्तिशाली देश और इजराइल को छोटा एवं रचनात्मक देश माना। उन्होंने भारत और इजराइल के बीच संबंधों को मजबूत एवं गहरा करने में दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों की कड़ी मेहनत को श्रेय दिया।

मार्च 2023 में अपनी भारत यात्रा को याद करते हुए नेसेट के स्पीकर ने कहा, मैंने नेसेट स्पीकर के रूप में कार्यभार संभालने के बाद अपनी विदेश यात्रा के लिए भारत को प्रथम गंतव्य के रूप में चुना। यह पहली यात्रा हमारे संबंधों में भारत के महत्व को भी दर्शाती है।

यह किसी नेसेट स्पीकर की भारत की पहली यात्रा भी थी। उन्होंने जोर देकर कहा, यात्रा के दौरान और उसके बाद भी भारत के प्रति भावनाएं और अधिक गहरी हुई हैं। भारत न केवल कई क्षेत्रों में इजराइल का रणनीतिक साझेदार है, बल्कि यह एक ऐसा देश है जिसके साथ हमारे देश के लोगों के बीच संबंध मधुर और ईमानदार हैं।

ओहाना यहां महाराष्ट्र क्षेत्र से आए बेने इजराइल समुदाय के उन सैकड़ों भारतीय यहूदियों को संबोधित कर रहे थे, जो मंगलवार शाम को मालिडा की सदियों पुरानी भारतीय परंपरा का जश्न मनाने के लिए इस शहर में आए थे।

# प्रत्यर्पण मुद्दा द्विपक्षीय प्रक्रिया, उम्मीद है कि देश आपस में सहयोग करेंगे: संयुक्त राष्ट्र संघ

**संयुक्त राष्ट्र/जिनेवा।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार द्वारा अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को भारत से वापस लाने के प्रयासों के बीच, संयुक्त राष्ट्र के शीर्ष अधिकारियों ने कहा कि प्रत्यर्पण का मुद्दा एक द्विपक्षीय प्रक्रिया है और उम्मीद जताई कि देश जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए एक-दूसरे का सहयोग और समर्थन करेंगे। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त कार्यालय (ओएचसीएचआर) के एशिया-प्रशांत क्षेत्र के प्रमुख रोरी मुंगोवेन ने बुधवार को जिनेवा में प्रेस वार्ता में कहा, निष्कर्ष यह है कि जो कुछ भी हुआ उसके लिए तथा जो बहुत गंभीर मानवाधिकार उल्लंघन और संभवत: अंतरराष्ट्रीय अपराध है, उसके लिए जिम्मेदार सभी लोगों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।

बांग्लादेश में छात्रों के नेतृत्व में हुए बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन के बीच प्रधानमंत्री शेख हसीना देश छोड़कर भारत आ गईं थी और पिछले साल पांच अगस्त से वह यहां हैं। इन व्यापक प्रदर्शन के बाद उनकी अवामी लीग की 16 साल पुरानी सरकार गिर गई थी। इसके बाद मोहम्मद यूनुस ने आठ अगस्त, 2024 को बांग्लादेश की अंतरिम सरकार का कार्यभार संभाला था।

बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने हसीना और कई पूर्व कैबिनेट मंत्रियों, सलाहकारों और सैन्य तथा असैन्य अधिकारियों के खिलाफ मानवता के खिलाफ अपराध और नरसंहार के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। हसीना और भारत से उनके प्रत्यर्पण को लेकर पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देते हुए मुंगोवेन ने कहा, प्रत्यर्पण का मुद्दा वास्तव में एक द्विपक्षीय प्रक्रिया है और हम उम्मीद करते हैं कि देश जवाबदेही के इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए एक-दूसरे का सहयोग और समर्थन करेंगे, चाहे वह भारत हो या अन्य देश जहां लोग शरण ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि अन्य तरीके भी हैं जिनसे देश बांग्लादेश के साथ सहयोग और समर्थन कर सकते हैं, उदाहरण के लिए, भ्रष्टाचार की जांच करना और संपत्तियों या गलत तरीके से अर्जित, चुराए गए धन का पता लगाना।

सबसे महत्वपूर्ण बात है सहयोग करना। किसी भी प्रत्यर्पण प्रक्रिया में अंतरराष्ट्रीय मानकों का सम्मान किया जाना चाहिए। बांग्लादेशी नेताओं को देश में न्यायिक प्रक्रिया का सामना करने के लिए वापस लाने के बारे में पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त वोल्कर तुर्क ने अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार कानून के गंभीर उल्लंघन और इस प्रकार के दुरुपयोग के मामले में जवाबदेही की आवश्यकता पर बल दिया। यह महत्वपूर्ण है कि वास्तव में जवाबदेही तय की जाए। तुर्क ने कहा, हमें यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि निष्पक्ष सुनवाई के मानक हों, उचित प्रक्रिया की गारंटी हो तथा इसमें हमें अंतरराष्ट्रीय समुदाय की ओर से भी यथासंभव समर्थन की आवश्यकता है।

# भारत ने इंग्लैंड को 142 रन से रौंदकर 3-0 से क्लीन स्वीप किया

**अहमदाबाद।** सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल के करियर के सातवें शतक के बाद गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से भारत ने तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में बुधवार को यहां इंग्लैंड को 142 रन से रौंदकर 3-0 से सूपड़ा साफ किया और चैंपियंस ट्रॉफी से पहले अपनी तैयारियों का पुख्ता नजारा पेश किया। भारत के 357 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम अक्षर पटेल (22 रन पर दो विकेट), हर्षित राणा (31 रन पर दो विकेट), अर्शदीप सिंह (33 रन पर दो विकेट) और हार्दिक पंड्या (38 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 34.2 ओवर में 214 रन पर ढेर हो गई। इंग्लैंड की ओर से आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे गस एटकिंसन और टॉम बैनटन दोनों ने 38-38 रन बनाए। इन दोनों के अलावा सलामी बल्लेबाज बेन डकेट (34) ही 30 रन के आंकड़े को पार कर पाए।

भारत ने इससे पहले गिल की 104 गेंद में तीन छक्कों और 14 चौकों से 112 रन की पारी के अलावा विराट कोहली (52) के साथ दूसरे विकेट की उनकी 116 और श्रेयस अय्यर (78) के साथ तीसरे विकेट की 104 रन की साझेदारी से 50 ओवर में सभी विकेट खोकर 356 रन बनाए। इंग्लैंड की तरफ से लेग स्पिनर आदिल राशिद सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 64 रन देकर चार विकेट चटकाए जबकि तेज गेंदबाज मार्क वुड ने 45 रन देकर दो विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरे इंग्लैंड को डकेट और फिल सॉल्ट (23) ने पहले विकेट के लिए 6.2 ओवर में 60 रन जोड़कर तेज शुरुआती दिलाई।

अर्शदीप ने हालांकि दोनों सलामी बल्लेबाजों को लगातार ओवरों में आउट करके भारत को वापसी दिलाई। डकेट ने अर्शदीप की धीमी गेंद को हवा में लहराकर मिड ऑफ पर भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को आसान कैच थमाया जबकि इस तेज गेंदबाज के अगले ओवर में सॉल्ट भी प्वाइंट पर अक्षर को आसान कैच दे बैठे। बैनटन और जो रूट (24) ने स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया। बैनटन 24 रन के स्कोर पर भाग्यशाली रहे जब अक्षर ने उन्हें रन आउट करने का मौका गंवा दिया। बैनटन फायदा नहीं उठा पाए और कुलदीप यादव (38 रन पर एक विकेट) की गेंद पर विकेटकीपर लोकेश राहुल को कैच दे



बैठे। रूट भी इसके बाद अक्षर की अंदर की ओर आती गेंद को विकेटों पर खेल बैठे। हैरी ब्रूक (19) ने कुलदीप पर छक्के के साथ 24वें ओवर में टीम का स्कोर 150 रन के पार पहुंचाया लेकिन अगले ओवर में कप्तान जोस बटलर (06) हर्षित की गेंद को विकेटों पर खेल गए। हर्षित के अगले ओवर में ब्रूक के हाथ से लगने के बाद गेंद विकेटों से टकरा गई और इंग्लैंड का स्कोर छह विकेट पर 161 रन हो गया। लियाम लिविंगस्टोन नौ रन बनाने के बाद वाशिंगटन सुंदर (43 रन पर एक विकेट) की वाइड गेंद पर राहुल के हाथों स्टंप हो गए जिससे इंग्लैंड की रही सही उम्मीद भी टूट गई। आदिल राशिद (00) भी पंड्या की गेंद को विकेटों पर खेल गए। अक्षर ने इसके बाद एटकिंसन को बोल्ड करके इंग्लैंड की पारी का अंत किया। उन्होंने 19 गेंद की पारी में छह चौके और एक छक्का लगाया। भारतीय उप कप्तान गिल ने एक ही मैदान पर तीनों अंतरराष्ट्रीय प्रारूपों में शतक लगाने का अनोखा कारनामा भी किया। उन्होंने नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आईपीएल में भी शतक लगाया है। गिल ने तेज गेंदबाजों और स्पिनरों दोनों को नसीहत दी। क्रीज पर शुरुआत से ही बेहतरीन फुटवर्क दिखाया। पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म से जूझ रहे कोहली ने लय हासिल करने में समय लिया लेकिन लय में आने के बाद कुछ शानदार शॉट खेले। कोहली ने वुड की ओवरपिच गेंद को कवर्स में खेलकर अपना पहला चौका जड़ा और फिर तेज गेंदबाज साकिब महमूद पर भी दो चौके मारे। कोहली ने लियाम लिविंगस्टोन पर छक्के और एक रन के साथ 50 गेंद में अपना 73वां अर्धशतक पूरा किया। राशिद की गेंद पर 38 रन के स्कोर पर कोहली भाग्यशाली रहे जब पगबाधा की विश्वसनीय अपील पर डीआरएस लेने पर रीप्ले में दिखा कि गेंद मामूली रूप से लेग साइड से बाहर पिच हुई थी। कोहली हालांकि अर्धशतक पूरा करने के तुरंद बाद राशिद की तेजी से स्पिन होती गेंद पर विकेटकीपर फिल सॉल्ट को कैच दे बैठे। 55 गेंद की अपनी पारी में सात चौके और एक छक्का जड़ा। राशिद ने कोहली को एकदिवसीय मुकाबलों में पांचवीं बार आउट किया। कोहली इसके साथ ही 14 हजार एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय रन पूरा करने वाले सिर्फ तीसरे बल्लेबाज बनने से 37 रन पीछे रह गए। टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरे भारत की शुरुआत खराब रही जब कप्तान और पिछले मैच के शतकवीर रोहित (01) दूसरे ही ओवर में वुड की गेंद पर सॉल्ट को कैच दे बैठे। हार्दिक पंड्या (17) ने राशिद पर दो छक्के जड़े लेकिन अगली गेंद पर बोल्ड हो गए। लोकेश राहुल ने अंत में 29 गेंद में 40 रन की पारी खेली।

**दोनों टीमों का स्कोर**

**भारत:**

रोहित शर्मा का सॉल्ट बो वुड 01 शुभमन गिल बो राशिद 112, विराट कोहली का सॉल्ट बो राशिद 52, श्रेयस अय्यर का सॉल्ट बो राशिद 78, लोकेश राहुल पगबधा बो महमूद 40, हार्दिक पंड्या बो राशिद 17, अक्षर पटेल का बैनटन बो रूट 13, वाशिंगटन सुंदर का ब्रूक बो वुड 14, हर्षित राणा का बटलर बो एटकिंसन 13, अर्शदीप सिंह रन आउट 02, कुलदीप यादव नाबाद 01, **अतिरिक्त:13, कुल:50 ओवर में सभी विकेट खोकर: 356 रन**

विकेट पतन:1-6, 2-122, 3-226, 4-259, 5-289, 6-307, 7-333, 8-353, 9-353

**गेंदबाजी:**

महमूद 10-0-68-1, वुड 9-1-45-2, एटकिंसन 8-0-74-1, रूट 5-0-47-1, राशिद 10-0-64-4, लिविंगस्टोन 8-0-57-0

**इंग्लैंड:**

फिल सॉल्ट का अक्षर बो अर्शदीप 23, बेन डकेट का रोहित बो अर्शदीप 34, टॉम बैनटन का राहुल बो कुलदीप 38, जो रूट बो अक्षर 24, हैरी ब्रूक बो हर्षित 19, जोस बटलर बो हर्षित 06, लियाम लिविंगस्टोन स्टं राहुल बो वाशिंगटन 09, गस एटकिंसन बो अक्षर 38, आदिल राशिद बो पंड्या 00, मार्क वुड का अय्यर बो पंड्या 09, साकिब महमूद नाबाद 02, अतिरिक्त: 12, कुल:34.2 ओवर में सभी विकेट खोकर: 214 रन

# टोरेंट समूह आईपीएल फ्रेंचाइजी टाइटंस में बहुमत शेयरधारक बना

**अहमदाबाद।** चिकित्सा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी टोरेंट समूह गुजरात टाइटंस के मौजूदा मालिक सीवीसी से 67 प्रतिशत (दो-तिहाई) हिस्सेदारी हासिल करने के बाद इस आईपीएल फ्रेंचाइजी में बहुमत शेयरधारक बन गई है। आईपीएल फ्रेंचाइजी ने बुधवार को इसकी घोषणा की। यह करार भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से स्वीकृति सहित अन्य शर्तों और मंजूरी के अधीन है।

टोरेंट समूह ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फ्रेंचाइजी गुजरात टाइटंस (इरेलिया स्पोर्ट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड) में इरेलिया कंपनी प्राइवेट लिमिटेड (इरेलिया) से 67 प्रतिशत की बहुमत हिस्सेदारी हासिल करने के लिए समझौता किया है। यह वर्तमान में सीवीसी द्वारा प्रबंधित या सलाह दिए जाने वाले फंडों के पूर्ण स्वामित्व में है। इसमें आगे कहा गया है, करार के हिस्से के रूप में इरेलिया फ्रेंचाइजी में 33 प्रतिशत की अल्पसंख्यक हिस्सेदारी बनाए रखेगी।

सीवीसी ने 2021 में गुजरात फ्रेंचाइजी को पांच हजार 625 करोड़ रुपए में खरीदा था और उस समय टोरेंट भी बोली लगाने वालों में शामिल था। टाइटंस का मौजूदा मूल्यांकन सात हजार 500 करोड़ रुपए है और आईपीएल सूत्रों के अनुसार टोरेंट ने दो-तिहाई हिस्सेदारी हासिल करने के लिए पांच हजार 25 करोड़ रुपए का भुगतान किया है। यह सौदा दोनों के लिए फायदेमंद है क्योंकि सीवीसी ने ना केवल एक-तिहाई हिस्सेदारी अपने पास बरकरार रखी है बल्कि टीम खरीदने में मूल रूप से निवेश की गई राशि का 89 प्रतिशत हिस्सा भी वापस पा लिया है। टोरेंट समूह के निदेशक जिनल मेहता ने कहा, गुजरात टाइटंस में बहुमत हिस्सेदारी के अधिग्रहण के साथ हम अपने प्रशंसकों के अनुभव को बढ़ाने और आने वाले वर्षों में विकास के नए रास्ते खोलने के अवसर को पाकर उत्साहित हैं। सीबीसी में मैनेजिंग पार्टनर सिद्धार्थ पटेल ने कहा, हम इस करार की घोषणा करते हुए उत्साहित हैं जो भारत की सबसे लोकप्रिय खेल प्रतियोगिता और हमारी टीम गुजरात टाइटंस में एक नए अध्याय की शुरुआत का प्रतीक है।

## पहली पारी में एक रन की बढ़त से केरल रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में

**पुणे।** केरल ने धैर्य पूर्ण बल्लेबाजी का शानदार नमूना पेश करते हुए बुधवार को यहां जम्मू कश्मीर के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मैच ड्रॉ कराया और पहली पारी मे एक रन की मामूली बढ़त के आधार पर रणजी ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मे जगह बनाई। केरल के सामने 399 रन का मुश्किल लक्ष्य था लेकिन उसके बल्लेबाजो ने पूरे धैर्य के साथ बल्लेबाजी करके जम्मू कश्मीर को पांचवे और आखिरी दिन जीत हासिल नही करने दी। केरल ने अपनी दूसरी पारी मे छह विकेट पर 295 रन बनाए। जम्मू कश्मीर ने अपनी पहली पारी मे 280 रन बनाए थे जिसके जवाब मे केरल ने 281 रन बनाकर एक रन की बढ़त हासिल की जो आखिर मे निर्णायक साबित हुई। जम्मू कश्मीर ने अपनी दूसरी पारी नौ विकेट पर 399 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी। मैच ड्रा करने मे केरल के बल्लेबाज सलमान निजार (162 गेंद पर नाबाद 44) और मोहम्मद अजहरुद्दीन (118 गेंद पर नाबाद 67) ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन दोनो ने लगभग 43 ओवर का सामना करके सातवें विकेट के लिए 115 रन की अटूट साझेदारी की। सलमान निजार को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। मैच के पांचवे और अंतिम दिन सुबह दो विकेट पर 100 रन से अपनी दूसरी पारी आगे बढ़ाने वाले केरल के लिए इन दोनो की यह साझेदारी मैच को ड्रॉ कराकर सेमीफाइनल मे जगह बनाने के लिए पर्याप्त थी। केरल 17 फरवरी से शुरू होने वाले सेमीफाइनल मैच मे पूर्व चैंपियन गुजरात का सामना करेगा। यह केवल दूसरा अवसर है जबकि केरल ने रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल मे जगह बनाई। वह 2018-19 मे अंतिम चार मे पहुंचा था जहां उसे विदर्भ ने पारी और 11 रन से हराया था। विदर्भ तब चैंपियन बना था।

## राष्ट्रीय चयन ट्रायल्स में 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में दूसरे स्थान पर रही भाकर

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक मे दो पदक जीतने के बाद पहली बार किसी प्रतियोगिता मे भाग ले रही मनु भाकर बुधवार को यहां राइफलापिस्टल राष्ट्रीय चयन ट्रायल (ग्रुप ए) के पांचवे दिन महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा मे रिदम सांगवान के बाद दूसरे स्थान पर रही। पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता स्वप्निल कुसाले और आर्य राजेश बोरसे ने यहां डॉ कर्णी सिंह शूटिंग रेंज मे क्रमशः पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन (3पी) टी। और महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल टी2 स्पर्धा मे पहला स्थान हासिल किया। पेरिस ओलंपिक मे महिलाओ की व्यक्तिगत और मिश्रित टीम स्पर्धाओं मे कांस्य पदक जीतने वाली भाकर को रिदम ने शूट-ऑफ मे हराया। रिदम और मनु पांच-पांच शॉट की 10 सीरीज के बाद 37 हिट के साथ बराबरी पर थे। इन दोनो निशानेबाजो मे से किसी एक को विजेता घोषित करने के लिए दो शूट-ऑफ की जरूरत पड़ी। पहले शूट-ऑफ मे दोनो 4-4 से बराबरी पर थी, जिसके बाद दूसरे शूट-ऑफ मे रिदम ने 4-3 से जीत दर्ज की। सिमरनप्रीत तीसरे स्थान पर रही।

## स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा के पिता का निधन

**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेलो की स्वर्ण पदक विजेता टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा के पिता गिरीश बत्रा का यहां दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। मनिका के पिता का मंगलवार को निधन हुआ और उसी दिन इंदरपुरी मे उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनकी प्रार्थना सभा बृहस्पतिवार को रखी गई है। मनिका भारत की शीर्ष महिला एकल खिलाड़ियों में से है। 2018 राष्ट्रमंडल खेलो मे महिला एकल और महिला टीम स्पर्धा मे स्वर्ण पदक जीता। उन्होने महिला युगल मे रजत और मिश्रित युगल मे कांस्य भी जीता था।

# असलांका की कप्तानी पारी से श्रीलंका ने ऑस्ट्रेलिया को हराया

**कोलंबो।** कप्तान चरित असलांका ने विषम परिस्थितियों में 127 रन बनाकर अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली जिससे श्रीलंका ने ऑस्ट्रेलिया को बुधवार को यहां दो मैच की एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के पहले मैच में 49 रन से हराया। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर श्रीलंका को पहले बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किया जिसने असलांका की शानदार पारी के बावजूद 46 ओवर में 214 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए यह स्कोर भी पहाड़ जैसा साबित हुआ और उसकी पूरी टीम 33.5 ओवर में 165 रन पर आउट हो गई। मैच का आकर्षण असलांका का शतक रहा जो वनडे में उनका चौथा सैकड़ा है। अपनी पारी में 126 गेंद का सामना करते 14 चौके और पांच छक्के लगाए। ऐसे समय में यह पारी खेली जबकि श्रीलंका की आधी टीम 55 रन पर पेवेलियन लौट गई थी। असलांका ने इसके बाद डुनिथ



वेलालेज (30) के साथ छठे विकेट के लिए 67 रन की साझेदारी की। यह साझेदारी टूटने के बाद श्रीलंका का स्कोर जल्द ही आठ विकेट पर 135 रन हो गया। दसवें नंबर के बल्लेबाज ईशान मलिंगा ने यहां से अपने कप्तान का अच्छा साथ दिया। इन दोनों ने नौवें विकेट के लिए 79 रन की साझेदारी की जिसमें मलिंगा का योगदान केवल एक रन था। सीन एबट सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 61 रन देकर तीन विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और उसका स्कोर जल्द ही चार विकेट पर 31 रन हो गया। एलेक्स कैरी (41) और मार्नस लाबुशेन (15) ने पांचवें विकेट के लिए 52 रन की साझेदारी की लेकिन इन दोनों के लगातार ओवरों में आउट होने से ऑस्ट्रेलिया फिर से संकट में पड़ गया। ऑस्ट्रेलिया इससे आखिर तक नहीं उबर पाया और श्रीलंका ने चैंपियंस ट्रॉफी से पहले मनोबल बढ़ाने वाली जीत हासिल की। स्पिनर महेश तीक्ष्णा ने 40 रन देकर चार विकेट लिए।

# सेंट जॉर्ज क्रिकेट मैदान पर संगीत और क्रिकेट का अनूठा संगम है ब्रास बैंड

**गक्बेरहा।** कोई पेट्रो डीजल मैकेनिक है तो कोई हार्बर पर काम करता है तो कोई सेल्समैन है लेकिन हर मंगलवार और बृहस्पतिवार की शाम को ढाई घंटा ए सभी मिलकर संगीत का रियाज करते हैं। ऐसा संगीत जो यहां के ऐतिहासिक सेंट जॉर्ज पार्क क्रिकेट मैदान की विरासत बन चुका है। समंदर के किनारे बसा दक्षिण अफ्रीका का खूबसूरत शहर (जिसे पहले पोर्ट एलिजाबेथ कहा जाता था) यूं तो शांत और सुस्त सा दिखता है लेकिन इस अनूठे ब्रास बैंड की सुरलहरियों से देश के सबसे पुराने क्रिकेट मैदानों शुमार सेंट जॉर्ज पार्क में जबर्दस्त ऊर्जा और आनंद का संचार होता है।

वर्ष 1994 से अब तक (2003 विश्व कप को छोड़कर) हर क्रिकेट मैच में यह बैंड मौजूद रहा है। आम तौर पर क्रिकेटप्रेमियों को मैदान पर डीजे का तेज शोर वाला संगीत सुनने की आदत है लेकिन यहां उन्हें कैलिप्सो, जैज या आर्केस्ट्रा सुनने को मिलता है।


एक जैसे कपड़ों में बैंड के बीस से अधिक संगीत के साधक सदस्यों को मैदान के ओल्ड स्टैंड पर लकड़ी की बनी सीटों पर तुरही, ड्रम या टुबा बजाते हुए देखा जा सकता है। घास पर आराम से पसरे दर्शक, अपनी मिनी क्रिकेट किट से पीछे क्रिकेट खेलते बच्चे और बैंड की धुनें इस मैदान पर क्रिकेट देखने के अनुभव को खास बनाती हैं। वर्ष 1998 में बैंड से जुड़े अर्ल स्मिथ ने भाषा से कहा , यह बैंड 1994 में इस मैदान को अलग माहौल देने के लिए पहली बार बजाया गया और प्रबंधन को यह पसंद आया जिसके बाद उन्होंने संस्थापकों से करार किया। इसके बाद से 2003 विश्व कप को छोड़कर हर मैच में यह बैंड बजा है।

सेंट जॉर्ज पार्क पर मार्च 1889 में दक्षिण अफ्रीका में पहला टेस्ट खेला गया। दक्षिण अफ्रीका के एकाकीकरण से पहले आखिरी टेस्ट भी 1970 में यहीं खेला गया था। ब्रास बैंड का पहला मैच ईस्टर्न प्रोविंस और बॉर्डर के बीच 1994 में हुआ बेंसन एंड हेजेस मैच था। डीजल पेट्रो मैकेनिक अर्ल ने कहा कि उनका बैंड अपने आतिथ्य और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिए मशहूर पोर्ट एलिजाबेथ में क्रिकेट का पर्याय बन गया है। उन्होंने कहा , हम अब पोर्ट एलिजाबेथ में क्रिकेट का चेहरा हैं। जब मैं इससे जुड़ा तब बैंड में कुछ ही सदस्य थे लेकिन अब 35 रजिस्टर्ड सदस्य हैं। हार्बर में काम करने वाले बेविन पहले क्रिकेट के शौकीन नहीं थे और 2014 में संगीत प्रेम के चलते बैंड से जूड़े। उन्होंने कहा , जब मैं संगीत बजाता हूं तो सब कुछ भूल जाता हूं। पिछले दस साल में क्रिकेट में मेरी रूचि बढी है और एडेन माक्ररम मेरे प्रिय खिलाड़ी हैं जिनकी कप्तानी में सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने दो बार एसए 20 खिताब जीता।

## क्विक न्यूज

## शिखर धवन सहित चार खिलाड़ी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के प्रतियोगिता दूत नियुक्त

**दुबई।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन उन चार खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें 19 फरवरी से नौ मार्च तक पाकिस्तान और दुबई में होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए बुधवार को प्रतियोगिता दूत नियुक्त किया गया। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने धवन के अलावा जिन अन्य खिलाड़ियों को प्रतियोगिता दूत नियुक्त किया है उनमें पाकिस्तान के 2017 में चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली टीम के कप्तान सरफराज अहमद, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर शेन वॉटसन और न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउदी शामिल हैं। यह चारों खिलाड़ी प्रतियोगिता के दौरान इस टूर्नामेंट को लेकर कॉलम लिखेंगे और मैचों में भी उपस्थित रहेंगे। चैंपियंस ट्रॉफी में विश्व की सर्वश्रेष्ठ आठ टीम भाग लेंगी। धवन ने आईसीसी द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा, चैंपियंस ट्रॉफी का हिस्सा बनना विशेष एहसास है तथा आगामी टूर्नामेंट का दूत के रूप में लुत्फ उठाना बड़ा सम्मान है। यह अपनी तरह की खास प्रतियोगिता है जिससे मेरी कई यादें जुड़ी हैं। धवन ने चैंपियंस ट्रॉफी में दो बार भाग लिया और दोनों अवसरों पर उन्होंने गोल्डन बैट (टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज को मिलने वाला पुरस्कार) हासिल किया। यह उपलब्धि हासिल करने वाले वह दुनिया के एकमात्र खिलाड़ी हैं। इस सलामी बल्लेबाज ने भारत की तरफ से चैंपियंस ट्रॉफी में सर्वाधिक 701 रन बनाए हैं। उन्हें 2013 में खेली गई चैंपियंस ट्रॉफी में टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था।



## गेंदबाजी एक्शन को लेकर ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर कुहनेमन का बायोमीट्रिक टेस्ट

**सिडनी।** श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के दौरान अंपायरों द्वारा गेंदबाजी एक्शन की शिकायत किए जाने के बाद आस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के स्पिनर मैट कुहनेमन की बायोमीट्रिक जांच होगी। आस्ट्रेलियाई मीडिया ने बुधवार को कहा कि कुहनेमन की शिकायत अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद से की गई है और अगर गेंदबाजी एक्शन अवैध पाया जाता है तो उन पर प्रतिबंध लग सकता है। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने कहा, श्रीलंका के खिलाफ गॉल में दूसरे टेस्ट के दौरान मैच अधिकारियों द्वारा की गई शिकायत की जानकारी आस्ट्रेलियाई टीम को दी गई है। हम पूरे मामले में मैट का सहयोग करेंगे। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने बताया कि कुहनेमन 2017 में पदार्पण के बाद से 124 पेशेवर मैच खेल चुके हैं लेकिन उनके गेंदबाजी एक्शन की कभी शिकायत नहीं हुई। ीलंका के खिलाफ दो मैचों में उन्होंने 16 विकेट लिए। उनकी बायोमीट्रिक जांच ब्रिसबेन में होगी।

## ईएसएफआई ने ईस्पोर्ट्स पदकविजेताओं, कोचों को नकद पुरस्कार कार्यक्रम में शामिल करने का स्वागत किया

**नई दिल्ली।** ई स्पोटर्स पदक विजेताओं और उनके कोचों को नकद पुरस्कार कार्यक्रम में शामिल करने के खेल मंत्रालय के फैसले का स्वागत करते हुए ईएसएफआई ने बुधवार को कहा कि इससे जमीनी स्तर पर खेल में भागीदारी बढेगी। मंत्रालय ने 51 खेलों की सूची जारी की है जिसके खिलाड़ी नकद पुरस्कारों के पात्र होंगे। इनमें ओलंपिक खेल, एशियाई खेल, राष्ट्रमंडल खेल और विश्व यूनिवर्सिटी खेलों में शामिल सारे खेल हैं। इसमें मलखंब , ई स्पोटर्स और खोखो को भी रखा गया है। भारतीय ई स्पोटर्स महासंघ के निदेशक और एशियाई ई स्पोटर्स महासंघ के उपाध्यक्ष लोकेश सूजी ने कहा , यह भारतीय ई स्पोटर्स के लिए ऐतिहासिक पल है। ई स्पोटर्स पदक विजेताओं और उनके कोचों को नकद पुरस्कार के रूप में सरकार से मान्यता मिलना इन खेलों के लिए बड़ा कदम है। उन्होंने कहा , भारत पहले ही ई स्पोटर्स में विश्व स्तर पर परचम लहरा रहा है। इस पुरस्कार से युवाओं को जमीनी स्तर पर इन खेलों से जुड़ने की प्रेरणा मिलेगी और देश में इस खेल के इकोसिस्टम का विकास होगा।

## मकाऊ को 5-0 से हराकर भारत बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैम्पियनशिप क्वार्टर फाइनल में

**किंगदाओ (चीन)।** भारत ने अपने अभियान की शानदार शुरूआत करते हुए बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैम्पियनशिप में ग्रुप डी के शुरूआती मुकाबले में बुधवार को मकाऊको 5 - 0 से हरा दिया। पिछले सत्र में दुबई में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम अब क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है। दूसरे और आखिरी ग्रुप मैच में बृहस्पतिवार को उसका सामना कोरिया से होगा। मिश्रित युगल टीम सतीश कुमार करूणाकरण और राष्ट्रीय खेल स्वर्ण पदक विजेता आद्या वरियाथ ने लोक चोंग लियोंग और वेंग चि एंग के खिलाफ पहला मैच 21 . 10, 21 - 9 से जीता। पुरूष एकल में 2021 विश्व चैम्पियनशिप कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन ने पांग फोंग पुइ को 21 - 16, 21- 12 से हराया। मालविका बंसोड ने महिला एकल में हाओ वाइ वान के खिलाफ 21 - 15, 21 - 9 से जीत दर्ज की। चिराग शेट्टी और एम आर अर्जुन ने पुरूष युगल मुकाबले में चिन पोन पुइ और कोक वेन वोंग को 21 - 15, 21- 19 से हराया। महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने एंग वेंग चि और पुइ चि वा को 21 - 10, 21 - 5 से मात दी।

# निकी पूनाचा और जॉन लॉक दिल्ली ओपन में जीते

**नई दिल्ली।** भारत के निकी पूनाचा और जिंबाब्वे के कर्टनी जॉन लॉक ने दिल्ली ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में बुधवार को यहां कड़े मुकाबले में मारेक गेंजेल और डेलिबोर स्वरसिना की जोड़ी को हरा दिया। पूनाचा और जॉन लॉक ने यहां डीएलटीए परिसर में पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए 2-6, 7-6, 10-6 से जीत दर्ज की। एलिस ब्लेक और ट्रूस्टिन स्कूलकेट की शीर्ष वरीय जोड़ी के हटने के बाद पूनाचा और जॉन लॉक प्रतियोगिता में सबसे बेहतर रैंकिंग वाली जोड़ी है।

एकल वर्ग में भारत के शशिकुमार मुकुंद प्री क्वार्टर फाइनल में बेल्जियम के माइकल गीर्ट्स के खिलाफ सीधे सेट में 4-6, 3-6 की हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए। तीसरे वरीय स्कूलकेट ने तीन घंटे चले कड़े मुकाबले में वेलेंटिन वाचेरो को 7-6, 3-6, 6-4 से हराया। अमेरिकी क्वालीफायर आंद्रे इलागन ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए आठवें वरीय टिमोफे स्कातोव को 6-2, 6-3 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। युगल वर्ग में ब्रिटेन के जे क्लार्क और योहानेस इंगिल्डसन ने सिद्धार्थ बंठिया और परीक्षित सोमानी की भारतीय जोड़ी को सीधे सेट में हराया जबकि शिनतारो मोचिजुकी और केइतो उएसुगी की जोड़ी ने रामकुमार रामनाथन और करण सिंह को 3-6, 6-।, 10-7 से शिकस्त दी ।एसडी प्रज्जवल देव और साई कार्तिक रेड्डी गंटा की वाइल्ड कार्ड धारक भारतीय जोड़ी को भी क्रिस वेन विक और एरिक वेनसेलबोइम की जोड़ी के खिलाफ 4-6, 3-6 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

## दिल्ली उच्च न्यायालय ने प्रभाकरण की नियुक्ति पर केंद्र और एआईएफएफ से जवाब मांगा

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को उस याचिका पर केंद्र और अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ से अपना रुख स्पष्ट करने के लिए कहा जिसमें आरोप लगाया गया है कि महासंघ के महासचिव के रूप में अनिलकुमार प्रभाकरण की नियुक्ति राष्ट्रीय खेल संहिता का उल्लंघन है। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने दिल्ली फुटबॉल क्लब के निदेशक रंजीत बजाज की याचिका पर केंद्रीय खेल मंत्रालय, एआईएफएफ के साथ-साथ प्रभाकरण को नोटिस जारी करके दो सप्ताह के अंदर जवाब देने के लिए कहा ।पेश वरिष्ठ वकील ने प्रभाकरण को पद से हटाने की मांग की और कहा कि उन्हें महासचिव पद पर नियुक्त नहीं किया जा सकता था क्योंकि उन्हें पहले एआईएफएफ कार्यकारी समिति के सदस्य के रूप में चुना गया था।

# अफगान स्पिनर गजांफर चैम्पियंस ट्रॉफी और आईपीएल दोनों से बाहर

**भाषा। काबुल**

**अफगानिस्तान** के युवा आफ स्पिनर एएम गजांफर कमर के निचले हिस्से में फ्रेक्चर के कारण आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी और आईपीएल दोनों से बाहर हो गए हैं। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को यह घोषणा की। बाएं हाथ के स्पिनर नांगेयालिया खरोटे को 19 फरवरी से पाकिस्तान और यूएई में होने वाली चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए टीम में शामिल किया गया है। बीस वर्ष के खरोटे बाएं हाथ के स्पिनर हैं और पिछले साल पदार्पण के बाद से सात वनडे और छह टी20 मैच खेल चुके हैं।

गजांफर को पिछले साल अफगानिस्तान के जिम्बाब्वे दौरे पर चोट लगी थी और वह कम से कम चार महीने बाहर रहेंगे। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने एक्स पर लिखा , एएम गजांफर चोट के कारण चैम्पियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं। उन्हें कमर के निचले हिस्से में फ्रेक्चर हुआ है। उन्हें जिम्बाब्वे दौरे पर चोट लगी थी और वह कम से कम चार महीने बाहर रहेंगे।

आईपीएल 21 मार्च से 25 मई तक होना है जिसमें गजांफर को मुंबई इंडियंस के लिए खेलना था। एसीबी ने यह भी बताया कि आफ स्पिनर मुजीबुर रहमान पूरी तरह से फिट होने तक वनडे टीम से बाहर रहेंगे हालांकि वह एसए 20 में पार्ल रॉयल्स के लिए खेले थे। अफगानिस्तान को चैम्पियंस ट्रॉफी में पहला मैच कराची में 21 फरवरी को दक्षिण अफ्रीका से खेलना है।

# भाला फेंक में यादव, ऊंची कूद में पूजा और 5000 मीटर में बेरवाल ने राष्ट्रीय खेलों का रिकॉर्ड बनाया

**देहरादून।** उत्तर प्रदेश के भाला फेंक खिलाड़ी सचिन यादव, हरियाणा की 18 साल की ऊंची कूद खिलाड़ी पूजा सिंह और हिमाचल प्रदेश के लंबी दूरी के धावक सावन बेरवाल ने बुधवार को यहां एथलेटिक्स प्रतियोगिता के अंतिम दिन राष्ट्रीय खेलों के नए रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीते। नीरज चोपड़ा और किशोर जेना जैसे स्टार खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी में 25 साल के यादव ने अपने पांचवें और अंतिम प्रयास में भाले को 84.39 मीटर की दूरी तक फेंककर स्वर्ण पदक जीता। यादव ने 2015 में बनाए राजिंदर सिंह के 82.23 मीटर के राष्ट्रीय खेलों के पिछले रिकॉर्ड में सुधार किया। यादव ने अपनी स्पर्धा के बाद कहा, मेरा लक्ष्य विश्व एथलेटिक्स का स्वत: पात्रता स्तर (85.50 मीटर) हासिल करना था लेकिन मैं इसमें चूक गया।

मैं अपने लक्ष्य के करीब हूं और अगली प्रतियोगिता में 85.50 मीटर की दूरी हासिल करने में सक्षम होना चाहिए। यादव का 84.39 मीटर अब चोपड़ा (89.94 मीटर), जेना (87.54 मीटर), शिवपाल सिंह (86.23 मीटर) और देविंदर सिंह कांग (84.57 मीटर) के बाद किसी भारतीय के करियर का पांचवां सर्वश्रेष्ठ थ्रो है। भाला फेंक का रजत और कांस्य भी उत्तर प्रदेश के नाम रहा। रोहित यादव ने 80.47 मीटर के साथ दूसरा जबकि विकास शर्मा ने 79.33 मीटर से तीसरा स्थान हासिल किया। हरियाणा के फतेहाबाद जिले के एक राजमिस्त्री की बेटी पूजा ने 1.84 मीटर के प्रयास से 2023 सत्र में जीते महिलाओं की ऊंची कूद के स्वर्ण पदक को बरकरार रखा। उन्होंने 2022 में पश्चिम बंगाल की स्वप्ना बर्मन के 1.83 मीटर के राष्ट्रीय खेलों के पिछले रिकॉर्ड में सुधार किया।

पूजा का निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 1.85 मीटर है जो राष्ट्रीय अंडर-20 रिकॉर्ड भी है। तमिलनाडु की गोबिका के (1.79 मीटर) ने रजत जबकि कर्नाटक की अभिन्या शेट्टी (1.77ण) ने कांस्य पदक जीता। बेरवाल ने 13 मिनट 45.93 सेकेंड के साथ पुरुष 5000 मीटर दौड़ का स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने सेना के जी लक्ष्मणन के 2015 में बनाए 13 मिनट 50.05 सेकेंड के राष्ट्रीय खेलों के पिछड़ने रिकॉर्ड को बेहतर किया। यह बेरवाल का मौजूदा खेलों में दूसरा स्वर्ण और दूसरा राष्ट्रीय खेलों का रिकॉर्ड है। उन्होंने शनिवार को पुरुष 10 हजार मीटर स्पर्धा भी 28 मिनट 49.93 सेकेंड के राष्ट्रीय खेलो के रिकॉर्ड समय के साथ जीती थी।

हरियाणा के गगन सिंह ने 14 मिनट 00.04 सेकेंड के साथ रजत पदक जीता जबकि मध्य प्रदेश के सुनील डावर ने 14 मिनट 01.33 सेकेंड के समय से कांस्य पदक हासिल किया।

महिला 400 मीटर बाधा दौड़ में तमिलनाडु की विथ्या रामराज ने 58.11 सेकेंड के समय के साथ राष्ट्रीय खेलों का लगातार तीसरा स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 2022 और 2023 में भी स्वर्ण पदक जीते थे। इस स्पर्धा का 55.42 सेकेंड का राष्ट्रीय रिकॉर्ड संयुक्त रूप से उनके और पीटी उषा के नाम है। पेरिस ओलंपिक में भारत की चार गुणा 400 मीटर रिले टीम का हिस्सा रहीं रामराज राष्ट्रीय खेलों में लगातार तीसरा स्वर्ण पदक जीतकर महिला 100 मीटर बाधा दौड़ की खिलाड़ी ज्योति याराजी और पुरुष 110 बाधा दौड़ के खिलाड़ी तेज शिरसे की सूची में शामिल हो गईं। पुरुष 400 मीटर बाधा दौड़ का स्वर्ण गुजरात के रुचित मोरी ने 50.97 सेकेंड के समय से जीता जबकि महिला गोला फेंक में पंजाब की जैस्मिन कौर ने 15.97 मीटर के प्रयास से शीर्ष स्थान हासिल किया।

## मिचेल स्टार्क नहीं खेलेंगे , चैम्पियंस ट्राफी में आस्ट्रेलिया की कप्तानी स्मिथ को

**सिडनी।** स्टीव स्मिथ की कप्तानी वाली आस्ट्रेलियाई टीम चैम्पियंस ट्रॉफी में अपने प्रमुख तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क के बिना उतरेगी जिन्होंने निजी कारणों से टूर्नामेंट से नाम वापिस ले लिया है। वनडे विश्व कप विजेता आस्ट्रेलिया को 15 सदस्ईय टीम में कई बदलाव करने पड़े चूंकि कप्तान पैट कमिंस, तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड और हरफनमौला मिचेल मार्श चोटिल हैं जबकि मार्कस स्टोइनिस ने अचानक संन्यास ले लिया। आस्ट्रेलियाई चयन समिति के प्रमुख जॉर्ज बेली ने कहा , हम मिच के फैसले का सम्मान करते हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को लेकर उसकी प्रतिबद्धता को लेकर उसका काफी सम्मान है। गॉल में पिछले सप्ताह टेस्ट मैच के आखिरी चरण में स्टार्क के बाएं टखने में तकलीफ थी। वह श्रीलंका के खिलाफ बुधवार से शुरू हो रही वनडे शृंखला भी नहीं खेल सकेंगे।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा द इंडियन एक्सप्रेस प्रा.लि. सी-26 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ (फोन: 0522-4036600) से प्रकाशित। प्रधान सम्पादक: शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।